राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार , 22 मई 2026
वर्ष 07,अंक 226, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा पुल एप्रोच, ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन ..02

बिजली कटौती के साथ सूर्यदेव के प्रचंड ताप से झुलसते कानपुर में धधकी गत्ता फैक्ट्री...11


# बंगाल में जारी रहेगी बकरीद पर पशु वध पर रोक, कलकत्ता हाई कोर्ट

- कलकत्ता हाई कोर्ट ने सरकार का आदेश रखा बरकरार
- कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पशु वध पर सरकारी रोक को बरकरार रखा है, जिससे ईद से पहले कुर्बानी को लेकर विवाद गहरा गया है
- कोर्ट ने 1950 के कानून का हवाला देते हुए धार्मिक छूट की मांग ठुकरा दिया. हालांकि, राज्य सरकार को 27/28 मई को ईद के लिए छूट पर 24 घंटे के भीतर विचार करने का निर्देश दिया गया है



कोलकाता हाई कोर्ट ने ईद से पहले पशुओं की हत्या पर पश्चिम बंगाल सरकार की ओर लगाई गई रोक को बरकरार रखा है और इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है. कोर्ट ने 1950 के पशु हत्या कानून के तहत धार्मिक आधार पर छूट देने और भैंस, बैल आदि की हत्या की इजाजत देने की मांग को अस्वीकार कर दिया है. हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह 27/28 मई को ईद के अवसर पर क्या किसी छूट की आवश्यकता होगी, इस पर 24 घंटे के भीतर विचार करें।

पश्चिम बंगाल सरकार के इस आदेश से ईद-उल-अजहा (बकरीद) के लिए मवेशियों की कुर्बानी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. इस आदेश के खिलाफ ञस्ष्ट सांसद महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं ने याचिका दाखिल की थी. उनका तर्क है कि ये नई पाबंदियां धार्मिक रीति-रिवाजों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगी।

राज्य सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ 14 साल से ज़्यादा उम्र के जानवर या जो हमेशा के लिए विकलांग हो चुके हैं, उन्हें ही कुर्बानी के लिए फिट माना जाएगा. वहीं इस्लामी रीति रिवाजों के मुताबिक विकलांग जानवर की कुर्बानी नहीं दी जा सकती है. इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच ने की. ञस्ष्ट विधायक अखरुज़्ज़मान इस मामले को कोर्ट में लाए थे. सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा भी मौजूद रहीं।

### पश्चिम बंगाल सरकार के नोटिस में क्या निर्देश दिए गए?

सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक कुर्बानी की इजाजत देने से पहले जानवर की उम्र और शारीरिक हालत की पुष्टि के लिए उसका वेटनरी चेकअप करवाना ज़रूरी है. नए नियम के तहत, सांड, बैल, गाय, बछड़े और भैंस की कुर्बानी से पहले फिटनेस सर्टिफिकेट लेना जरूरी है. नोटिफिकेशन के मुताबिक सिर्फ वही जानवर, जिनकी उम्र 14 साल से ज़्यादा हो, या जो चोट, शारीरिक बनावट में कमी, बुढ़ापे या किसी लाइलाज बीमारी की वजह से हमेशा के लिए विकलांग हो चुके हों, उनको ही कुर्बान किया जा सकता है. ऐसे जानवरों की कुर्बानी के लिए भी अधिकारियों से सर्टिफिकेट लेना जरूरी होगा।

### याचिकाकर्ताओं ने क्या कहा?

महुआ मोइत्रा की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील शदान फरासात ने कोर्ट को बताया कि वह सिर्फ कुछ समय के लिए राहत की मांग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि 1950 का यह कानून धार्मिक कुर्बानी के खिलाफ बनाया गया है. उन्होंने बताया कि कानून की धारा 4 में कहा गया है कि सिर्फ 14 साल से ज़्यादा उम्र के जानवरों की ही कुर्बानी दी जा सकती है. उन्होंने आगे समझाया कि बकरीद के लिए, कुर्बानी के लिए एक सेहतमंद जानवर की ज़रूरत होती है, न कि किसी बूढ़े या घायल जानवर की।

### तो क्या मिली राहत?

कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को कोई तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु वध अधिनियम 1950 एक 76 साल पुराना कानून पुराना कानून है. जब तक इसे असंवैधानिक घोषित न किया जाए, इसकी वैधता बनी रहती है. इसलिए अभी कोई अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह यह जांचे कि कुर्बानी के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, यानी बंद जगहें और सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था, मौजूद है या नहीं।

### पंचायत इलाकों में कानून लागू नहीं?

याचिकाकर्ता के वकील शमीम अहमद ने कोर्ट में दावा किया कि यह कानून पंचायत इलाकों में ठीक से लागू ही नहीं हुआ यानी गांव-देहात में दशकों से यह कानून नजरअंदाज होता रहा है।

# फसल नुकसान का आकलन होने के बावजूद राहत न देना किसानों के आजीविका के अधिकार का उल्लंघन: पटना हाईकोर्ट

- पटना हाईकोर्ट ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद होने वाले किसानों को केवल प्रक्रियात्मक कारणों के आधार पर मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता।
- अदालत ने टिप्पणी की कि देश का पेट भरने वाले किसान को संकट के समय अपने हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता।
- चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू और जस्टिस हरीश कुमार की खंडपीठ फसल क्षति से जुड़े मुआवजे के मामले पर सुनवाई कर रही थी।



**ब्यूरो प्रयागराज।** पटना हाईकोर्ट ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद होने वाले किसानों को केवल प्रक्रियात्मक कारणों के आधार पर मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने टिप्पणी की कि देश का पेट भरने वाले किसान को संकट के समय अपने हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता। फसल नुकसान का आकलन होने के बावजूद राहत न देना किसानों के आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है।

चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू और जस्टिस हरीश कुमार की खंडपीठ फसल क्षति से जुड़े मुआवजे के मामले पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान बिहार कृषि विभाग के निदेशक, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी और साहेबगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष उपस्थित हुए।

दालत को बताया गया कि मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी ने पहले फसल नुकसान का आकलन कर अंतरिम मुआवजे की रिपोर्ट सौंपी थी लेकिन कृषि विभाग ने यह कहते हुए आगे कार्रवाई नहीं की कि रबी सीजन शुरू हो चुका है।

कृषि विभाग के निदेशक ने अदालत को बताया कि मुआवजा वितरण की प्रक्रिया प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से संचालित की गई थी। योजना के तहत आवेदन पोर्टल 2 दिसंबर 2025 तक खुला था और तय समय सीमा में आवेदन करने वाले पात्र किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है।अदालत के समक्ष बताया गया कि अब तक कुल 1 लाख 11 हजार 861 किसानों को फसल नुकसान के लिए 33 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई।

हाईकोर्ट ने यह भी नोट किया कि कृषि विभाग ने अब तीन सदस्यीय समिति गठित की, जो प्रभावित पंचायतों में जाकर उन किसानों की पहचान करेगी जिनके दावे अब तक लंबित या अनदेखे रह गए। समिति को मौके पर जांच कर फसल नुकसान का आकलन करने और 15 दिनों के भीतर समेकित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।

अदालत ने कहा कि यदि जांच में ऐसे किसान पात्र पाए जाते हैं, जिन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रशासन को निर्देश दिया गया कि व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर प्रभावित किसानों को समिति के समक्ष उपस्थित होने की जानकारी दी जाए।

पटना हाईकोर्ट ने कहा, 'यह कहना आवश्यक है कि पूरे देश का पेट भरने वाले किसान को तब अपने हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता, जब प्राकृतिक आपदा उसकी फसल को तबाह कर दे। 'अदालत ने आगे कहा कि फसल नुकसान का आकलन होने के बावजूद राहत न देना किसानों के आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोई भी वास्तविक और पात्र किसान केवल प्रक्रियात्मक अड़चनों के कारण मुआवजे से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डीएम ने निर्माणाधीन उप निबन्धक कार्यालय बांसी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निर्माणाधीन उपनिबन्धक कार्यालय, बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निर्माणाधीन भवन को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये। इसके साथ ही थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपमहानिरीक्षक निबन्धक बस्ती मण्डल, बस्ती शशि भानु मिश्र, सहायक महानिरीक्षक निबन्धक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, उप निबन्धक बांसी राकेश राम व अन्य संबधित उपस्थित रहे।

### आगरा में पारा 46 डिग्री पार, डीएम ने दिए भीषण गर्मी में जिले के सभी बोर्ड के स्कूलों में छुट्टी करने के आदेश

**आगरा।** जिले में बढ़ते तापमान और मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी हीट वेव एवं अत्यधिक गर्मी की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन, परिषदीय व सभी बोर्ड (सीबीएसई, सीआईएससीई, यूपी बोर्ड, मदरसा बोर्ड आदि) से मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा एक से 12 तक के लिए एक सप्ताह का अवकाश घोषित किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्र शेखर और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड के आदेशानुसार 21 मई से आगामी एक सप्ताह तक कक्षाओं का संचालन पूर्ण रूप से स्थगित रहेगा। डीएम ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जारी आदेश में सभी स्कूलों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि किसी भी स्कूल में आदेश के बावजूद कक्षाएं संचालित पाई जाती हैं तो संबंधित संस्थान के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं विद्यालय प्रशासन की होगी।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर डीएम सख्त, एई का वेतन रोका

» कई परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी ने गुरुवार को विकास खण्ड परसरामपुर क्षेत्र के विभिन्न निर्माणाधीन और संचालित परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले विकास खण्ड परसरामपुर पहुंचकर ब्लॉक परिसर, शिकायत पटल, एकाउंट कक्ष, आवासीय परिसर और पत्रावलियों का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने धरमपुर स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हाइड्रोलिक लैब, वर्कशॉप, क्लासरूम, सड़क निर्माण, शौचालय, किचन और आवासीय भवनों का जायजा लिया गया। मौके पर केवल 10 श्रमिक कार्य करते पाए गए, जिससे निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एई अरविन्द कुशवाहा का वेतन बाधित करने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। धरमपुर के निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में जिलाधिकारी ने परियोजना की ड्राइंग और कार्य प्रगति का अवलोकन किया। कार्यदायी संस्था ने जानकारी दी कि परियोजना को मई 2027 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्टेडियम निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराया जाए ताकि समय से समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ग्राम पंचायत नारायणपुर स्थित वृहद गोसंरक्षण केन्द्र भी पहुंचीं। यहां उन्होंने पशुचिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव से गौशाला के मानकों, पानी, भूसा गोदाम, विद्युत व्यवस्था और हरे चारे की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं की बाउंड्रीवाल का कार्य शीघ्र पूरा



कर हैंडओवर करने तथा उपयुक्त भूमि चिन्हित कर नैपियर घास की बुआई की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। हर्रैया स्थित पौधशाला में जिलाधिकारी ने जामुन, आम, नींबू, सागवान, सेमर और अन्य छायादार व फलदार पौधों का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएफओ डॉ. शिरीन सिद्दीकी को निर्देशित किया कि गौशालाओं की सूची उपलब्ध कराकर वहां आवश्यकतानुसार पौधरोपण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएफओ डॉ. शिरीन सिद्दीकी, पशुचिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार सिंह, एई अरविन्द कुशवाहा, एक्सईएन आरईडी अंकुर वर्मा, सुपरवाइजर प्रदीप सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर हेल्प डेस्क कोइरौना ने लौटाए 13 हजार रुपये



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना कोइरौना ने साइबर फ्रॉड के शिकार युवक के खाते से कटे 13 हजार रुपये वापस कराए। ग्राम जुड़उपुर निवासी विशाल कुमार सरोज ने साइबर ठगी की शिकायत थाना कोइरौना में की थी। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर हेल्प डेस्क ने संबंधित माध्यमों से समन्वय स्थापित कर पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। खाते में रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने भदोही पुलिस और साइबर हेल्प डेस्क का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहने और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करने की अपील की।

# कप्तानगंज में अभी भी बचे रह गए भ्रष्टाचार के गुरुघंटाल, चेले को ले गयी एंटीकरप्सन

» एडीओ पंचायत व सीडीपीओ कार्यालय की भूमिका सवालों के घेरे मेंसफाई कर्मचारी की गिरतारी, बीडीओ की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

» खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी जल्द धमकेगी एंटीकरप्सन टीमखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात श्रीवास्तव भी नगर बाजार में बैठकर करते हैं कप्तानगंज व बहादुरपुर लाकों की वसूली

**बस्ती।** एक ओर सरकार जहाँ जीरो टालरेंस का ढिंढोरा पीट रही है तो वहीं कप्तानगंज ब्लाक भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों का अड्डा बना हुआ है जिसकी पुष्टि एंटीकरप्सन टीम ने 25000 रुपया घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरप्तारी करके किया। कप्तानगंज विकास खंड मुख्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियाँ बन रही हैं परन्तु जिम्मेदार मनमानी से बाज नहीं आ रहे और भ्रष्टाचार का सिलसिला जारी है । मामला चाहे बीडीओ के परसेंटेज वाली वसूली से जुड़ा हो या फिर चाहे एडीओ पंचायत के सफाई कर्मचारियों के समायोजन/तैनाती में धनउगाही से हो जुड़ा हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। विकास खण्ड परिसर में स्थापित सभी कार्यालय यथा वनक्षेत्राधिकारी व बाल विकास परियोजना कार्यालय सभी में धनउगाही की गति समान ही



है। इसी प्रकार बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़ा कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी जिसके मुखिया प्रभात कुमार श्रीवास्तव हैं वहाँ तो और ही भ्रष्टाचार है क्योंकि वहाँ के मुखिया प्रभात के पास कप्तानगंज व बहादुरपुर दो ब्लाकों का चार्ज है और नगर बाजार में बैठकर दोनों ब्लाकों की वसूली एक ही जगह से की जाती है । सूत्रों की माने तो कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज का जल्द ही एंटीकरप्सन टीम बृहद आपरेशन करने वाली है क्योंकि तमाम संदिग्ध गतिविधियाँ खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात द्वारा संचालित हैं जो कार्यवाही का आधार बनेंगी। आइए एक नजर सफाई कर्मचारी की गिरफ्तारी पर डालें जो कि आंगनबाडी में नियुक्ति से संबंधित है मतलब साफ है कि आंगनवाड़ी की भर्ती भी भ्रष्टाचार का शिकार है जिम्मेदार भले ही अपने आप को दूध का धुला बताएं क्योंकि साक्ष्य सबके सामने है। देखना यह है कि इस कार्यवाही सें बीडीओ अपने कार्यप्रणाली में सुधार लायेंगे या अगला विकेट गिरने का इंतजार करेंगे।

# सीएमओ कार्यालय का वरिष्ठ सहायक पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** बलरामपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन टीम) देवीपाटन मण्डल गोण्डा की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता शिवचरनलाल निवासी धुसाह थाना कोतवाली देहात, जो वर्तमान में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय बलरामपुर में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं, ने एंटी करप्शन संगठन से शिकायत की थी। आरोप था कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) की जांच कर प्रतिहस्ताक्षरित कराने के एवज में सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ सहायक मोहनलाल जायसवाल द्वारा 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोण्डा इकाई के प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। टीम ने गुरुवार दोपहर करीब 12:40 बजे जाल बिछाकर आरोपी को




मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट के सामने सड़क पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मोहनलाल जायसवाल पुत्र स्वर्गीय रामप्यारे जायसवाल मूल रूप से ग्राम फुलवरिया, थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर का निवासी बताया गया है। वह वर्तमान में बलरामपुर सीएमओ कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात है। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी, कर्मचारी या संविदाकर्मी रिश्वत की मांग करता है तो तत्काल शिकायत करें।

# मय माता स्थान के बगल पोखरा का कई बार हो चुका है भुगतान उसी पोखरा का पुनः जारी है मस्टर रोल

- रोजगार सेवक किरन की आईडी से लग रही मनरेगा मजदूरों की बेधड़क लग रही फर्जी हाजिरीसमय माता स्थान के बगल पोखरा खुदाई व सफाई कार्य के नाम पहले भी हो चुका है कई बार भुगतान
- समय माता स्थान के बगल पोखरा खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर बार - बार मस्टर रोल जारी होने पर सचिव, टीए व मनरेगा एपीओ की भूमिका संदिग्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले के विकास खण्ड सल्टौवा गोपालपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोयलसा में मनरेगा एक्ट की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वर्तमान समय में दो पोखरा (तालाब ) खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर फर्जी मस्टर रोल जारी है और दोनों फर्जी मस्टर रोल पर रोजगार सेवक किरन बेधड़क मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने में मस्त हैं और मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर ग्राम प्रधान सावित्री देवी से वाह-वाही लूट रही है ।

सूत्रों की माने तो समय माता स्थान के बगल पोखरा खुदाई व सफाई का कार्य लगभग 06 महीने से चल रहा है और कई बार उक्त प्रोजक्ट के नाम पर भुगतान भी हो चुका है लेकिन कई बार समय माता स्थान के बगल पोखरा खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर भुगतान होने के बाद भी बार - बार फर्जी मस्टर रोल जारी होने पर रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक एवं मनरेगा एपीओ की भूमिका अहम है।

मीडिया टीम ने पूर्व में ग्राम पंचायत कोयलसा में चल रहे मनरेगा कार्यों का धरातलीय पड़ताल किया था तब ग्राम प्रधान सावित्री देवी , रोजगार सेवक किरन और सचिव शिव शंकर यादव व तकनीकी सहायक एवं मनरेगा एपीओ के लूट खसोट की पोल खुली थी लेकिन खण्ड




विकास अधिकारी सल्टौवा गोपालपुर अनिल कुमार यादव ने ग्राम पंचायत कोइलसा में चल रहे फर्जीवाड़ा मामले का संज्ञान नही लिया था जिसके कारण फर्जी भुगतान कराने में ग्राम प्रधान सावित्री देवी व सचिव शिव शंकर यादव ने बाजी मारी थी। फर्जी भुगतान कराने में सफल होने पर पुनः फर्जी मस्टर रोल के सहारे ग्राम प्रधान सावित्री देवी व सचिव शिव शंकर यादव सरकारी खजाने को लूटने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

ग्राम पंचायत कोयलसा में बड़े पैमाने पर चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है और ग्राम प्रधान सावित्री देवी व सचिव शिव शंकर यादव के खिलाफ शिकायत करने की तैयारी बना रहे हैं। ग्रामीणों ने बातचीत में बताया कि पंचायत चुनाव नजदीक है जिसके कारण ग्राम प्रधान व सचिव ने सरकारी खजाने को लूटने के उद्देश्य से धड़ल्ले से मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में मस्त हैं। अब देखना यह है कि बीडीओ अनिल कुमार यादव ग्राम पंचायत कोयलसा के भ्रष्टाचार को रोक पाते हैं या नही। अथवा लेनदेन करके मामले को रफा-दफा कर देगें।

# संक्षिप्त खबरें

## सहरिया जनजाति को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**» डीएम ने जनजाति ग्रामों में कैम्प लगाकर जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड बनवाए जाने के दिए निर्देश**

**» सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को मिला 11वां स्थान**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। समीक्षा में सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑलओवर 11 वीं रैंक प्राप्त हुई, जिसमें विकास कार्यों में 8 और राजस्व में 26 वीं रैंक शामिल है। जिलाधिकारी ने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों को सराहा तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सहरिया जनजाति के लोग दस्तावेज न होने की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों, मजरों को चिन्हित कर वहां कैंप लगाकर शत प्रतिशत लोगों के जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड बनवाए जाएं और प्रतिदिन बनाए गए दस्तावेजों की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने फैमिली आईडी की कम प्रगति पर सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी बनवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, निराश्रित महिला पेंशन, सेतु निर्माण, श्रम एवं सेवायोजन, पारिवारिक लाभ योजना एवं सहकारिता विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डीडीओ अतिरंजन सिंह, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, डीआईओ सहित लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने ठगी के शिकार हुए युवक को वापस दिलाई धनराशि




**चुनार, मीरजापुर।** आनलाइन जगलेटर खरीदने के नाम पर एक युवक ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने नगर क्षेत्र के भरपूर मुहल्ला निवासी भोलानाथ मौर्या पुत्र स्व शिवनाथ के खाते से एक अनजान लिंक के जरिए 05 लाख रुपए निकाल लिए। जिसका शिकायत मिलने के बाद साईबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 289950 रुपए होल्ड करा दिया गया। भुक्तभोगी भोलानाथ मौर्या को एक व्यक्ति जगरेटर दिलाने का झांसा दिया ठग ने उन्हें एक लिंक भेजा जिसपर क्लिक करते ही उनके खाते से पैसे निकाल लिया गया। ठगी का एहसास होने पर तत्काल थाना कोतवाली में शिकायत एनसीआर पोर्टल पर दर्ज किया गया। जिसके बाद साईबर सेल टीम ने तुरंत जांच शुरू की टीम ने बैंक और सम्बंधित मर्चेंट स्थापित किया।इस कारवाई पर होल्ड की गई धनराशि 289950 रूपए पीड़ित के खाते में वापस आ गये। खाते में पैसा वापस आने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक एवं कोतवाल विजय शंकर सिंह और साईबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। कोतवाल ने इस दौरान भोलानाथ मौर्या को धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। साथ ही आमजनता को अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी।इस कार्रवाई में साइबर सेल टीम से अरमान अली सहित अन्य पुलिस कर्मी रहें।

## आगरा में लैपटॉप ठगी गिरोह का भंडाफोड़, महिला समेत चार गिरफ्तार, 38 लैपटॉप बरामद

**आगरा।** थाना हरीपर्वत पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने लैपटॉप खरीद के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए महिला समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से ठगी के 38 लैपटॉप और 74 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 16 मई 2026 को एमजी रोड स्थित एम्पायर कंप्यूटर सर्विसेज के संचालक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नोएडा की एक महिला ने अपनी कंपनी का नाम अमाडेस आईटी ग्रुप्स बताकर 25 लैपटॉप खरीदने का ऑर्डर दिया था। महिला और उसके साथियों को लैपटॉप दे दिए गए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। बाद में महिला ने फोन उठाना बंद कर दिया। मामले में थाना हरीपर्वत में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार आरोपितों को ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में पवन कुमार गुर्जर, मयंक चौहान, आशीष बत्रा और एक महिला शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 38 लैपटॉप विभिन्न कंपनियों के बरामद किए हैं।

# दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा पुल एप्रोच, ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललिया/बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग की सड़क हरिहरगंज-ललिया बनकटवा मार्ग से जुड़ी ललिया-भवनियापुर लिंक मार्ग पर स्थित भवनियापुर गांव के निकट पुल का एप्रोच तथा पूर्वी छोर की सुरक्षा दीवार दो वर्ष पूर्व आई बाढ़ में कटकर नाले में समाहित हो गई थी। लंबे समय बीत जाने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू न होने से क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के विरोध में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया तथा जिलाधिकारी को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पत्र भेजकर शीघ्र समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीण राम किशोर, नीरज तिवारी, मनीष कुमार, दिलीप कुमार, संजय आर्या, नितीश तिवारी, सतीश, शुभम, रणधीर तिवारी, कल्लू, सुभाष, बाबूराम, रामजीत यादव, सूरत, विमल, नीरज, बिकाऊ लाल, कमलेश कुमार, पंकज कुमार, तिलकराम समेत अन्य लोगों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व आई बाढ़ में पुल का एप्रोच और पूर्वी हिस्से की दीवार क्षतिग्रस्त होकर नाले में गिर गई है।इसके बाद कई बार विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।ग्रामीणों का कहना है कि पुल का संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। हालत यह है कि स्कूली वैन, एम्बुलेंस और अन्य जरूरी वाहन भी जोखिम उठाकर गुजरने को मजबूर हैं। पुल के पास गहरे गड्ढे और कटान होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब तक दर्जनभर से अधिक लोग चोटिल हो चुके हैं जबकि बाइक सवार सबसे अधिक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग ललिया, भवनियापुर, इटैहिया, पहरूय्या, बनघुसरी, कुदुरगोढ़वा, चनियाकोट, अकबरपुर, कुकुरभुकवा, शेखापुर, किला, भुसैलिया और मथुरा बाजार समेत लगभग 80 गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। कहा कि यदि बरसात से पहले पुल एप्रोच और दीवार की मरम्मत नहीं कराई गई तो तेज बहाव में पूरा पुल ढहने का खतरा बना हुआ है जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ललिया से भवनियापुर तक कई स्थानों पर पीडब्लूडी की सड़क क्षतिग्रस्त है लेकिन लोक निर्माण विभाग लगातार अनदेखी कर रहा है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो ग्रामीण चक्का जाम कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस संबंध में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कुमार शैलेन्द्र ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल एप्रोच की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द ही समस्या समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

# जिले मेंरूधौली मे अघोषित विद्युत कटौती को लेकर फूटा गुस्सा, धरना देकर जताया विरोध

**● रात में अधिकारियों को विद्युत उपकेंद्र पर अपना विश्राम बनाना चाहिए जिस रात में कटौती कम होरूधौली मे अघोषित विद्युत कटौती कोलेकर फूटा गुस्सा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में विद्युत की भारी कटौती से आम जनमानस परेशान है ग्रामीण क्षेत्रों में 6 से 8 घंटा विद्युत सप्लाई होती है होस्टिंग का काम दिन में किया जाए जिससे आम जनमानस को भीषण गर्मी है विद्युत कटौती न हो ताजा मामला रुधौली विद्युत उपकेंद्र पर अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। लगातार दो-तीन दिनों से हो रही कटौती और घंटों बिजली गुल रहने से नाराज सैकड़ों लोग उपकेंद्र पहुंच गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में शामिल लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए 'जेई-एसडीओ की मनमानी नहीं चलेगी' के नारे लगाए।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि भीषण गर्मी में लगातार रोस्टिंग की जा रही है, लेकिन विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। धरना प्रदर्शन के दौरान लोगों की नाराजगी उस समय और बढ़ गई जब नारेबाजी के बीच एसडीओ विद्युत मौके से गायब हो गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बढ़ती भीड़ और विरोध को देखते हुए अधिकारी उपकेंद्र छोड़कर चले गए। वहीं लोग लगातार उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने तीन मुख्य मांगें रखींजेई और जिम्मेदार अधिकारियों का रात्रि निवास सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों द्वारा फोन उठाना अनिवार्य किया जाए। अघोषित बिजली कटौती और लगातार रोस्टिंग का कारण स्पष्ट किया जाए। धरने में शामिल लोगों का कहना था कि रातभर बिजली कटौती के चलते आम जनता परेशान रहती है, लेकिन अधिकारी एसी कमरों में बैठकर जनता की पीड़ा नहीं समझ पा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने आवाज उठाई तो उन्हें जेल भिजवाने और 'फिंकवा देने' जैसी बातें कही गई, जिससे लोगों में और आक्रोश फैल गया।

धरना प्रदर्शन में राजकुमार सोनी, दिनेश, विनोद, आदित्य विजय तिवारी, सुजीत सोनी, पंकज सिंह समेत सैकड़ों उपभोक्ता मौजूद रहे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और बड़ा किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के एसडीओ ने सफाई देते हुए कहा कि कुशल लाइनमैनों की कमी के चलते विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभद्र भाषा और नारेबाजी के माहौल में कोई भी अधिकारी मौके पर आने में असहज महसूस करेगा। पूरा मामला बस्ती जनपद के रुधौली विद्युत उपकेंद्र का बताया जा रहा है, जहां बिजली संकट अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में कलवारी थाना क्षेत्र के कुसमरा फीडर दुबौलिया क्षेत्र के फीडर सप्लाई देने में समर्थन हो रहे हैं विक्रमजोत बभनान की कटौती भरी हो रही है रोस्टिंग के नाम भीषण गर्मी में जनता को रात में जागना पड़ रहा है विभाग के अधिकारियों का समय से फोन नहीं उठता जिससे आम जनमानस परेशान है।

# परस्पर सहयोग से हुआ गरीब कीबेटी का विवाह, सैकड़ों लोगों ने दिया आशीर्वाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती शहर ने 19 मई मंगलवार की रात्रि में परस्पर सहयोग का अनूठा उदाहरण देखा जहां उर्मिला फाउन्डेशन के संस्थापक भारतीय जनता पार्टी नेता आलोक पाण्डेय की पहल पर एक बेटी का विवाह धूमधाह से बडे बन स्थित शारदा मैरेज हाल में सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में लोगां ने सहयोग किया। पतेलवा निवासिनी मां कमलावती गरीबी की मार से परेशान थी। पति का पहले ही निधन हो गया था। उसे यह भय सता रहा था कि उसकी बेटी सुमन के हाथ कैसे पीले होंगे। जब इसकी जानकारी उर्मिला फाउन्डेशन के संस्थापक आलोक पाण्डेय को हुई तो वे सुमन के भाई के रूप में सामने आये और विवाह की सारी रश्मे निभायी। मां कमलावती की आंखों को भरोसा नहीं हो रहा था कि उसकी बेटी सुमन का विवाह इतनी भव्यता से हो रहा है। सुमन की आंखों में भरोसा और खुशी के आंसू थे। बुधवार को उसकी विदाई हुई तो लोगों ने कई उपहार सौपे। दुबौलिया विकास खण्ड क्षेत्र के बरसाव निवासी रामकुमार के साथ धूम धाम के से सम्पन्न हुई।



बैण्ड बाजा, डीजे के बीच द्वारचार से लेकर विवाह तक शहर के अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे और वर-बधू को आशीर्वाद दिया। सुमन के विवाह में मुख्य रूप से नवीन श्रीवास्तव, महफूज, बब्लू तिवारी, ईश्वरा मिश्रा, संदीप तिवारी, गिरजेश श्रीवास्तव, शनिदेव मणि त्रिपाठी, उपेन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, विकास चौधरी, कृष्ण कुमार उर्फ सोनू पाण्डेय, मुरली पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, विजय मिश्र, अशोक वर्मा, राजकुमार गौड़, पिंकू पाण्डेय, प्रियांशु तिवारी, अनुराग शुक्ल, सौरभ पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, दीप पाण्डेय, अवधेश उपाध्याय, सूर्या उपाध्याय, सिद्धार्थ पाण्डेय, माता प्रसाद निषाद, शशांक पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, शौर्य प्रताप सिंह, आनन्द शुक्ल, रोहित दूबे, महेन्द्र गुप्ता, विजय मिश्रा, दिव्यांशु दूबे आदि साक्षी बने और सहयोग किया।

# अमेठी में राहुल गांधी को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन

**» राहुल गांधी वापस जाओ, राहुल गांधी हाय-हाय, राहुल गांधी अपने पीए का हिसाब दो, जैसे नारों से गूंज उठी अमेठी**

**» अमेठी में राहुल गांधी के दौरे से गरमाई सियासत, भाजपाइयों ने किया जोरदार प्रदर्शन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** रायबरेली से सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेठी दौरे से जिले का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गौरीगंज स्थित सब्जी मंडी तिराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस और अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से जवाब मांगते हुए सांसद के दो वर्षों के कार्यकाल का हिसाब भी जनता के सामने रखने की मांग की। साथ-साथ किशोरी लाल शर्मा के दो वर्षों के विकास कार्यों को भी जनता के सामने रखने की मांग की।प्रदर्शन का नेतृत्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला तथा जिला महामंत्री विशुभ मिश्रा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए। 'राहुल गांधी वापस जाओ', 'राहुल गांधी जवाब दो, अपने पीए का हिसाब दो', 'अमेठी की जनता बेहाल है, किशोरी लाल मालामाल है' और 'किशोरी लाल दो साल का हिसाब दो' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अमेठी की जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे अब तक धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं और क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कांग्रेस के नेता केवल राजनीतिक दिखावा करने में लगे हैं।भाजपा नेताओं ने कहा कि अमेठी की जनता अब जागरूक हो चुकी है और केवल चुनावी दौरों से भ्रमित होने वाली नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी के दौरे को 'राजनीतिक औपचारिकता' बताते हुए कहा कि जनता अब काम का हिसाब मांग रही है। राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे से पहले हुए इस प्रदर्शन ने जिले की राजनीति को






एक बार फिर गर्मा दिया है। आने वाले दिनों में अमेठी में राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उनकी हताशा निराशा और देश में लगातार कांग्रेस के गिरते जनाधार की बौखलाहट बताया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी बौखलाहट में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए आपत्तिजनक अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# किराने की दुकान के संचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अन्दर मिला शव

**» जांच पड़ताल में जुटी हरैया पुलिस**

**» शव मिलने की सूचना पर पहुंची हरैया सीओ स्वर्णिमा सिंह शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हरैया पुलिस**



**बस्ती।** बस्तीजले के हरैया थानाकत्र के संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। महराजगंज दुबौलिया मार्ग पर स्थित कंपोजिट शराब की दुकान के सामने किराने की दुकान युवक चलाता था। दुकान संचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना की सूचना पर पहुंची हरैया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कौन मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। बीते 8 फरवरी 2026 को गोंडा जनपद में हुई थी युवक की शादी हुई थी। बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र के बिहरा रेहरवा गांव के महराजगंज दुबौलिया मार्ग पर कंपोजिट शराब की दुकान के सामने की घटना की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर हरैया सीओ स्वर्णिमा सिंह भी मौजूद है। शव को कब्जे में ले पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है और हरैया पुलिस द्वारा अन्य कार्यवाही जारी है।

# गायत्री नगर चौराहा, मेन मार्केट, महावीरन धाम सहित जगह-जगह भंडारों का हुआ आयोजन

**अमेठी।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के अवसर पर पूरे जनपद में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिरों और भंडारा स्थलों पर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।इसी क्रम में विकासखंड शुकुल बाजार के गायत्री नगर चौराहा पर अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, रमाकांत तिवारी, रवि शंकर तिवारी एवं अन्य भक्तगणों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस दौरान क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुधीर शुक्ला, रामजी तिवारी भुटाली, प्रशांत मिश्रा, अवधेश शुक्ला, अंकुर शुक्ला, कल्लू कोटेदार, विकास तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार मनोज त्रिपाठी, विकास शुक्ला, दीपक पाठक एवं कांग्रेस के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि एजाज अहमद की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

वहीं कस्बा शुकुल बाजार के मेन मार्केट में एसबी इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं पत्रकार मुकेश शुक्ला तथा अखिलेश शुक्ला द्वारा भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार के अधीक्षक डॉ. सुधीर कुमार वर्मा, दारानगर



प्रधान प्रतिनिधि उदय राज यादव, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यहां भी पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और सेवा भाव से प्रसाद वितरण किया गया।

इसी प्रकार पूरे भोजा तिवारी स्थित महावीरन धाम पर कांग्रेसी नेता राजेंद्र मिश्रा द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह द्वारा किया गया। भंडारे में कांग्रेस के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय पासी, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार विकास शुक्ला एवं दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे जनपद में आयोजित इन भंडारों ने सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। आयोजकों ने पूरी व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया। भक्तों ने भी श्रद्धा और उत्साह के साथ इन आयोजनों में भाग लिया।ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना का महत्व होता है, जिसके चलते इस दिन भंडारे का आयोजन कर लोगों की सेवा करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। यही कारण रहा कि पूरे जनपद में जगह-जगह सेवा और भक्ति का यह अनूठा संगम देखने को मिला।

# पीस पार्टी छोड़ AIMIM में शामिल हुए हकीक़ुल्लाह खान 'लाला भाई' गैसड़ी से होंगे मजलिस के उम्मीदवार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पचपेड़वा/बलरामपुर।** महाराष्ट्र से आए पीस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हकीक़ुल्लाह खान उर्फ लाला भाई ने प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के साथ आधिकारिक रूप से एआईएमआईएम (मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) की सदस्यता ग्रहण कर ली। सदस्यता ग्रहण करने के बाद गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुँचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पार्टी द्वारा गैंसड़ी विधानसभा सीट से लाला भाई को मजलिस का प्रत्याशी घोषित किए जाने से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

मीडिया से बातचीत में लाला भाई ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और समाज में अस्थिरता का माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार का पहला दायित्व गरीबों को आवास और युवाओं को रोजगार देना होना चाहिए, लेकिन आज गरीबों के आशियानों पर बुलडोज़र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वकीलों को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। साथ ही सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए छात्रों, शिक्षकों, पत्रकारों और अधिवक्ताओं पर कार्रवाई कराई जा रही है।

लाला भाई ने पेपर लीक और नीट जैसी परीक्षाओं के परिणाम रद्द होने की घटनाओं को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। वहीं बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की समस्या को लेकर भी सरकार को घेरा।

हकीक़ुल्लाह खान ने कहा कि मजलिस का हर कार्यकर्ता देशहित और जनहित के लिए काम करता है तथा आगे भी जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाता रहेगा। उन्होंने




कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और क्षेत्रीय समस्याओं को संगठित रूप से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सिराज शेख, नगर अध्यक्ष नदीम अहमद गजनवी, जिला महासचिव मकसूद खान, जिला सचिव इरशाद खान, शोयब कमर खान, अख्तर हुसैन, फिरोज अहमद, मैराज क्रांतिकारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सिराज अहमद ने दावा किया कि मजलिस वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश की 400 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# बकरीद को लेकर बाजार शुक्ल थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर बाजार शुक्ल में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने की। इस दौरान हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों, व्यापारियों तथा मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं ने भाग लिया और त्योहार को लेकर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। बैठक में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।थानाध्यक्ष ने कहा कि बकरीद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं एवं समाज के जिम्मेदार लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में भाईचारा कायम रखने की बात कही।पीस कमेटी की बैठक के बाद थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ शुकुल बाजार कस्बा, प्रमुख चौराहों एवं आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई।



पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें। पुलिस की सक्रियता से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला। त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक एवं पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल के जवान, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**● मेडल और उपहार पाकर खिले छात्र और छात्राओं के चेहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शुक्ला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी मीडियम एवं इंग्लिश मीडियम के केजी से लेकर कक्षा 11 तक के उन छात्र-छात्राओं को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेडल और उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित राम उंजेरे शुक्ला लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इंटर कॉलेज, महाविद्यालय और इंग्लिश मीडियम विद्यालय संचालित कर वह क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील



करते हुए कहा कि आज के छात्र ही देश का भविष्य हैं।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर मेडल, प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विश्व प्रकाश शुक्ला, सोनू शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य सुशील मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार राजीव ओझा, दिनेश तिवारी और दीपक पाठक सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। समारोह का संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव, हड़कंप



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बछरावां रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास घोसियाना मोहल्ले में बृहस्पतिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। युवक के पास खाली शराब और पानी की बोतलें पड़ी मिलीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक बुधवार शाम से झाड़ियों के पास बैठकर शराब पी रहा था। काफी देर तक वह वहीं दिखाई दिया था। बाद में युवक की पहचान नवरंग सिंह का पुरवा मजरे आलमपुर निवासी संदीप लोधी (22) पुत्र राम बहादुर के रूप में हुई। मृतक के भाई प्रदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संदीप नशे का आदी था। वह जम्मू में एक भट्ठे पर मजदूरी करता था और करीब 15 दिन पहले ही गांव लौटा था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, उपजिलाधिकारी से दुकान हटवाने की मांग




**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदिहा मजरे मऊ निवासी माता फेर ने उपजिलाधिकारी महराजगंज को प्रार्थना पत्र देकर भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। प्रार्थी ने बताया कि ग्राम मऊ परगना सेमरौता स्थित गाटा संख्या 3575/0.1390 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है तथा वह वर्षों से उक्त भूमि पर कब्जा करता चला आ रहा है। आरोप है कि विपक्षी राम सुमिरन व बाबूलाल निवासी देवी भक्त का पुरवा मजरे मऊ ने भूमि पर लोहे की गुमटी रखकर जबरन कब्जा कर लिया है। प्रार्थी का कहना है कि विपक्षी भविष्य में उसी स्थान पर पक्का निर्माण कराने की तैयारी में हैं, जिससे उसकी भूमि को नुकसान पहुंचा सकता है। मामले को लेकर प्रार्थी ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध कब्जा व दुकान हटवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम महराजगंज से शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**लालगंज (रायबरेली)।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद किया। कहा कि उन्होंने देश को आधुनिक सोच और नई तकनीक की दिशा दी। उनके कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। कांग्रेस सोशल मीडिया विंग की प्रदेश सचिव कमल सिंह चौहान ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के जनक थे। देश के विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी के विचार और देशहित में किए गए कार्य आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजनारायण यादव, मन्नू लाल शुक्ला, न्याय पंचायत अध्यक्ष रुखसार अहमद, ग्राम सभा अध्यक्ष हरिश्चंद्र पासवान, राजबाबू, सुशील अग्निहोत्री, दुर्गेश, रामपाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घरेलू कलह का खूनी अंत- पत्नी को बांके से काट डाला, फिर खुद फंदे पर झूला पति

● थानगांव के ईशरौली गांव में चीख-पुकार के बीच खूनी खेल, एक ही आंगन में मिले दो शव, मचा कोहराम

मां के सामने ही बहू पर वार करता रहा कलयुगी बेटा, जब तक गांव वाले दौड़े तब तक थम चुकी थीं सांसें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महमूदाबाद-** सीतापुर जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र के ईशरौली गांव में घरेलू विवाद के चलते एक ऐसा खूनी खेल खेला गया, जिसने सुनने वालों की रूह कंपा दी। मामूली बात से शुरू हुई अनबन इस कदर हिंसक हो उठी कि एक सनकी पति ने अपनी ही जीवनसंगिनी को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद पकड़े जाने के खौफ और आत्मग्लानि में आरोपी पति ने भी कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। एक ही घर से उठी दो लाशों के बाद पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक, ईशरौली गांव निवासी दीपक पुत्र गोबरे का अपनी पत्नी छाया के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि दीपक आपा खो बैठा। उसने घर में रखे धारदार हथियार बांके से छाया पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। कमरे से आ रही छाया की चीख-पुकार और शोर सुनकर दीपक की वृद्ध मां बदहवास होकर अंदर की तरफ दौड़ी। जैसे ही वह कमरे के मुहाने पर पहुंची, उसकी आंखों के सामने पैरों तले जमीन खिसक गई। उसका अपना बेटा अपनी बहू पर बेरहमी से वार कर रहा था। मां ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन दीपक के सिर पर खून सवार था। घबराई मां शोर मचाते हुए ग्रामीणों को बुलाने के लिए बाहर भागी। जब तक मां की गुहार सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर घर के भीतर दाखिल हुए, तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। आंगन में रखी चारपाई पर छाया का लहूलुहान शव पड़ा हुआ था, जिससे दीपक की हैवानियत साफ बयां हो रही थी। वहीं, जब ग्रामीणों ने अंदर वाले कमरे का रुख किया, तो वहां का नजारा देख सबकी आंखें फटी की फटी रह गई। अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने के बाद दीपक ने खुद भी छत के कुंडे से फंदा लटकाकर आत्महत्या कर ली थी। दोहरे संदेहास्पद और हिंसक मौत की सूचना मिलते ही थानगांव थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस ने खून से सने हथियार और अन्य साक्ष्यों को कब्जे में ले लिया है। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, दीपक और छाया के बीच अक्सर छोटी-मोटी बातों को लेकर कहासुनी होती थी, लेकिन यह विवाद इस कदर खूनी रूप अख्तियार कर लेगा, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। पुलिस अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि आखिर उस वक्त ऐसा क्या हुआ था, जिसने दीपक को इतना बड़ा हैवान बना दिया। बहरहाल, इस दोहरी मौत के बाद से ईशरौली गांव के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला है।


## लखनऊ विश्वविद्यालय में अब एग्जाम कॉपियों के मूल्यांकन में होगी स्टेप मार्किंग, लाखों छात्रों को मिलेगा सीधा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार सभी विषयों में 'स्टेप मार्किंग' की व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। इस निर्णय से विश्वविद्यालय के लाखों परीक्षार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नई व्यवस्था के अंतर्गत अब सब्जेक्टिव (विषयपरक/निबंधात्मक) प्रश्नपत्रों के उत्तरों को विभिन्न मुख्य बिंदुओं और चरणों में विभाजित कर जांचा जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी का अंतिम उत्तर किसी कारणवश त्रुटिपूर्ण भी होता है, लेकिन उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और शुरुआती चरण सही हैं, तो उसे प्रत्येक सही चरण के लिए निर्धारित अंक प्रदान किए जाएंगे। इस कदम से किसी भी विद्यार्थी की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। यह निर्णय गुरुवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने द्वितीय परिसर में सभी विषयों के मूल्यांकन प्रभारियों के साथ बैठक में लिया। कुलपति ने कहा, अक्सर यह देखा जाता रहा है कि विश्वविद्यालय स्तर पर उत्तर पुस्तिकाओं की अधिक संख्या होने के कारण मूल्यांकन में एकरूपता की कमी रह जाती है, क्योंकि एक ही प्रश्न पत्र को कई सारे परीक्षक जांचते हैं और सबका नंबर देने का तरीका अलग-अलग होता है जिससे विद्यार्थियों के अंकों में विसंगतियां आने की आशंका बनी रहती थी। इसलिए मूल्यांकन व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। मूल्यांकन में पूर्ण एकरूपता बनाए रखने के लिए पहली बार मुख्य परीक्षक और उप-मुख्य परीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। प्रत्येक विषय में कितने मुख्य परीक्षक और डिप्टी हेड नियुक्त किए जाएंगे, इसका निर्धारण पूरी तरह से उत्तर पुस्तिकाओं की कुल संख्या के आधार पर किया जाएगा। किस विषय अथवा प्रश्नपत्र में कितने मुख्य परीक्षक नियुक्त होंगे, उनके नामों का चयन संबंधित विभागाध्यक्ष करेंगे। मूल्यांकन कार्य शुरू होने से पूर्व सभी मुख्य परीक्षक प्रत्येक प्रश्नपत्र सब्जेक्टिव का एक प्रामाणिक सॉल्यूशन तैयार करेंगे। प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्नों के 'की वर्ड' निर्धारित किए जाएंगे, जिसके आधार पर ही सभी परीक्षक कापियों का मूल्यांकन करेंगे। कॉपियों की सुचारू जांच सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक प्रत्येक जांचे गए बंडल में से अनिवार्य रूप से कुल उत्तर पुस्तिकाओं के न्यूनतम पांच प्रतिशत कापियों की स्वयं रैंडम जांच करेंगे। पूर्व में उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल 25 कॉपियों के बनाए जाते थे, जिन्हें अब बढ़ाकर प्रति बंडल 50 कापी कर दिया गया है। उत्तर पुस्तिकाएं अब परीक्षा केंद्रों से सीधे अधिकृत केंद्रीय एजेंसी को भेजी जाएंगी, जहां से उन्हें बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सीधे मूल्यांकन केंद्र पर मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को आवंटित किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षक के लिए प्रतिदिन न्यूनतम 50 कापियां जांचना अनिवार्य घोषित किया गया है। मूल्यांकन केंद्रों का समय सुबह छह बजे से ही शुरू हो जाएगा।

## मदरसा उस्मानिया जियाउल उलूम में शानदार सम्मान समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-** सीतापुर महमूदाबाद के वार्ड शेरापुर स्थित मदरसा उस्मानिया जियाउल उलूम में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल टॉपर सहित विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पत्रकार अनुज कुमार जैन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आमिर अरफ़ात तथा सोशल मीडिया क्रिएटर एवं अभिनेता डिल्लन वारसी मौजूद रहे। अतिथियों ने मेधावी बच्चों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मदरसा के प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में हाईस्कूल टॉपर निदा, मोहम्मद आमीन, शगुफ्ता, परवीन बानो, अक्सा सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि अनुज कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास का सबसे मजबूत आधार है। बच्चों की मेहनत और शिक्षकों का समर्पण ही उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में तेजनीपुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक कमलेंद्र वर्मा, भगौती प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील वर्मा, मदरसा के प्रधानाचार्य हाफिज गुलाम वारिस, मौलाना उस्मान कासमी, मौलाना रमजान, मोहम्मद ईशहाक, हाफिज इकराम, हाफिज मैनुद्दीन, मास्टर तालिब, मो इसरार, जय प्रकाश वर्मा, प्रदीप वर्मा, शुभम वर्मा, सना खातून, शहाना शेख, गौसिया, शहाना खातून, सबा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वी पुण्य तिथि पर कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बिसवां-** सीतापुर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्य तिथि पर कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने स्वर्गीय गांधी को संचार क्रांति का जनक व आधुनिक भारत का शिल्पकार तथा पंचायती राज के प्रणेता बताया। वही प्रदेश कांग्रेस आर टी आई के महासचिव रजनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार कंप्यूटर क्रांति पंचायती राज व्यवस्था नवोदय विद्यालय व 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे न जाने कितनी व्यवस्थाएं उन्होंने देश की जनता को दिया ।जो आज की जनता इसका लाभ उठा रही है। साथ ही देश विकास की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर रमेश चंद्र गौड़करीम अंसारी अरुण श्रीवास्तव मुजीब खान महेंद्र त्रिपाठी इसराइल बानो अवधेश रावत मोनू तिवारी दिलीप वर्मा सहित कई कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## श्रद्धा और सेवा का संगम : पूरे चंदू में विशाल ब्रह्मभोज,हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

● पूर्वजों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भीड़,दूरदराज से पहुंचे लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज(रायबरेली)।** विकास खंड सरेनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत काल्हीगांव स्थित पूरे चंदू गांव में गुरुवार को आयोजित विशाल ब्रह्मभोज में श्रद्धा,सेवा और सामाजिक समरसता का अनूठा दृश्य देखने को मिला।आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से पहुंचे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।उल्लेखनीय है कि यह ब्रह्मभोज स्वर्गीय पूर्वजों की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था।ब्रह्मभोज में ग्रामीणों के साथ-साथ कुटुंबों को भी सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया,जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है।पूरा गांव धार्मिक माहौल में डूबा नजर आया।सुबह से ही श्रद्धालुओं और मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था,जो देर शाम तक जारी रहा। आयोजन स्थल पर भोजन,पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी।व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव के युवाओं और परिजनों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।आयोजनकर्ता शिवप्रसाद त्रिवेदी (मनऊ त्रिवेदी) ने बताया कि यह आयोजन पूर्वजों के आशीर्वाद और उनकी स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।साथ ही साथ कहा कि ब्रह्मभोज केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं,बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है।उन्होंने कहा कि पूर्वजों की स्मृति और उनके आशीर्वाद से ही इस तरह के आयोजन संपन्न होते हैं।




समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।उन्होंने कहा,हमारा प्रयास रहा कि यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मानपूर्वक प्रसाद ग्रहण करे।लोगों का स्नेह और सहयोग ही इस आयोजन की सबसे बड़ी पूंजी है।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों,ग्रामीणों और रिश्तेदारों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।

## पानी की टंकी पर चढ़ा युवक, पुलिस और प्रशासन के फूले हाथ-पॉव!

● 'इंसाफ की जंग... या प्रशासन को खुली चुनौती? महमूदाबाद में एक युवक ने पानी की टंकी पर चढ़कर वो हंगामा काटा कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया!'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-** सीतापुर उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के महमूदाबाद से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक अपनी मांगों और कथित उत्पीड़न के खिलाफ पानी की टंकी पर जा चढ़ा। युवक के टंकी पर चढ़ते ही वहां तमाशबीनों का हुजूम उमड़ पड़ा और आनन-फानन में स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई। घंटों चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद अधिकारियों की सूझबूझ और काफी समझाने-बुझाने करीब 2 मिनट की सीधी बातचीत और अथक प्रयास के बाद युवक को सकुशल नीचे उतारा जा सका। टंकी से नीचे उतरने के बाद पीड़ित युवक मेराज ने मीडिया के सामने रोते हुए अपना दर्द बयां किया। युवक ने गांव के ही एक दबंग अब्दुल रज्जाक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि उसका परिवार पिछली 5 पीढ़ियों से ग्राम सहरी, महमूदाबाद स्थित जमीन पर रह रहा है। साल 2007 में विपक्षियों ने उसके पिता और परिवार के साथ मारपीट की थी, जिसके दो महीने बाद उसके पिता का निधन हो गया। आरोप है कि विपक्षी ने उनके घर के सामने जबरन जानवर बांध रखे थे। जब प्रशासन के लेखपाल और पुलिस ने शिकायत पर जानवर हटवाए, तो दबंगों ने रंजिश में उनके घर पर हमला कर दिया। युवक की उंगली पर चोट आई, उनकी गर्भवती भैंस खोल ली गई, हैंडपंप उखाड़ दिया गया और शौचालय तक तोड़ डाला गया। मेराज का आरोप है कि इतनी ज्यादती के बाद भी पुलिस ने उल्टा उनके ही परिवार के 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया, जबकि दूसरे पक्ष के सिर्फ 2 लोगों पर कार्रवाई हुई। पीड़ित युवक का बयान है कि मेरी उम्र सिर्फ 17 साल है। हमारे पास मुकदमा लड़ने के पैसे नहीं हैं। मैं पढ़ूं-लिखूं या हर हफ्ते कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटूं? हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि हमारे ऊपर



किया गया झूठा मुकदमा वापस लिया जाए और हमें इंसाफ मिले। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और डॉ. अम्मार रिजवी ने युवक से लगातार बातचीत की और उसे हर संभव कानूनी मदद और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर युवक का गुस्सा शांत हुआ और उसने नीचे आने का फैसला किया। फिलहाल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन इस घटना ने स्थानीय स्तर पर पुलिसिया कार्रवाई और गरीबों की सुनवाई पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या महमूदाबाद पुलिस इस 17 साल के बेबस युवक को इंसाफ दिला पाएगी?

## 69 हजार शिक्षक भर्ती: सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यूपी सरकार फिर बनाएगी चयन सूची

● परिषदीय विद्यालयों की 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती मामले में उत्तर प्रदेश सरकार अब हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर नई चयन सूची तैयार करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया को छह सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे पात्र अभ्यर्थियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों की 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती मामले में अब बेसिक शिक्षा परिषद दोबारा चयन सूची तैयार करेगी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के 13 अगस्त 2024 के फैसले के आधार पर नई चयन सूची बनाई जाएगी। इस सूची में जो अभ्यर्थी पात्र पाए जाएंगे, उन्हें नियुक्ति देने पर सरकार विचार करने को तैयार है। बेसिक शिक्षा परिषद अब आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई चयन सूची तैयार करने की प्रक्रिया में जुट गया है। यह भर्ती वर्ष 2020 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि सरकार यह फैसला मामले की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए ले रही है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इस आदेश को भविष्य के मामलों में उदाहरण के रूप में नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि नियुक्ति केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दी जाएगी, जिनका नाम संशोधित चयन सूची में आएगा, जिनके लिए रिक्त पद उपलब्ध होंगे और जो निर्धारित न्यूनतम योग्यता पूरी करेंगे। अदालत ने पूरी प्रक्रिया छह सप्ताह के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को नियमित पीठ के समक्ष होगी। इस आदेश के बाद उन अभ्यर्थियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जो संशोधित चयन सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं।

## मदरसा अजमतुल उलूम में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बिसवां, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला शेखसराय स्थित मदरसा अजमतुल उलूम में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामा मस्जिद के सेक्रेट्री हाफिज मोहम्मद अय्यूब खां तथा नायब सदर मोहम्मद अय्यूब खान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें आगे तक पढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर मदरसे में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा एक से मोहम्मद अमान, कक्षा दो से साहिबा, कक्षा तीन से मोहम्मद आसम, कक्षा चार से कुलसूम तथा कक्षा पांच से सबा शामिल रहीं। कार्यक्रम में मदरसे के शिक्षक, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 11 वर्षीय मासूम की हत्या में दो दोषियों को उम्रकैद, मारकर गन्ने के खेत में फेंका था शव

● पबरेली कोर्ट ने 2019 में 11 वर्षीय गुलाब सिंह की हत्या के मामले में किशन श्रीवास्तव और हिमांशु शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बच्चे का अपहरण कर गला घोंटकर हत्या की गई थी और शव गन्ने के खेत में मिला था।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** सात साल पुराने 11 साल के बच्चे की हत्या के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। कोर्ट ने हत्या के दोनों आरोपितों किशन श्रीवास्तव उर्फ कृष्णा और हिमांशु शर्मा को दोषी माना और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह दर्दनाक मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अहलादपुर गांव का है। नौ अप्रैल 2019 की शाम करीब साढ़े सात बजे 11 साल का मासूम गुलाब सिंह अपने घर से अचानक लापता हो गया था। बच्चे के स्वजन ने उसे हर जगह ढूंढा, लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला, तो गुमशुदगी दर्ज कराई। 12 अप्रैल की सुबह गांव के ही एक गन्ने के खेत में बच्चे का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। मामले की जांच में साफ हुआ कि गांव के ही रहने वाले किशन श्रीवास्तव उर्फ कृष्णा और हिमांशु शर्मा ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अभय श्रीवास्तव की कोर्ट में यह तथ्य प्रमुखता से आया कि घटना वाली शाम एक चश्मदीद ने मासूम गुलाब सिंह को आखिरी बार दोनों दोषियों के साथ गन्ने के खेत की दिशा में जाते हुए देखा था। इसके अलावा, वारदात के बाद दोनों आरोपितों का गांव से रहस्यमयी तरीके से गायब हो जाना, बच्चे की तलाश में परिवार की कोई मदद न करना और उनका संदिग्ध व्यवहार उनके विरुद्ध सबसे मजबूत साक्ष्य बना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी क्रूरता की पुष्टि की, जिसमें साफ हुआ कि मासूम की हत्या गला घोंटकर की गई थी।

विशेष लोक अभियोजक स्वतंत्र पाठक ने कोर्ट में नौ गवाह पेश किए। अपराध की गंभीरता और क्रूरता को देखते हुए न्यायाधीश ने दोनों दोषियों को उम्रकैद की कड़ी सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने में से एक लाख रुपये की राशि पीड़ित पिता इंद्रपाल को मुआवजे के तौर पर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, अपहरण और साक्ष्य मिटाने के जुर्म में भी उन्हें क्रमशः तीन और सात साल के कठोर कारावास तथा अतिरिक्त जुर्माने की सजा दी गई है।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

● आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-** सीतापुर आगामी बकरीद (ईद-उल-अजहा) के त्योहार को क्षेत्र में सकुशल, शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार को आपसी भाईचारे, कौमी एकता तथा पारंपरिक सौहार्द के साथ मनाने का साझा संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को हर हाल में कायम रखा जाएगा। उन्होंने सभी से किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने तथा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक के दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं तथा त्योहार के मद्देनज़र व्यापक चर्चा की गई। मौलाना नूरुल हुदा, मौलाना रईस और मौलाना उस्मान ने संयुक्त रूप से कहा कि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने अपील की कि कुर्बानी खुले स्थानों पर न की जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे किसी भी सह-नागरिक को असुविधा न हो। प्रबुद्ध नागरिक चक्रसुदर्शन पांडे ने कहा कि महमूदाबाद का इतिहास हमेशा से आपसी मेल-मिलाप का रहा है और इस बार भी सभी समुदाय मिलकर इस पर्व की खुशियों को साझा करेंगे। नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि राम नरेश ने आश्वस्त किया कि बकरीद के मद्देनजर नगर में साफ-सफाई, चूने के छिड़काव और सुचारू जलापूर्ति के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। प्रधान



संघ के पदाधिकारियों ने ग्रामीण अंचलों में भी शांति समितियां बनाकर प्रशासनिक दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन कराने की बात कही। कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी नागरिक जिम्मेदार बनें, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें और त्योहार की पवित्रता तथा शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।ञबैठक के समापन पर कोतवाली प्रभारी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे और शरारती तत्वों पर ड्रोन व खुफिया तंत्र के जरिए कड़ी नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशालियों के हौसले तोड़ता रोज-रोज का पेपर लीक




भारत में एक बार फिर प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा का पेपर लीक हो गया। पेपर लीक एकदम आम सा हो गया है। जितनी सहजता से खामियों को छुपाते हुए परीक्षा रद्द कर दी जाती है, उसके एवज में लाखों बच्चों के मनोमस्तिष्क पर इसका क्या प्रभाव पड़ता होगा, समझने की कोशिश भी नहीं का जाती। यह अफसरशाही नहीं तो क्या है? अबकी बार नीट यूजी 2026 पेपर लीक ने फिर तमाम व्यवस्थाओं और परीक्षा तंत्र पर करारा तमाचा जड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ और जो तौर-तरीके देखने में आ रहे हैं उससे लगता है कि न ही आखिरी बार होगा। सबसे पहले बात 3 मई 2026 को भारत भर में हुई उस परीक्षा की जिसमें 22 लाख से अधिक छात्र देश-समाज के लिए कुछ करने की लालसा लिए नीट यूजी परीक्षा में शामिल हुए। उन्हें उम्मीद थी कि उनका सब कुछ बदल जाएगा। लेकिन सपने चूर-चूर हो गए। महज एक बयान जारी कर नौ दिन बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल कोर्सों में दाखिले खातिर होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा रद्द कर दी। वजह बताई गई कि एजेंसी को 7 मई को एक व्हिसलब्लोअर ने जानकारी दी कि एक 'गेस पेपर' का पीडीएफ़ व्हाट्सऐप पर सर्कुलेट किया गया था, जिसमें वास्तविक नीट परीक्षा जैसे ही प्रश्न थे। एनटीए के महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह का उल्लंघन हमारी ज़ीरो-टॉलरेंस नीति के ख़िलाफ़ है और इससे उन 22 लाख छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है जिन्होंने परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी। बयान के लब्बोलुआब में नपे-तुले शब्दों से अपनी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जरूर पापड़ बेले गए। लेकिन अब उन लाखों बच्चों का क्या होगा जिन्हें लीक पेपर से कोई वास्ता नहीं था, पेपर अच्छा गया था लेकिन, चयन तय था, लेकिन सपने एक झटके में टूट गए! क्या एनटीए को भान होगा कि बच्चों के कोमल मनोमस्तिष्क पर क्या असर पड़ेगा? जब परीक्षा के पहले ही पीडीएफ बिके, सोशल मीडिया पर वायरल संदेश और सौदेबाजी की बातें हो रहीं थीं तब सारी एजेंसियों के कान में तेल पड़ा था? परीक्षा कोई भी हो, उसकी पवित्रता और निष्पक्षता का ध्यान रखने की गुरुतर जिम्मेदारी उन्हें संचालित करने वालों की होती है।

भारत में कुछ पेपर लीक बहुत ही सुर्खियों, विवादों और चर्चाओं में रहे हैं। ऐसे कुछ मामले आज भी लोगों को भुलाए नहीं भूलते। इनमें मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) का 2013 का मामला काफी चर्चित है। इसमें नकली परीक्षार्थी (सॉल्वर) दूसरों की जगह परीक्षा में सम्मिलित हुए। लंबी रकम देकर इस तरह नौकरियां में जाने का रास्ता भी बना था लेकिन पकड़े गए। मामले में कई आरोपियों सहित जाँच एजेंसियों के लोगों की संदिग्ध मौतें भी हुईं। तब पूरा मामला तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए भी गले की हड्डी बना। आरोप-प्रत्यारोपों की झड़ी लगी लेकिन सभी आरोप सिद्ध नहीं हो पाए। एक अन्य मामला कर्मचारी चयन आयोग का सामने आया। जब सुप्रीम कोर्ट ने पूरी भर्ती प्रणाली को दूषित बता दिया। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) 2017 परीक्षा का पेपर परीक्षा शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर लीक हो गया। सीबीआई जांच में पता चला कि कुछ परीक्षा केंद्रों के सुपरवाइजर्स ने अभ्यर्थियों को रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए बाहरी मदद दिलवाई थी। 2022 में रेलवे भर्ती विवाद में सवा करोड़ युवाओं का सड़कों पर उबाल दिखा जिन्होंने स्क्रीनिंग टेस्ट पर आपत्ति उठाई। 2024 में यूजीसी नेट की परीक्षा दूसरे ही दिन रद्द कर दी गई जिसमें 9 लाख प्रतिभागियों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया जो पीएचडी करने और प्रोफेसर बनने का सपना संजोए हुए थे। बहुचर्चित नीट-2024 में 67 छात्रों का 720 अंक ही अर्जित करना सुर्खियों में रहा। इसमें झारखण्ड के एक प्रिन्सपल और वाइस प्रिन्सपल ने पर्चा चुराकर लाखों में बेचा था। जिससे सभी के समान अंक आए और मामले ने तूल पकड़ा।

आखिर इतनी जिम्मेदार परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होना न केवल एनटीए बल्कि उन सारी छोटी-बड़ी उन एजेंसियों के लिए बड़ा सवाल है जिनके कंधों पर परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता का बोझ है। सवाल यह भी है कि अब तक देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी का पेपर क्यों नहीं लीक हुआ? महज प्रिलिम परीक्षा के दौरान 1992 में इलाहाबाद केंद्र पर पेपर लीक होने की शिकायत आई थी जिस पर संसद में बहस हुई थी। सीबीआई जांच में भी यह सिर्फ एक इनविजिलेटर द्वारा पेपर कॉपी करने का मामला निकला न कि लीक का।

आए दिन पेपर लीक के मामले सामने आते रहते हैं। इसी बार अब तक कई परीक्षार्थियों ने आत्मघाती कदम उठा लिया है। यह बहुत दुखद है। इसे कौन समझेगा? किस पर बच्चों के कोमल मन को झकझोरने और उन्हें ना समझी में बुरे कदम उठाने का आरोप लगेगा? बहुत ही दुखद है मेहनत के बाद इस तरह की घटनाएँ जहाँ रिवाज बन गई हैं वहीं कई प्रतिभाशाली अपने जीवन को संभाल भी नहीं पा रहे हैं। पिछले 12-13 वर्षों के छोटे-बड़े मामले देखें तो लगभग सैकड़ा पार हो चुका है। तकरीबन दो करोड़ छात्रों के भविष्य पर हर वर्ष असर पड़ता है। कई उम्र की सीमा लांघ चुके होते हैं तो कई का मनोबल टूटता और बेहतर करने के बजाए अवसाद का शिकार हो जाते हैं जीवन से हाथ धो लेते हैं। उधर एजेंसियां ईमानदारी के नाम पर खुद को कटघरे में पाकर पेपर ही कैंसल कर, दोबारा कराने का आदेश देकर बरी और ईमानदार हो जाती हैं। इधर मामले बनते हैं और अपराधी कटघरे में भी पहुंचते हैं लेकिन अनेकों बार देखने में आया कि निश्चित समय-सीमा में चार्ज शीट दाखिला में देरी से वो भी बाहर आकर दोबारा अपने पुराने कार्यों मे संलग्न हो जाते हैं।

पेपर लीक को लेकर सरकार को सख्त होना पड़ेगा। कहने को तो कई आरोपी अब तक गिरफ्त मे आ चुके हैं। लेकिन इसका हल ढूंढ़ना ही होगा, संसद में बहस करनी होगी, कठोरतम व्यवस्था व प्रभावी कानून बनाने होंगे ताकि लोग पेपर लीक करने या कराने के नाम से ही थर्राने लगे और इस बारे में सोचना ही बंद कर दें। इसके लिए यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) को रोल मॉडल मान इससे सीख लेनी चाहिए। परीक्षाओं की पवित्रता की गारन्टी हुक्मरानों और अफसरों को लेनी ही होगी ताकि प्रतिभाशालियों का हौसला बार-बार न टूटे और विचलित भी न हों।

**ऋतुपर्ण दवे**

## युवाओं की तीखी प्रतिक्रिया, हम कॉकरोच हैं, लेकिन दीमक नहीं

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**




सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के एक मौखिक टिप्पणी ने पूरे देश में तूफान खड़ा कर दिया है। बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करने वाले बयान के बाद सोशल मीडिया पर युवा वर्ग ने तीखा विरोध जताते हुए कहा- हम कॉकरोच हैं, लेकिन दीमक नहीं!

घटना पंद्रह मई की है, जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत वरिष्ठ अधिवक्ता पदनाम संबंधी एक याचिका की सुनवाई कर रहे थे। अदालत में उन्होंने कहा था, कुछ युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जिन्हें न रोजगार मिलता है और न पेशे में जगह। वे मीडिया, सोशल मीडिया, सूचना अधिकार एक्टिविस्ट बनकर व्यवस्था पर हमला करते हैं। उन्होंने फर्जी उपाधि वाले वकीलों और परजीवियों को भी निशाने पर लिया।

बयान वायरल होते ही युवा, विपक्षी नेता और सोशल मीडिया उपयोगकर्ता भड़क उठे। कई युवाओं ने तर्क दिया कि बेरोजगारी की समस्या व्यवस्था की है, न कि युवाओं की। एक व्यापक प्रतिक्रिया में लोग लिख रहे हैं- हम कॉकरोच हैं जो खुले में लड़ते हैं, लेकिन दीमक वे हैं जो अंदर से देश को खोखला कर रहे हैं। कॉकरोच को संघर्ष और जीवट के प्रतीक के रूप में पेश करते हुए युवा कह रहे हैं कि वे कठिन परिस्थितियों में भी टिके रहते हैं, जबकि दीमक चुपके से संरचना को नष्ट करते हैं।

**मुख्य न्यायाधीश की सफाईः** विवाद बढ़ने पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोलह मई को स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मीडिया ने उनकी मौखिक टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया। उनका इरादा देश के युवाओं की आलोचना नहीं था, बल्कि फर्जी उपाधियों के जरिए पेशों में घुसपैठ करने वालों पर था। मुख्य न्यायाधीश ने युवाओं को देश के स्तंभ बताया और कहा कि वे उनसे प्रेरित होते हैं।

**विवाद का पृष्ठभूमिः** भारत में युवा बेरोजगारी की दर पंद्रह से सत्रह प्रतिशत के आसपास बताई जाती है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में घोटालों, नौकरियों की कमी और महंगाई जैसे मुद्दों पर युवा पहले से असंतुष्ट हैं। मुख्य न्यायाधीश के बयान को कई लोग युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश मान रहे हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी इस पर निशाना साधा। सोशल मीडिया पर हमकॉकरोचहैं और दीमकबनामकॉकरोच जैसे हैशटैग चर्चा में हैं। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, कॉकरोच तो दिख जाता है, लेकिन दीमक अंदर से खाती रहती है- चाहे वह भ्रष्टाचार हो, संस्थागत गिरावट हो या युवाओं की उपेक्षा।

**विशेषज्ञों की रायः** सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् मानते हैं कि बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है। इसे कॉकरोच कहकर खारिज करने से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि युवाओं में गुस्सा बढ़ेगा। साथ ही फर्जी उपाधि और व्यवस्था में घुसपैठ को रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया जा रहा है। यह विवाद एक बार फिर बेरोजगारी, मेरिट और संस्थागत विश्वास पर बहस छेड़ गया है। युवा साफ कह रहे हैं- हम टिके रहने वाले कॉकरोच हैं, लेकिन देश को खोखला करने वाले दीमक नहीं। अब देखना यह है कि इस पलटवार से व्यवस्था कितना सबक लेती है।


# आत्मविश्वास और धर्मशक्ति से ही बनता है समाज और राष्ट्र महान

मनुष्य के जीवन में सफलता का आधार केवल साधन और सुविधाएं नहीं होतीं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन लोगों ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और सही कार्यपद्धति को अपनाया, उन्होंने अभावों के बीच भी महान उपलब्धियां प्राप्त कीं। दूसरी ओर अनेक ऐसे लोग भी मिलते हैं जिनके पास पर्याप्त धन, संसाधन और अवसर होने के बावजूद वे जीवन में कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त नहीं कर सके। इससे स्पष्ट हो जाता है कि जीवन में प्रगति का मूल आधार बाहरी साधन नहीं बल्कि व्यक्ति की आंतरिक शक्ति, सकारात्मक सोच और कर्मशीलता होती है।

आज समाज में एक बड़ी समस्या यह दिखाई देती है कि अधिकांश लोग अपनी असफलताओं का कारण साधनों की कमी को मानते हैं। वे यह सोचकर निराश हो जाते हैं कि यदि उनके पास अधिक धन, अच्छी व्यवस्था या विशेष अवसर होते तो वे भी जीवन में आगे बढ़ सकते थे। यह सोच वास्तव में मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी है। अभावों को बहाना बनाकर बैठ जाना व्यक्ति के आत्मबल को समाप्त कर देता है। आलस्य और प्रमाद हमेशा किसी न किसी बहाने की तलाश में रहते हैं और साधनों का अभाव सबसे आसान बहाना बन जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति अपनी क्षमताओं का उपयोग ही नहीं कर पाता और धीरे-धीरे उसका व्यक्तित्व कुंठित होने लगता है।

यदि हम संसार के महान व्यक्तियों के जीवन का अध्ययन करें तो पाएंगे कि अधिकांश महान कार्य अभावों के बीच ही संपन्न हुए हैं। अनेक वैज्ञानिकों, साहित्यकारों, समाज सुधारकों और राष्ट्रनिर्माताओं ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए इतिहास रचा। उनके पास आधुनिक साधन नहीं थे, लेकिन उनके भीतर आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा थी। यही कारण है कि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर दुनिया को नई दिशा दी। अभावों ने उनके भीतर संघर्ष की ज्वाला पैदा की और वही संघर्ष उनकी सफलता का आधार बना।

मनुष्य के पास सबसे बड़ा साधन उसका मस्तिष्क और उसका शरीर है। यदि व्यक्ति का विचार स्वस्थ है और उसका संकल्प दृढ़ है तो वह सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर सकता है। करोड़ों रुपये भी वह सफलता नहीं दिला सकते जो एक जागृत मस्तिष्क और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व प्राप्त कर सकता है। जब व्यक्ति सही विधि से कार्य करता है, धैर्य और लगन के साथ आगे बढ़ता है, तब साधन स्वयं उसके मार्ग में आने लगते हैं। आत्मविश्वास मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। यह वह शक्ति है जो असंभव को संभव बना देती है। वर्तमान समय में भारतीय समाज की एक बड़ी समस्या विचारों की विपन्नता भी है। लोग स्वयं पर विश्वास करने के बजाय परिस्थितियों को दोष देते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि परिस्थितियां कभी भी स्थायी नहीं होतीं। जो व्यक्ति कठिनाइयों के बीच संघर्ष करना सीख लेता है वही जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त करता है। राष्ट्र का विकास भी तभी संभव है जब उसके नागरिक आत्मविश्वासी, परिश्रमी और सकारात्मक विचारों वाले हों। केवल सरकारों या व्यवस्थाओं से समाज का उत्थान नहीं हो सकता। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इसी प्रकार समाज में बढ़ती अनैतिकता और चारित्रिक पतन के लिए भी केवल आधुनिक साधनों या संचार माध्यमों को दोष देना उचित नहीं है। यह सत्य है कि आज के समय में अनेक माध्यमों के द्वारा गलत प्रवृत्तियों का प्रसार होता है, लेकिन समाज का पतन केवल इन कारणों से नहीं होता। वास्तविक समस्या यह है कि समाज में धर्म और नैतिकता की शक्ति कमजोर होती जा रही है। धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड का नाम नहीं है। धर्म वह शक्ति है जो मनुष्य को सदाचार, संयम, करुणा और मानवता का मार्ग दिखाती है।



जब समाज के सज्जन और धार्मिक लोग निष्क्रिय हो जाते हैं तब दुर्जनता स्वतः बढ़ने लगती है। अधर्म और पापाचार अपने आप में बहुत कमजोर तत्व होते हैं, लेकिन जब उनका विरोध करने वाले मौन हो जाते हैं तब वे समाज पर हावी होने लगते हैं। आज देश में लाखों साधु-संत और करोड़ों धार्मिक लोग हैं, किंतु समाज सुधार और धर्म विस्तार के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने वालों की संख्या बहुत कम है। केवल मंदिरों में पूजा करना या परंपरागत कर्मकांड निभा लेना ही धर्म नहीं है। सच्चा धर्म वह है जो समाज में नैतिकता और मानवता की स्थापना करे।

धर्म का वास्तविक स्वरूप समाज के पीड़ित, भटके और दुर्व्यसनग्रस्त लोगों को सही मार्ग दिखाने में है। यदि कोई व्यक्ति नशे, अपराध या अनैतिक जीवन में फंस गया है तो उसे प्रेम, प्रेरणा और सद्विचारों के माध्यम से सुधारना ही धर्म का कार्य है। धर्म का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत मोक्ष नहीं बल्कि समाज का कल्याण भी है। जब धार्मिक लोग समाज के बीच जाकर सेवा और जागरण का कार्य करेंगे तभी अधर्म की शक्तियों को रोका जा सकेगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज का प्रत्येक सज्जन व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझे। यदि अच्छे लोग केवल अपने निजी जीवन तक सीमित रहेंगे और समाज की समस्याओं से दूर रहेंगे तो बुराइयों का बढ़ना स्वाभाविक है। अच्छाई को केवल विचारों तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि उसे कर्म के रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। जब सज्जन सक्रिय होंगे तब समाज में नैतिकता, सदाचार और अनुशासन का वातावरण बनेगा।

युवा पीढ़ी को विशेष रूप से यह समझने की आवश्यकता है कि सफलता का मार्ग बाहरी सुविधाओं से नहीं बल्कि आत्मबल और निरंतर प्रयास से बनता है। उन्हें अपने भीतर आत्मविश्वास विकसित करना होगा। साथ ही समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को भी समझना होगा। केवल व्यक्तिगत सफलता ही जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि समाज के उत्थान में भी योगदान देना चाहिए। भारत की संस्कृति हमेशा से त्याग, परिश्रम और धर्मनिष्ठा की संस्कृति रही है। इसी संस्कृति ने इस देश को महान बनाया। आज आवश्यकता है कि हम फिर से उन्हीं मूल्यों को अपनाएं। यदि व्यक्ति आत्मविश्वास, परिश्रम और सदाचार को अपने जीवन का आधार बना ले तो न केवल उसका व्यक्तिगत जीवन सफल होगा बल्कि समाज और राष्ट्र भी शक्तिशाली बनेंगे।

**अंततः** यही कहा जा सकता है कि साधन और सुविधाएं जीवन में सहायक अवश्य हैं, लेकिन वे सफलता का मूल आधार नहीं हैं। सच्ची शक्ति मनुष्य के आत्मविश्वास, उसके विचारों और उसके कर्म में होती है। इसी प्रकार समाज की रक्षा केवल कानूनों और व्यवस्थाओं से नहीं हो सकती। इसके लिए सज्जनों और धार्मिक लोगों को सक्रिय होकर समाज में नैतिक जागरण फैलाना होगा। जब व्यक्ति आत्मबल से प्रेरित होकर समाजहित में कार्य करेगा तभी एक स्वस्थ, सशक्त और आदर्श राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। **कांतिलाल मांडोत**

## अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस हर घूट में बसी दुनिया की धड़कन




21 मई को दुनिया अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाती है। संयुक्त राष्ट्र ने 2019 में इसे आधिकारिक मान्यता दी, ताकि चाय उत्पादन से जुड़े लाखों किसानों, श्रमिकों और छोटे उत्पादकों के योगदान को सम्मान मिल सके। सुबह की पहली किरण के साथ जो कप हमारे हाथ में होता है, उसके पीछे असम के बागानों में पत्ती तोड़ती महिलाओं से लेकर दार्जिलिंग की धुंध में लिपटी फैक्ट्रियों और केन्या-श्रीलंका तक फैले खेतों की कहानियां छुपी हैं, जो दुनिया की 60% से ज्यादा आबादी को जगाते हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक और सबसे बड़ा उपभोक्ता है। यहां चाय सिर्फ पेय नहीं, इमोशन है। कुल्हड़ वाली चाय से कश्मीरी कहवे तक, नुक्कड़ की टपरी से 5-स्टार होटल की हाई-टी तक, दोस्ती की शुरुआत से रिश्तों के टूटने तक, हर जगह चाय गवाह बनती है। 'चाय पियोगे?' भारत की सबसे कॉमन लव लैंग्वेज बन चुका है। एक कप चाय का अर्थशास्त्र बेहद गहरा है। दुनियाभर में 1.3 करोड़ से ज्यादा लोग इस उद्योग पर निर्भर हैं, जिनमें 60% से ज्यादा महिलाएं हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के लाखों परिवारों की रीढ़ चाय ही है। दुनिया की 70% चाय छोटे किसान उगाते हैं, बड़ी कंपनियां नहीं। मगर जलवायु परिवर्तन, घटते दाम और बिचौलियों की वजह से चाय बागान के मजदूर आज भी 250-300 की दिहाड़ी पर काम करते हैं। इसलिए चाय दिवस का मकसद सिर्फ जश्न नहीं, इन मुद्दों पर आवाज उठाना भी है। सेहत के लिहाज से भी चाय कमाल है। ग्रीन और ब्लैक टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट कैंसर से लड़ते हैं। रोज 3 कप चाय हार्ट अटैक का खतरा 20% तक कम कर सकती है। इसमें मौजूद L-theanine फोकस बढ़ाता है और स्ट्रेस घटाता है, वहीं बिना दूध-चीनी की चाय ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करती है। इस दिन को मनाने के लिए हम बड़े ब्रांड की जगह सीधे बागानों या छोटे उत्पादकों से चाय खरीद सकते हैं। व्हाइट टी, ऊलोंग, पर्पल टी जैसी नई वैरायटी ट्राई कर सकते हैं। रोज शाम को थकान उतारने वाले चाय वाले भैया को थैंक्यू बोल सकते हैं और प्लास्टिक छोड़कर कुल्हड़ या मिट्टी के कप अपना सकते हैं। चाय का भविष्य चुनौतियों से भरा है। जलवायु परिवर्तन से क्वालिटी और पैदावार दोनों खतरे में हैं। तापमान बढ़ने पर असम की 40% चाय की जमीन बेकार हो सकती है। इसलिए अब सस्टेनेबल टी, ऑर्गेनिक खेती, फेयर ट्रेड और पानी बचाने वाली तकनीक ही इसे बचा पाएगी। टैगोर ने ठीक कहा था, 'चाय है तो उम्मीद है।' 21 मई को जब अगला कप उठाएं, तो उन हाथों को जरूर याद करिएगा जिन्होंने वो पत्ती तोड़ी। चाय दिवस सिर्फ सेलिब्रेशन नहीं है, ये उन करोड़ों लोगों का सम्मान है जिनकी मेहनत हमारी सुबह को 'गुड मॉर्निंग' बनाती है।

**डॉ. विवेकानंद उपाध्याय**

## दैनिक राशिफल

**मेष राशि** कल का दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में रुका धन वापस मिलने के संकेत हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। **शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

**वृषभ राशि** धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। स्वास्थ्य में हल्की थकान महसूस हो सकती है। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन राशि** कल नई योजनाओं पर काम शुरू हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क राशि** भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। परिवार का सहयोग मिलेगा। धन खर्च बढ़ सकता है लेकिन जरूरी कार्य पूरे होंगे। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। **शुभ रंगः** सिल्वर **शुभ अंकः** 2

**सिंह राशि** कल आपका प्रभाव बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। करियर में सफलता के संकेत हैं। व्यापार में लाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

**कन्या राशि** कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 7

**तुला राशि** कल भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरी में उन्नति के अवसर मिलेंगे। प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। **शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 6

**वृश्चिक राशि** गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी करीबी से विवाद हो सकता है। व्यापार में सोच-समझकर निवेश करें। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

**धनु राशि** कल का दिन उत्साह से भरा रहेगा। करियर में नई संभावनाएं बनेंगी। यात्रा लाभदायक हो सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर राशि** धन लाभ के अच्छे योग हैं। नौकरी में पदोन्नति की चर्चा हो सकती है। पुराने विवाद खत्म होने की संभावना है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। **शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 10

**कुंभ राशि** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में लाभ मिलेगा। नए लोगों से संपर्क भविष्य में फायदा देगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 4

**मीन राशि** कल मानसिक शांति बनी रहेगी। परिवार के साथ अच्छा समय बितेगा। व्यापार में लाभ और नौकरी में सराहना मिल सकती है। धार्मिक यात्रा के योग हैं। **शुभ रंगः** नारंगी **शुभ अंकः** 7

# मोदी-मेलोनी की मेलोडी डिप्लोमेसी-मुस्कान बनी मैसेज, मिठास बनी मैप

**[मोदी-मेलोनी के बीच 'मेलोडी' मूवः बदलते शक्ति संतुलन की झलक]**

**[मेलोनी को टॉफी, विपक्ष को तमाचा-मोदी ने रोम में नया इतिहास रचा]**



रोम की ऐतिहासिक प्राचीरों के साए में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी का पैकेट भेंट किया, तो दुनिया ने सिर्फ एक मीठा पल नहीं, बल्कि वैश्विक विश्व व्यवस्था में भारत की बढ़ती ताकत और प्रभाव का स्पष्ट संकेत देखा। यह 'मेलोडी' डिप्लोमेसी महज वायरल सेल्फी या कोलोसियम की सैर नहीं थी। यह दो मजबूत राष्ट्रवादियों के बीच उस रणनीतिक गठबंधन की शुरुआत थी, जो यूरोप के मध्य में भारत को नया द्वार खोल रहा है। जबकि विपक्ष 'टॉफी डिप्लोमेसी' पर तंज कस रहा है, हकीकत यह है कि मोदी की इस यात्रा ने भारत-इटली संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' स्तर पर ऊंचा उठा दिया है। पुरानी कांग्रेस संस्कृति की 'चाय पी लो' वाली आलोचना अब पुरानी पड़ चुकी है।

वैश्विक कूटनीति के बदलते परिदृश्य के बीच इस दौरे में दोनों देशों ने संयुक्त 'जॉइंट स्ट्रैटेजिक एक्शन प्लान 2025-2029' की समीक्षा की और कई ठोस आउटकम्स/एम.ओ.यूज़ पर सहमति जताई। द्विपक्षीय व्यापार को 2029 तक 20 बिलियन यूरो तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया। रक्षा उद्योग सहयोग, क्रिटिकल मिनरल्स, समुद्री परिवहन, कृषि, उच्च शिक्षा, नर्स भर्ती और आयुर्वेद जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक समझौते हुए। सबसे महत्वपूर्ण, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को नई गति मिली। इटली भूमध्य सागर का अहम प्रवेश द्वार है, जिससे यह साझेदारी भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को 'एक्ट वेस्ट' की दिशा में भी मजबूत आधार देती है। जबकि विपक्ष 'मेलोडी' पर व्यंग्य कर रहा है, वास्तविकता यह है कि मोदी-मेलोनी ने दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की ठोस नींव रखी है।

यह यात्रा महज द्विपक्षीय नहीं, बल्कि बहुपक्षीय महत्व की है। दोनों नेताओं ने वैश्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये, ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की विविधता पर सहमति बनी। दोनों देशों ने एक्शन प्लान की समीक्षा के लिए विदेश मंत्रियों के नेतृत्व वाले एक मैकेनिज़्म के गठन पर सहमति जताई है। यह संस्थागत मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मेलोनी की सरकार मजबूत राष्ट्रवादी रुख के साथ अवैध प्रवासन और यूरोपीय संप्रभुता पर सख्त नीति अपनाती है, जबकि मोदी की 'आत्मनिर्भर भारत' और मेलोनी की 'इटली फर्स्ट' सोच में स्पष्ट समानता दिखती है। दोनों ने साफ संदेश दिया कि लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की नींव पर खड़े देश एक-दूसरे के साथ खड़े हो सकते हैं, वैश्विक संतुलन को नई दिशा दे सकते हैं। यह वह सोच है जिससे कांग्रेस और उसके गठबंधन वाले हमेशा कतराते रहे। वे तो अभी भी 'चीन भाई-चीन' वाली पुरानी लीक पर अटके हैं।

इतिहास के पन्नों में यह यात्रा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव की एक सशक्त मिसाल के रूप में दर्ज हुई। कोलोसियम में संयुक्त भ्रमण, राजकीय रात्रिभोज, गार्ड ऑफ ऑनर और मेलोनी द्वारा हिंदी कहावत 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है' का उल्लेख–ये सभी क्षण दोनों देशों के बीच बढ़ती आत्मीयता को दर्शाते हैं। इटली में भारतीय समुदाय की उपस्थिति और सक्रियता लगातार मजबूत हो रही है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं। भले ही कुछ लोग सांस्कृतिक कूटनीति को कम आँकते हों, पर वास्तविकता यह है कि सॉफ्ट पावर के बिना वैश्विक प्रभाव अधूरा रहता है, और इसी संतुलन को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है।

भारत और यूरोप के बीच आर्थिक रिश्ते अब नए विस्तार की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। लगभग 16.77 बिलियन डॉलर के व्यापार आधार के साथ यह साझेदारी निवेश, तकनीक और संयुक्त उत्पादन को नई ऊर्जा दे रही है। रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन के अवसर मजबूत हो रहे हैं, वहीं स्वच्छ ऊर्जा और एआई जैसे भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में सहयोग भारत को यूरोपीय तकनीकी क्षमता से और अधिक जोड़ रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को चीन से अलग करने की चल रही कोशिशों के बीच भारत की रणनीतिक भूमिका लगातार बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीति ने इस परिवर्तन में भारत को निर्णायक स्थिति में ला खड़ा किया है, जबकि विपक्ष अब भी बड़े आर्थिक दृष्टिकोण की बजाय सीमित मुद्दों तक ही सिमटा दिखाई देता है।

विपक्ष की आलोचना इस दौर की एक चिंताजनक सच्चाई बनकर सामने आती है। राहुल गांधी जैसे नेता जब 'टॉफी डिप्लोमेसी' पर व्यंग्य करते हैं, तो वे देश की गरिमा और विदेश नीति की गंभीरता को कमजोर करते प्रतीत होते हैं। जब भारत वैश्विक पटल पर मजबूती से अपनी स्थिति स्थापित कर रहा है, तब भी उन्हें विदेश नीति केवल 'मोदी का प्रचार' कहकर सीमित करने की प्रवृत्ति से आगे बढ़ते नहीं देखा जाता। यह भी स्मरणीय है कि वही विपक्ष पहले 'चीन के साथ दोस्ती' जैसे विचारों को सकारात्मक रूप में प्रस्तुत करता रहा है। आज जब प्रधानमंत्री मोदी इटली जैसे मजबूत यूरोपीय देश के साथ रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं, तब उनकी चुप्पी या तीखी आलोचना दोनों ही व्यापक राष्ट्रीय हितों के संदर्भ में प्रश्न उठाती है।

मोदी-मेलोनी की यह 'मेलोडी' डिप्लोमेसी अब केवल एक कूटनीतिक संवाद नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक शक्ति संरचना में भारत के निर्णायक उभार का स्पष्ट संकेत बन चुकी है। रोम की यह यात्रा दर्शाती है कि जब नेतृत्व सशक्त हो, दृष्टि स्पष्ट हो और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हों, तब परिणाम इतिहास की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं।

यह वह समय है जब दुनिया नए समीकरण गढ़ रही है और भारत उसमें दर्शक नहीं, सक्रिय निर्माता की भूमिका निभा रहा है। जो अब भी पुरानी राजनीतिक सोच और सीमित दृष्टि से इस परिवर्तन को आंकने का प्रयास कर रहे हैं, वे स्वाभाविक रूप से इस गति से पीछे रह जाएंगे। भारत आज रुकने के लिए नहीं, बल्कि आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए चल रहा है– आत्मविश्वास, सम्मान और वैश्विक प्रभाव के साथ।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सरकारी बंजर भूमि पर अवैध निर्माण

**एक ही परिवार के तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना बार क्षेत्र के ग्राम चुनगी में सरकारी बंजर भूमि पर अवैध निर्माण कराने के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय लेखपाल मानसी राजपूत की लिखित तहरीर पर की गई। ग्राम चुनगी परगना एवं तहसील तालबेहट स्थित आराजी संख्या 498/1, रकबा 0.3930 हेक्टेयर भूमि सरकारी अभिलेखों में श्रेणी 5.35 अंतर्गत बंजर भूमि दर्ज है। आरोप है कि गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र अमर सिंह, उनकी पत्नी गुडडीबाई एवं पुत्र रोहित यादव द्वारा उक्त सरकारी भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कराया जा रहा था। लेखपाल मानसी राजपूत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 मई 2026 को राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया था तथा आरोपियों को दोबारा निर्माण न करने की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी करते हुए पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बार पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 एवं 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बार ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सिपाही लाल को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता के विरोध में जिला बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्रता एवं मारपीट की घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 17 मई 2026 को जनपद लखनऊ में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुई घटना में अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा उनके चेंबरों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता समाज न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य करता है, ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। बार एसोसिएशन ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, अधिवक्ताओं के क्षतिग्रस्त चेंबरों का पुनर्निर्माण कराने तथा अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग शामिल की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिराम राजपूत, महामंत्री संतोष सिंह यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डीएम- एसपी ने पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0 एन0 एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रांतर्गत भारत पेट्रोल पम्प तथा इंडियन पेट्रोल पम्प मधुकरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को वितरण व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित करने व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को नो हेलमेट नो फ्यूल का पालन कराने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति को भी परखा गया ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। डिब्बे में पेट्रोल न दे। नियमानुसार वितरण कराना सुनिश्चित करें।

# भीषण गर्मी में धधका ट्रांसफार्मर, खजनी कस्बे में मची अफरा- तफरी

**● ओवरलोडिंग और भीषण गर्मी से बढ़ा संकट, लोगों ने राख-मिट्टी डालकर बुझाई आग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच खजनी कस्बे में बिजली व्यवस्था पर दबाव साफ दिखाई देने लगा है। गुरुवार को कस्बे के बीच स्थित सीबी सिंह गली मोड़ के सामने रुद्रपुर क्षेत्र में लगा बिजली ट्रांसफार्मर अचानक धू-धू कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर से उठती आग की लपटों और धुएं को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि ट्रांसफार्मर में लगी आग ने कुछ देर के लिए क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राख और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लोगों की सूझबूझ से आग को फैलने से रोक लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण ट्रांसफार्मरों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। तेज धूप और अत्यधिक बिजली खपत की वजह से ट्रांसफार्मर तेजी से गर्म हो रहे हैं। ऐसे में कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर जलने और तकनीकी खराबी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ी है। खेतों की सिंचाई, घरेलू उपयोग और व्यवसायिक गतिविधियों के चलते लोड लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे



ट्रांसफार्मरों के फुंकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। मामले में एसडीओ मनोज कुमार भारद्वाज ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर अधिक गर्म हो रहे हैं। तापमान बढ़ने से उपकरणों पर असर पड़ रहा है और आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक तकनीकी सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गोरखपुर :गांहासाड़ रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव, पहचान न होने से पुलिस की बढ़ी चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद के गीडा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गाहासाड रेलवे ट्रैक के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने की सूचना सामने आई। रेलवे लाइन किनारे शव पड़े होने की खबर मिलते ही आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया था। शव की स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण मौके पर मौजूद लोगों में भी दहशत का माहौल देखने को मिला। पुलिस ने घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की और आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने मृतक की पहचान कराने के लिए काफी प्रयास किए। आसपास के गांवों के लोगों को बुलाया गया, वहीं क्षेत्रीय स्तर पर भी जानकारी जुटाई गई, लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब बुजुर्ग अवस्था की बताई जा रही है, हालांकि उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। गीडा थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को सूचना प्राप्त हुई थी कि गाहासाड रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि शव क्षत-विक्षत अवस्था में था तथा सिर और धड़ अलग थे। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान कराने के लिए लगातार प्रयास किए गए, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आसपास के थानों और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड से भी मिलान कराया जा रहा है ताकि मृतक की पहचान हो सके। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा



**सिद्धार्थनगर।** थाना त्रिलोकपुर पुलिस ने गुरुवार को अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। थाना त्रिलोकपुर प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के निर्देशन में गुरुवार को मु0अ0सं0 66/2026 धारा 64(2) एम,137(2) बीएनएस में जनपद गोण्डा थाना कोतवाली नगर, सदभावना चौकी के साकिन आजाद नगर निवासी वांछित अभियुक्त अमन उर्फ हसीब पुत्र हमीद को चिताही तिराहा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 इशान्शु श्रीवास्तव व आरक्षी सागर जायसवाल शामिल रहे।

## गोरखपुर ट्रैफिक पुलिस का बड़ा अभियान: ओवरस्पीडिंग पर चला स्पीड रडार, 891 वाहनों का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को गोरखपुर यातायात पुलिस ने शहर भर में व्यापक अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में टीआई मनोज कुमार राय, टीआई अजीत कुमार पाण्डेय, टीआई बीर बहादुर सिंह, टीआई जगमोहन राय समेत यातायात पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों को निशाने पर लिया गया। पुलिस ने ऐसे 7 वाहनों का चालान किया। वहीं हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के मानकों का पालन नहीं करने वाले 21 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

सबसे बड़ी कार्रवाई ओवरस्पीडिंग के खिलाफ देखने को मिली। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात निदेशालय के निर्देश पर मुख्य मार्गों पर स्पीड रडार लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान तेज रफ्तार में वाहन चलाते पाए गए 70 वाहनों का चालान कर कार्रवाई की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। यातायात पुलिस ने सिर्फ कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा बल्कि लाउड हेलर के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में



वाहन चलाएं और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

शहर क्षेत्र में चलाए गए इस विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान कुल 891 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया। वहीं 47 हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## गोरखपुर में लेखपाल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**● 39 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच 14,800 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गुरुवार को जनपद में लेखपाल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 39 केंद्र बनाए गए थे, जहां 17,832 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें से लगभग 14,800 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों के बाहर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की गई। नकल और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए केंद्रों पर सख्त इंतजाम किए गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों को व्यवस्थित तरीके से केंद्रों से बाहर निकाला गया, जिससे किसी प्रकार की भीड़भाड़ या अफरा-तफरी की स्थिति न बने। इस संबंध में एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं और प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी में लगी रहीं। जहां कहीं भी किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है, उसकी जांच कराई जा रही है और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता अभ्यर्थियों को निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा उपलब्ध कराना है, जिसे इस परीक्षा में सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया गया।

## पत्थर गडडी उखाड़ दबंगों ने जोता किसान का खेत

**विरोध पर जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा बुजुर्ग में एक किसान की जमीन पर जबरन कब्जा करने, प्रशासन द्वारा कराई गई पत्थर गडडी उखाड़ने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरा बुजुर्ग निवासी दयाराम पुत्र दमरे ने थाना बार में दी गई शिकायत में बताया कि उसकी आराजी संख्या 177, रकबा 0.593 हेक्टेयर भूमि की राजस्व विभाग द्वारा 6 अप्रैल 2024 को हदबंदी कराई गई थी। इसके बाद 19 जून 2025 को लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर विधिवत पत्थरगड्डी की गई थी। आरोप है कि गांव के ही ईश्वर, विक्रम सिंह पुत्रगण जण्डेल सिंह तथा जंडेल सिंह पुत्र फूल सिंह ने प्रशासनिक कार्रवाई को चुनौती देते हुए खेत पर लगी सरकारी पत्थरगड्डी को उखाड़ कर फेंक दिया। दयाराम के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 9 बजे आरोपियों ने लाठी-डंडों के बल पर उसकी भूमि को जबरन जोत लिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्र गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और दोबारा खेत पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3), 351(3) एवं 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जूते की दुकान में आग से लाखों का नुक़सान



**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के बस स्टेशन स्थित एक जूते की दुकान में बीती रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे दुकान मालिक ने प्रशासन को सूचित किया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदर गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता ने बस स्टेशन के सामने जूते की दुकान खोल रखी है। रोज की तरह रात में दुकान बंद कर सोने चले गए। रात में लगभग 12 बजे दुकान से धुआं उठने लगा। लोगों ने दुकानदार को इस बात की सूचना दी और किसी तरह आग पर काबू किया गया। सुबह आग की घटना की जानकारी होने पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता दुकान पर पहुंचे और दुकानदार को सान्त्वना दी। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि दुकानदार के आर्थिक क्षति का आकलन करके उसे सहायता राशि मुहैया कराई जाए।

## एडीएम ने रेल परियोजना प्रभावित किसानों के साथ की बैठक

**● किसानों ने तहसील प्रशासन पर लगाया परेशान करने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत माघी कोठिलवा पंचायत भवन पर गुरुवार को द्वारा छितौनी-तमकुही रोड नई रेल लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम (जे) गुलाब सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे परियोजना से प्रभावित किसान अपने जरूरी अभिलेख तैयार कराकर अपनी फाइल सीधे बनवाएं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति कार्य करवाने के नाम पर अतिरिक्त पैसे की मांग करता है तो ऐसे दलालों से सावधान रहें। किसान सीधे लेखपाल, कानूनगो एवं तहसीलदार से संपर्क करें। यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो अपना नंबर उपलब्ध करवाएं या सीधे संपर्क करें, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जा सके। बैठक में ग्राम प्रधान माघी कोठिलवा गोबरी चौहान, गया चौहान, रामकिशन सहनी, जगतनारायण गोड, कलावती देवी, विक्रम सहनी, सुखल चौहान, श्याम सुंदर चौहान, श्रीपूजन चौहान, रामायण चौहान, लालजी चौहान, ध्रुब चौहान, वर्मा चौहान,



शर्मा चौहान, रुदल यादव, रामअवध सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

जटहां बाजार के प्रभावित किसान प्रमोद कुमार गुप्ता, कमलेश यादव सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि पडरौना तहसील के लेखपाल और कानूनगो द्वारा फाइल सीन की जा रही है, लेकिन तहसीलदार अभिषेक पांडेय यह कहते हुए फाइल लौटा दे रहे हैं कि अभी जमीन का सर्वे होना बाकी है। किसानों का आरोप है कि इस प्रकार उन्हें गुमराह कर भुगतान पाने में अनावश्यक रूप से भटकाया जा रहा है। वहीं खड्डा तहसील क्षेत्र के कटाई भरपुरवा के लेखपाल बाकेलाल ने बताया कि किसानों की लगभग 100 फाइलें एसएलओ कार्यालय देवरिया में जमा हो चुकी हैं। किसानों का कहना है कि पडरौना तहसील प्रशासन द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है, जिससे परियोजना प्रभावित लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

## गोरखपुर: जमीनी विवाद बना जानलेवा: सगे भाइयों के बीच मारपीट में युवक की मौत, गांव में मचा हड़कंप

**● इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम, पुलिस जांच में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा- गोरखपुर** जनपद के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेऊसा टोला महुरइया में जमीनी विवाद ने बुधवार की रात ऐसा भयावह रूप ले लिया कि एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। जमीन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भेऊसा टोला महुरइया निवासी रामसेवक पुत्र रमाकांत (करीब 30 वर्ष) और उनके सगे भाई आलोक पुत्र रमाकांत के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार देर रात इसी विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट के दौरान रामसेवक को गंभीर चोटें आईं, जिससे वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद परिवार के लोग और ग्रामीण तत्काल उन्हें एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

**मौत की खबर से परिवार में मचा कोहराम**

रामसेवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भी तनाव का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।




**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच**

घटना की सूचना मिलते ही हरपुर-बुदहट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

**तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई**

थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## देवरिया को सीएम योगी की 655 करोड़ की सौगात, आज करेंगे 19 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद देवरिया को आज विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद के दौरे पर रहेंगे और 655.45 करोड़ रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से जिले में सड़क, पुल, शिक्षा, पुलिस और आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री 116.54 करोड़ रुपये लागत की 8 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 538.91 करोड़ रुपये लागत की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में देवरिया-कसया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पर 292.07 करोड़ रुपये तथा देवरिया-हाटा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य पर 74.47 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं।

लोकार्पण होने वाली प्रमुख योजनाओं में नवीन पुलिस थाना महुआडीह का प्रशासनिक भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का एकेडमिक एवं छात्रावास भवन, डिघवा पौटवा स्थित राजकीय आईटीआई भवन तथा कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं शिलान्यास में नए सेतु निर्माण, संपर्क मार्गों के विकास और विभिन्न सड़क चौड़ीकरण कार्यों को शामिल किया गया है। प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10:05 बजे गोरखपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 10:25 बजे भीमपुर गौरा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और यातायात, पार्किंग तथा पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है।

## रुपये के लेनदेन को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज




**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम हर्ष पुर मजरा खदरी निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर रुपये के लेनदेन को लेकर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हर्ष पुर मजरा खदरी निवासी वीरभान यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी अरविन्द राजा ने उससे करीब 40 हजार रुपये उधार लिये थे, जो अभी तक वापस नहीं किये गये। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फरार अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने 3 दिन में अगली सुनवाई तय की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती/महराजगंज।** राहुल मद्धेशिया अपहरण गैंगस्टर कांड में फरार घोषित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर शिकंजा कसता जा रहा है। ईसी एक्ट कोर्ट में 21 मई को हुई सुनवाई से पहले पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने कोर्ट को लिखित रूप से चौंकाने वाला खुलासा सौंपा है। नरसिंह पाण्डेय ने अपने पत्र में कोर्ट को अवगत कराया कि फरार घोषित अपराधी अमरमणि त्रिपाठी महाराजगंज के नौतनवा, फरेंदा और गोरखपुर में पुलिस प्रोटेक्शन के साथ सरेआम घूम रहा है। फरार घोषित होने के बावजूद पुलिस सुरक्षा में खुलेआम घूमने का यह दावा सीधे-सीधे पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत की तरफ इशारा कर रहा है।

**कोर्ट का सख्त रुख, 3 दिन में अगली तारीख**

नरसिंह पाण्डेय के इस पत्र के बाद कोर्ट का रुख एकदम आक्रामक हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय ने अगली सुनवाई सिर्फ 3 दिन के अंतराल पर ही तय कर दी है। इससे पहले 6 मई को सुनवाई हुई थी और अगली तारीख 21 मई, यानी 15 दिन बाद दी गई थी। लेकिन अब अचानक 3 दिन में सुनवाई तय होने से साफ है कि कोर्ट ने मामले को बेहद गंभीरता से संज्ञान में लिया है।

**अमरमणि के साथ अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज**

न्यायालय के इस सख्त रुख के बाद अब सिर्फ अमरमणि त्रिपाठी ही नहीं, बल्कि गोरखपुर, महाराजगंज और बस्ती के कई अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात — जो लिखेगा, वही टिकेगा — www.swatantraprabhat.com — ब्रेकिंग न्यूज़

सवाल यह है कि फरार घोषित अपराधी को पुलिस प्रोटेक्शन किसके आदेश पर मिला? अगर नरसिंह पाण्डेय के आरोप सही साबित हुए तो कई वर्दीधारियों पर गाज गिरना तय है। फिलहाल अमरमणि त्रिपाठी बस्ती के राहुल मद्धेशिया अपहरण गैंगस्टर मामले में फरार घोषित है। अब कोर्ट की अगली तारीख में अमरमणि और उसे संरक्षण देने वालों का क्या होता है, इस पर पूरे पूर्वांचल की निगाहें टिकी हैं।

## जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) में प्रभारी अधिकारी नियुक्त

एडीएम दिनेश कुमार को मिला अतिरिक्त प्रभार, शासन के स्थानांतरण आदेश के बाद जारी हुआ आदेश

ललितपुर। शासन द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ललितपुर में नए प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार को जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक पूर्व में इस पद पर कार्यरत एडीएम एफआर/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अंकुर श्रीवास्तव का शासन द्वारा जनपद से स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्होंने 18 मई 2026 को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके उपरांत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि शासनादेश संख्या 1741 दिनांक 06 अक्टूबर 2023 के क्रम में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार को प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ललितपुर के पद पर तत्काल प्रभाव से तैनात किया जाता है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि दिनेश कुमार कार्यालय से संबंधित समस्त प्रकार के देयकों के आहरण एवं वितरण हेतु भी अधिकृत रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने बरामद किए 105 गुम मोबाइल, स्वामियों को लौटाए



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भदोही पुलिस ने 105 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख 85 हजार रुपये बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सुपुर्द किए। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों ने खुशी जताते हुए भदोही पुलिस की सराहना की। पुलिस के अनुसार CEIR पोर्टल, जनसुनवाई एवं डायल 112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मोबाइलों की बरामदगी की गई। थाना ज्ञानपुर से 21, गोपीगंज से 19, सुरियावां से 14, औराई से 13, कोईरौना व भदोही से 12-12 मोबाइल बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को सीईआईआर पोर्टल के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल गुम होने पर पोर्टल के माध्यम से उसे ब्लॉक कराया जा सकता है, जिससे उसके दुरुपयोग को रोका जा सके। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

### 22 से 26 मई तक भीषण गर्मी और लू का अलर्ट, जिला प्रशासन सतर्क




**भदोही।** भारत मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार जनपद में 22 से 26 मई तक भीषण गर्मी एवं लू चलने की संभावना है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। डीएम ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय शरीर को पूरी तरह ढकें तथा छाता, टोपी, गमछा और पानी की बोतल साथ रखें। पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, शिकंजी व नारियल पानी का सेवन करते रहें। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि लू या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। पशुपालकों से भी पशुओं को छायादार स्थान पर रखने और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की अपील की गई है। किसी भी आपात स्थिति में सहायता हेतु 108 एवं 112 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने को कहा गया है।

### मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया तथा गुणवत्ता जॉच हेतु 04 औषधियों के नमूने संग्रहित

**भदोही** 21 मई 2026: औषधि निरीक्षक ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी भदोही, के निर्देश के क्रम में जनपद-भदोही में थोक औषधि विक्रेताओं के अनुज्ञप्ति के सत्यापन एवं नार्कोटिक दवाओं, की अवैध बिक्री/भण्डारण की रोकथाम हेतु आज दिनांक 21 मई 2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा गोपीगंज एवं ज्ञानपुर में न्यू राहत मेडिकल स्टोर, दीया मेडिकल स्टोर, डी0एन0 मेडिकल स्टोर, दीपा एजेंसी, जायसवाल मेडिकल एजेंसी, वंश मेडिकल एजेंसी, राज फार्मा, साहू मेडिकल एजेंसी, माँ शारदा मेडिकल स्टोर, ओ0पी0 मेडिकल एजेंसी, श्री राम कृष्णा मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया तथा गुणवत्ता जॉच हेतु 04 औषधियों के नमूने संग्रहित कर लैब भेजा गया।

विवेचना के उपरान्त औषधि अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही औषधि निरीक्षक द्वारा औषधियों विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि ऐसे औषधि प्रतिष्ठान जिनके अनुज्ञप्ति औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी है, किन्तु वे अपने मूल स्थान पर न मिलने तथा दवा का क्रय-विक्रय न करते हुये पाये जाने उनका अनुज्ञप्ति स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा। छापे से हडकम्प मचने के कारण कुछ प्रतिष्ठानों के मालिको द्वारा दुकाने बन्द कर दी गयी। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

## गड्ढे में तब्दील है कोटार नाथ धाम का रास्ता पीडब्ल्यूडी से बनी है सड़क नहीं हुआ सड़क का मरम्मत कई वर्षों से गड्ढे में है तब्दील

● पुरुषोत्तम के महीने में दूर दराज से दर्शनार्थी जलाअभिषेक करने पहुंचते हैं कोटार नाथ धाम।

नंगे पांव दर्शनार्थी होते हैं गिट्टी के शिकार सड़कों में निकली पड़ी है गिट्टी।









**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ धाम में चल रहे पुरुषोत्तम के महीने में 4:00 भोर से ही दर्शनार्थियों का जलाभिषेक करने के लिए ताता लग जाता है वही दूर दराज से दर्शनार्थी नंगे पांव चलकर बाबा कोटार नाथ धाम में जलाअभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। वही कोटार नाथ धाम का रास्ता गड्ढे में तब्दील पड़ा है कई वर्षों से नहीं हुई सड़क की मरम्मत दर्शनार्थियों को नंगे पांव आने जाने में होता है। दिक्कत बाबा का आस्था लगाए लोग फिर भी नंगे पांव पहुंचते हैं धाम में। ड्रमड़गज हलिया संपर्क मार्ग से कोटार नाथ जाने वाला रास्ता काफी दिन से गड्ढे में तब्दील है नहीं हो रहा सड़क का मरम्मत दर्शनार्थियों सहित ग्रामीणों का मानना है

कि सावन के महीने में लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में जलाअभिषेक करने पहुंचते हैं बाबा के धाम और तीसरे वर्ष पुरुषोत्तम मास में भी प्रतिदिन दर्शनार्थियों का ताता सुबह से लेकर शाम तक लगा रहता है। दर्शनार्थी रोड पर निकली गिट्टी के शिकार होते हैं ऐसे में दर्शनार्थी सहित ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि धर्म के मार्ग को पहले बनवाया जाए जिससे लोगों का आस्था बना रहे स्थानिक ग्रामीणों ने भी बताया कि कोटार नाथ धाम का रास्ता 24 घंटे चालू रहता है बहुत दूर दरार से लोग बाबा के पास आस्था लगाए चले आते हैं।कभी-कभी लोग गिट्टियों पर फिसल कर गिर जाते हैं बाइक से गिरते हैं साइकिल से गिरते हैं चोटिल हो जाते हैं दर्शनार्थी व ग्रामीण सहित जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द बाबा के धाम का रास्ता बनवाया जाए जिससे दर्शनार्थियों का आस्था बाबा के प्रति हमेशा जुड़ा रहे।

## पीपरगांव हत्याकांड को लेकर मुख्यमंत्री से मिले लोजपा सांसद अरुण भारती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनपद भदोही के पीपरगांव में हुए जैसलाल सरोज हत्याकांड को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जमुई सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अरुण भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी) राजीव पासवान भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने भदोही के पीपरगांव हत्याकांड के साथ ही कौशांबी एवं प्रयागराज में पासी समाज के लोगों के साथ हुई हत्या एवं उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जताई। प्रदेश महासचिव (पूर्वी) एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी के नेतृत्व में मृतक जैसलाल सरोज के छोटे भाई बाबूराम सरोज भी लखनऊ पहुंचे और मुख्यमंत्री को घटना की जानकारी दी।

सांसद अरुण भारती ने कहा कि भदोही समेत आसपास के जिलों में पासी-पासवान समाज के लोग भय के माहौल में जी रहे हैं तथा अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने



पीपरगांव हत्याकांड की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने कहा कि दलित समाज के लोगों के साथ लगातार आपराधिक घटनाएं होना बेहद चिंताजनक है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता, सुरक्षा एवं शीघ्र न्याय दिलाने की भी मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, अवनीश तिवारी, गोविंद पासवान एवं विजय राय भी उपस्थित रहे।

### लेखपाल भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम और एडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी मिर्जापुर पवन कुमार गंगवार व अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह ने लेखपाल भर्ती परीक्षा को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में अधिकारियों ने बी.एल.जे. इंटर कॉलेज तथा माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल भी तैनात किया गया है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।

## ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में मिला शिशु

● एडीएम शुभांगी शुक्ला का दत्तक ग्रहण अभिकरण पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक

लावारिस नवजात बालिकाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य देखभाल पर प्रशासन गंभीर, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला द्वारा वन स्टॉप सेन्टर, केशवपुर सरपतहॉ, भदोही में स्थित राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण, भदोही का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें 02 नवजात लावरिस बालिका संरक्षित है। निरीक्षण के दौरान को-आर्डिनेटर द्वारा अवगत कराया गया कि 07 फरवरी 2026 को एक नवजात लावरिस बालिका बलभद्र थाना ज्ञानपुर के अन्तर्गत मिली एवं दूसरी बालिका 21 मई 2026 को ज्ञानपुर रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं0-01 पर मिली। जिसे जी0आर0पी0 एवं 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन के माध्यम से नवजात बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालिका को राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण, भदोही में संरक्षित किया गया है। निरीक्षण के दौरान राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण, भदोही में साफ-सफाई, बच्चों के रहने एवं खान पान की सुविधा उत्तम पायी गयी। कार्यालय में समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला द्वारा निर्देशित किया गया कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य देखभाल करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही आशीष सिंह ने रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर शिशु मिलने की घटना के सम्बन्ध में बताया कि शिशु लावारिश अवस्था में प्राप्त होने की सूचना आमजन को मिडिया के माध्यम से कराया जाना आवश्यक है, ताकि उसके अभिभावक परिजन शिशु की पहचान सुनिश्चित होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही अथवा राजकीय रेलवे पुलिस चौकी ज्ञानपुर से संपर्क स्थापित कर सकते है। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला प्रोबेशन कार्यालय से राजकुमार गुप्ता वरिष्ठ सहायक, जिला समन्वयक सोनी चौरासिया, अर्चना मौर्या, आलोक दूबे, अभिषेक यादव, शिवशंकर मौर्या, विनय पाठक आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मकान में लगी आग गिरस्ती का सारा सामान चलकर हुआ राख

● 5 घंटे बाद आग पर पाया गया काबू।

मौके पर दो-दो फायर विकेट की गाड़ियां पहुंची तब पाया गया आग पर काबू ग्रामीण व स्थानी पुलिस करती रही मशक्कत काफी देर के बाद बुझी आग।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस व उप जिलाधिकारी लालगंज ने किया मौके का निरीक्षण।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमड़गज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में बृहस्पतिवार को दोपहर लगभग 12:00 बजे मकान में लगी आग गिरस्ती का सारा सामान जलकर हुआ राख मौके पर ग्रामीण आग बुझाने का करते रहे प्रयास नहीं बुझी आग जब मौके पर पहुंची दो दो फायर विकेट की गाड़ियां तब 5 घंटे बाद आग पर पाया गया काबू प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा पाल के मकान में आग लगने



से गिरस्ती का सारा सामान जलकर राख हो गया मथुरा पाल ने बताया कि लगभग 20 बोरी गेहूं बीज के लिए रखा गया था एक थ्रेसर था पंपी सेट के साथ पंप सेट में लगने वाली सारी सामग्री हस्ती पाइप सेक्सन साथ ही साथ एक गाय एक बछड़े की भी जलकर ही मौत हो गई भूसा उपली सहित सारा गिरस्ती का सामान जलकर राख हो गया मौके पर मौजूद समाजसेवी मुकेश सिंह ने बताया कि आज लगभग 12:00 बजे दोपहर में गावं के मकान मे आग लगने से काफी नुकशान हुआ लगभग 5 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया लगातार ग्रामीण स्थानीय प्रशासन मशक्कत करती रही लेकिन आग पर नहीं पाया गया काबू जब दो-दो फायर विकेट की गाड़ियां मौके पर



पहुंची तब पाया गया आग पर काबू बताया जाता है कि आग इतनी विकराल थी कि अगर मकान के ऊपर टिन सेट नहीं होता तो बहुत बड़ी घटना का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन को सूचना दिया गया। मकान में आग लगने से लगभग कई लाख का नुकसान हुआ है।

आग बुझने के बाद मौके का मुआयना करने पहुंचे उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित परिजनों से बात करने के दौरान आगजली में नुकसान का जानकारी लिए।

### समाधान समारोह-2026 के तहत विशेष लोक अदालत की तैयारी शुरू

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही।** पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही आशीष सिंह ने बताया कि माननीय मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशन में पूरे देश में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों के सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण हेतु 'समाधान समारोह-2026' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को किया गया था, जबकि इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा। इसी क्रम में पारिवारिक वाद, भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण वाद तथा सिविल वादों के निस्तारण हेतु गठित पीठ द्वारा गुरुवार को सुबह 10:30 बजे से पत्रावलियों की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में पक्षकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।प्रकरणों की अगली सुनवाई एवं बैठक की तिथि 26 मई 2026 निर्धारित की गई है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच सात केंद्रों पर संपन्न हुई लेखपाल मुख्य परीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनपद में गुरुवार को लेखपाल मुख्य परीक्षा सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। कुल 3120 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2542 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 578 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल उपस्थिति 81.47 प्रतिशत दर्ज की गई। ज्ञान देवी बालिका इंटर कॉलेज भदोही केंद्र पर 480 में से 393 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के दोनों ब्लॉकों में क्रमशः 384 और 391 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एमपी समद इंटर कॉलेज भदोही में 314, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में 390, विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में 311 तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में 359 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।



पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग एवं फ्रिस्किंग की गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा मार्गों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित कराया गया। जिला प्रशासन ने परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष व्यक्त किया।

## ग्राम बवई में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 53 मरीजों का हुआ नि:शुल्क परीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बयाँव, भदोही द्वारा ग्राम बवई में एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर का संचालन चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कुमार की देखरेख में किया गया। इस दौरान आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की गहन स्वास्थ्य जांच कर उन्हें रोगानुसार




उचित परामर्श एवं निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। चिकित्सकों ने लोगों को मौसमी बीमारियों, खानपान, स्वच्छता तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

शिविर में कुल 53 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनमें 30 महिलाएं एवं 23 पुरुष शामिल रहे। सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनसामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कच्चे मकान के बास में गमछे के सहारे फंदा लगाकर युवक ने दी जान

● फांसी पर लटका देख मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने दिया पुलिस को सूचना।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक 28 वर्षीय युवक ने बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव निवासी दिनेश कोल पुत्र रामप्रसाद कोल उम्र 28वर्ष बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फंदा लगाकर झूल गया। परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन मे युवक को फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब



तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार बीती देर रात पति-पत्नी में कुछ विवाद हुआ था जिससे युवक नाराज होकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के पास दो पुत्र एक पुत्री है पुत्र सुजीत 10 वर्ष अजीत 7 वर्ष अनीता 3 वर्ष की है। मृतक के शव को फांसी के फंदे पर लटका देखते ही पूरे परिजनों मे कोहराम मच गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपना जान दे दिया है। शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मिर्जापुर में नारकोटिक्स टीम की बड़ी कार्रवाई, 13 हजार से ज्यादा कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद




**मिर्जापुर।** कटरा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ककरहवा स्थित एसएस मेडिकल एजेंसी पर नारकोटिक्स टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया है।जानकारी के अनुसार टीम ग्राहक बनकर मेडिकल एजेंसी पर पहुंची थी, जहां जांच के दौरान 109 पेटियों में रखी 13,074 शीशी कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।नारकोटिक्सटीम ने छापेमारी के दौरान एक कार, एक बाइक और आईफोन भी बरामद किया है। पुलिस और नारकोटिक्स विभाग मामले की गहन जांच में जुट गया है तथा अवैध दवा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## नेशनल डायग्नोसिस सेंटर पर गंभीर आरोप, एक ही महिला की तीन अलग-अलग अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर** के चर्चित नेशनल डायग्नोसिस सेंटर पर एक बार फिर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। आरोप है कि एक महिला की प्रेगनेंसी जांच के दौरान सेंटर द्वारा तीन बार अलग-अलग अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट दी गई, जिससे परिजन हैरान और परेशान हो गए। बताया जा रहा है कि महिला का अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे युवक को हर बार गर्भावस्था की अलग-अलग स्टेज दर्शाती रिपोर्ट सौंपी गई। लगातार बदलती रिपोर्ट देखकर महिला का पति दंग रह गया और उसने सेंटर संचालक से आपत्ति जताई। इसके बाद चौथी बार दोबारा अल्ट्रासाउंड किया गया। आरोप है कि इस दौरान पहले की गलत रिपोर्टों को सेंटर संचालक ने अपने कब्जे में ले लिया।परिजनों का कहना है कि इतनी गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही मां और गर्भस्थ शिशु दोनों की जान के लिए खतरा बन सकती थी। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर मरीजों को गलत रिपोर्ट क्यों दी जा रही है और स्वास्थ्य विभाग इस मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले एक महीने में इस प्रकार का यह दूसरा मामला सामने आया है, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग और सीएमओ कार्यालय द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी यदि कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़


नहीं होती है तो इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। अब क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी मरीज की जान के साथ खिलवाड़ न हो सके।

### दबंगों ने किया मारपीट पीड़ित परिवार ने लगाया न्याय की गुहार

● पुलिस पर लगाया फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिर्जापुर** कोतवाली थाना देहात क्षेत्र के शाहपुर चौसा निवासी संदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी एवं फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 13 मई 2026 की शाम करीब 6 बजे वह अपने घर जा रहा था, तभी चौसा मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे विपक्षियों ने लाठी, डंडा, धारदार हथियार व असलहे से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में संदीप कुमार एवं उनके परिवार के लोगों को गंभीर चोटें आई।




प्रार्थना पत्र में राहुल सोनकर, अमरजीत सोनकर उर्फ गोलू, गोविन्द सोनकर उर्फ बल्ले एवं किशन सोनकर उर्फ पंडित पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि सूचना देने के बावजूद थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, बल्कि उल्टे उनके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पीड़ित परिवार ने पुलिसअधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### सांड़ के हमले से गंभीर रूप से एक वृद्ध हुए घायल

**सीखड़ मीरजापुर,** कछवा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में आवारा सांड के हमले से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरा निवासी जयप्रकाश नारायण पाठक उर्फ मुन्नू (66 वर्ष) बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे अपने घर के पास मौजूद सांड को अपने गाय के पास से भगा रहे थे। उसी दौरान सांड ने अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सांड ने अपने सींग से उनकी कमर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। हमले में उनके सिर में भी गंभीर रूप चोट आई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि सांड लंबे समय से खैरा तथा आसपास के गांवों में आतंक का कारण बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलकर रखी अपनी बात

**राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष से भी की मुलाकात**



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ महानगर संयोजक भाजपा घनश्याम जायसवाल ने 20 मई को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन में पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए उनके सम्मान और उचित भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की मांग रखी।श्री जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक पत्र सौंपकर प्रयागराज सहित विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से पार्टी के लिए कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं की भावनाओं से अवगत कराया। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि पार्टी अपने पुराने कार्यकर्ताओं का पूरा ध्यान रखेगी तथा संगठन में उनके सम्मान और योगदान को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष से भी मुलाकात की गई। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। घनश्याम जायसवाल ने शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया कि प्रयागराज में संगठन के पुराने एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान और जिम्मेदारी मिलनी चाहिए, ताकि उनका मनोबल और अधिक मजबूत हो सके।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मराज पटेल भी उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट और जिला न्यायालयों में ऑनलाइन सुनवाई की अपील, सीजेआई बोले- मैंने पहले से कहा हुआ है



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने देशभर के सभी उच्च न्यायालयों को ऑनलाइन सुनवाई करने का निर्देश दिया है, जिनमें से अधिकांश ने इसे पहले ही लागू कर दिया है। इसके लिए एक वकील ने दिल्ली की सभी अदालतों में ऑनलाइन सुनवाई की मांग करते हुए याचिका दायर की। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि उन्होंने मुख्य न्यायाधीशों से ऑनलाइन सुनवाई का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि अधिकांश उच्च न्यायालयों ने इसे लागू भी कर दिया है। उन्होंने जोर दिया कि यह बार और बेंच दोनों के लिए एक स्वैच्छिक अभ्यास होना चाहिए। एक वकील ने राष्ट्रहित में सभी जिला न्यायालयों में तीन महीने के लिए ऑनलाइन सुनवाई की मांग की थी। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि जिला न्यायालय उच्च न्यायालयों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने जिला न्यायालयों के लिए भी ऑनलाइन सुनवाई का अनुरोध किया है। सीजेआई सूर्यकांत ने सोमवार को पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अनावश्यक खर्च कम करने के लिए उच्च न्यायालयों से सोमवार और शुक्रवार को ऑनलाइन सुनवाई करने का अनुरोध किया था। 15 मई को शीर्ष अदालत ने सोमवार और शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामलों की सुनवाई का निर्णय लिया। न्यायाधीशों ने ईंधन के अधिकतम उपयोग के लिए कार पूलिंग को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खर्चों में कटौती की अपील के बाद उठाया गया।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि: राहुल गांधी बोले- भारत को समृद्ध बनाने का जो सपना पापा ने देखा था उसे मैं साकार करूंगा

**● राहुल गांधी ने अपने पिता राजीव गांधी के साथ अपने बचपन की एक तस्वीर साझा की और कहा, '' पापा, आपने जिस कुशल, समृद्ध और मजबूत भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी मैं पूरी करूंगा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और कहा कि उनके पिता ने भारत को समृद्ध बनाने का जो सपना देखा था उसे वह साकार करेंगे। राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित पार्टी के कई नेताओं ने राजीव गांधी के स्मारक 'वीर भूमि' जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गांधी ने अपने पिता राजीव गांधी के साथ अपने बचपन की एक तस्वीर साझा की और कहा, '' पापा, आपने जिस कुशल, समृद्ध और मजबूत भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी मैं पूरी करूंगा। आपकी सीख, आपके संस्कार और आपकी यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी।'' वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' भारत के एक सपूत, जिन्होंने देश भर में लाखों लोगों में आशा और आकांक्षा को प्रेरित किया, पूर्व प्रधानमंत्री और 'भारत रत्न' राजीव गांधी को उनके शहादत दिवस पर हम अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ' उन्होंने कहा, 'राजीव गांधी ने दूरदर्शिता, साहस और भारत के भविष्य में गहरी आस्था के साथ, 21वीं सदी में देश की यात्रा की नींव रखी। उनकी परिवर्तनकारी पहलों में मतदान की आयु को घटाकर 18 करना, पंचायती राज के माध्यम से स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाना, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति की शुरुआत करना, कम्प्यूटरीकरण को आगे बढ़ाना, महत्वपूर्ण शांति समझौते हासिल करना, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करना और समावेशी शिक्षा पर केंद्रित एक दूरदर्शी शिक्षा नीति पेश करना शामिल है। ' राजीव गांधी 1984 से 1989 के बीच भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनकी 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान हत्या कर दी गई थी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दिल्ली में राजघाट के पास स्थित उनकी समाधि 'वीर भूमि' पर कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राजीव गांधी को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी समेत कई बड़े नेता वीर भूमि पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी वीर भूमि पहुंचकर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी।

# बयान से पहले युवक की हत्या

**●मुट्ठीगंज में पुरानी रंजिश ने ली जान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुट्ठीगंज/प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते 25 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सक्षम शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि दो युवक उसे घर से बुलाकर गली में ले गए और वहां गोली मार दी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार सक्षम शर्मा अपने परिवार के साथ मुट्ठीगंज इलाके में रहता था। गुरुवार दोपहर विमल और कमल नामक युवक उसे घर से बुलाकर पास की गली में ले गए। कुछ ही देर बाद वहां गोली चलने की आवाज सुनाई दी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो सक्षम गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने बेली अस्पताल रेफर कर दिया। बेली अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सक्षम पर मार्च माह में भी जानलेवा हमला हुआ था। उस मामले में गुरुवार को उसका बयान दर्ज होना था। आरोप है कि बयान देने से पहले ही विरोधियों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है।

## फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक बनाना रहा।समर कैंप के प्रथम दिवस पर वायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बिना गैस के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन मूवी डे का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने मनोरंजक एवं प्रेरणादायक फिल्म का आनंद लिया। तीसरे दिन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समापन दिवस पर पुल डे पार्टी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने जमकर उत्साह दिखाया।विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा चौबे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप को विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने मिलकर रोचक, मनोरंजक एवं यादगार बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अमरदीप यादव, नितेश यादव, लक्ष्य केसरवानी, अनुराग मिश्रा, संगीत शिक्षिका शिल्पा कुशवाहा, प्रीति तिवारी, इशिका गौर, वैष्णवी वैश्य, शिवानी जायसवाल, सोनिया विश्वकर्मा, तनीषा अग्रहरि एवं आरती यादव का विशेष योगदान रहा।समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह एवं उमंग देखने को मिली तथा सभी गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

## प्रयागराज में बढ़ती जा रही शराब और बीयर की खपत, अब 22 नई दुकानें लाटरी के माध्यम से खोली जाएंगी

**प्रयागराज।** जिले में दिनोंदिन शराब और बीयर की खपत बढ़ती जा रही है। इसके चलते 29 नई दुकानें खोली जा रही हैं। इनमें पांच दुकानों की लाटरी हो चुकी है जबकि 22 नई दुकानों की लाटरी निकालने की तैयारी आबकारी विभाग कर रहा है। इन नई दुकानों के साथ ही नौ पुरानी दुकानों की भी लाटरी होगी। इस वित्तीय वर्ष में यह पांचवी बार लाटरी होगी। पिछले चार बार में कुल 1028 दुकानों की लाटरी हो चुकी है। इसमें 398 कंपोजिट, 532 देसी तथा 15 माडल शाप हैं। इसके अलावा भांग की 119 दुकानें हैं।जिला आबकारी अधिकारी सुशील मिश्र ने बताया कि जनपद में इस वर्ष दुकानों की लाइसेंस फीस और फार्म से 131 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। नव सृजित दुकानों में 11 कंपोजिट तथा 11 देसी शराब की हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 1550 करोड़ रुपये जिले में शराब की बिक्री से प्राप्त हुए थे। वहीं इस बार 1750 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नैनी क्षेत्र के शिवनगर मुहल्ले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार (RTI) विभाग द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार (RTI) के प्रदेश महासचिव एवं प्रयागराज मंडल प्रभारी विवेक पाण्डेय ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी मात्र 40 वर्ष की आयु में देश के प्रधानमंत्री बने थे और भारतीय राजनीति को सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की मनमोहक मुस्कान, शालीनता और दूरदर्शी सोच ने विश्वभर का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीण शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना की। देश निर्माण, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए वर्ष 1991 में उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

प्रदेश सचिव महेंद्र दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी की पहली महत्वपूर्ण पहल जनवरी 1985 में दलबदल विरोधी कानून को लागू करना था। इस कानून के तहत संसद या विधानसभा का कोई भी निर्वाचित सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान दल बदल नहीं कर सकता था।प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजीव गांधी ने देश के युवाओं को लोकतंत्र से जोड़ने के उद्देश्य से मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, संचार क्रांति की शुरुआत करने तथा देश में कंप्यूटरीकरण और टेलीकम्युनिकेशन क्रांति को बढ़ावा देने का कार्य किया। उन्होंने स्थानीय स्वराज संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की। विजय मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी को भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विवेक पाण्डेय, महेंद्र दूबे, विजय मिश्रा, राजू भारतीय, अर्जुन यादव, शंकर भारतीय, महेंद्र नारायण मिश्रा, राजेश सागर तिवारी, अभिषेक दूबे, विजय कुमार मिश्रा, घनश्याम पाण्डेय, अरुणेश त्रिपाठी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार (पटना)की आचार्या काजल कुमारी हुई सम्मानित

**● राजस्थान के गर्गाचार्य आश्रम में आचार्या काजल कुमारी को ज्योतिष रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी



**ब्यूरो प्रयागराज।** राजस्थान के भीमलिया स्थित गर्गाचार्य आश्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित काजल कुमारी को किया गया सम्मानित। आचार्या सुश्री काजल कुमारी ने बिहार से पधार कर इस सम्मेलन की शोभा बढ़ाई। इनको ज्योतिष रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें इन्हें राजस्थानी पगड़ी, ममेटो, मेडल और सम्मान पत्र के साथ कुछ नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस विराट ज्योतिषी सम्मलेन में देशभर से पहुंचे ब्राह्मण समाज के विद्वानों ने समाज उत्थान व राष्ट्र वैभव का लिया संकल्प लिया। अखिल भारतीय गुरु ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में निकटवर्ती भिमालिया स्थित श्री गर्गाचार्य आश्रम में ज्योतिष रत्न एवं ज्योतिष विज्ञ सम्मान समारोह हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान, गुजरात, पंजाब, बिहार सहित विभिन्न राज्यों से विद्वान् तथा विदुषी ब्राह्मणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रह्म यज्ञ एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महामंडलेश्वर स्वामी अवतारपुरी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। आयोजन के दौरान समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा, समृद्धि और वैभवता के लिए विशेष प्रार्थना कर सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में गुरु गर्ग ब्राह्मण समाज के विद्वानों ने समाज में शिक्षा, संस्कार, संगठन एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने युवाओं को भारतीय संस्कृति और धर्म से जोड़ने पर बल देते हुए समाज में एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। महामंडलेश्वर स्वामी अवतारपुरी महाराज ने अपने उद्बोधन में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ एवं श्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन से बुराइयों को दूर कर सदाचार, सेवा और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलना चाहिए।

उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। समारोह में महासभा अध्यक्ष नवीन गर्ग ब्यावर, संयोजक विकास भारद्वाज, मंत्री वीरा राम गुरु, सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार कपूरचंद गर्ग नरलाई, सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी बाबूलाल भारजा, पंडित भरत गर्ग पिण्डवाड़ा, शैतानमल गर्ग खाकरवाड़ा, सुरेश शास्त्री सांचौर, एन.के. भारद्वाज, पवित्र बंधु, प्रदीप शर्मा सूरपुरा नीमकाथाना,, प्रदीप जी अबोहर पंजाब, धिसूलाल गर्ग, मनोज शर्मा बगड़, विमल गुरुजी झाड़ोली, चन्दन गर्ग भाटूण्ड, जयरूप गर्ग डूंगरली ,गोल्ड मेडल तथा 581 से ज्यादा सम्मान पत्र तथा कई मेडल जीती हुई विदुषी आचार्या सुश्री काजल कुमारी बिहार पटना से भी भाग लिया,तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजबंधुओं की उपस्थिति रही। आचार्य कुमारी ने अपने विचार प्राकट्य किए कहा कि बेटियों को भी ज्योतिष के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। हमें फिर से ब्राह्मण समाज में गार्गी और लोपामुद्रा को लाना होगा। इसके लिए युवा पीढ़ी को जागरूक कर धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करवाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं विद्वानों का सम्मान कर विकास भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहां की आचार्या काजल कुमारी हमारे समाज का गौरव हैं ये हमारी गार्गी ही हैं जो पुनः अवतरित हुई हैं। ब्राह्मण समाज इस बिटिया को पाकर धन्य हुआ।

## नए यमुना पुल से छात्र-छात्रा के कूदने की सूचना,नदी किनारे मिले दो स्कूली बैग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज-** गुरुवार को नैनी स्थित नए यमुना पुल से एक छात्र और छात्रा के नदी में कूदने की चर्चा पूरे क्षेत्र में होती रही। पुल के नीचे नदी किनारे दो स्कूली बैग मिलने से मामला और गंभीर हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और जेल रोड चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तथा जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार नदी किनारे मिले बैगों में कॉपी-किताबें, कपड़े, हैंडवॉच, परफ्यूम, ब्रश और टूथपेस्ट सहित अन्य सामान मिला है। बैग में एक दवा की पर्ची भी बरामद हुई, जो घूरपुर स्थित एक आई क्लिनिक की बताई जा रही है। पर्ची पर 'रिजवान मिश्रपुर' नाम लिखा हुआ है, जबकि स्कूल बैग पर 'रिजवान क्रिकेटर' अंकित मिला।घंटों छानबीन के बाद भी पुलिस को पुल से कूदने वाले छात्र-छात्रा के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल पर भीड़ जरूर लगी थी, लेकिन किसी ने छात्र या छात्रा को नदी में कूदते हुए नहीं देखा। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ करने के साथ बैग में मिले सामान के आधार पर पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस का अनुमान है कि दोनों छात्र-छात्रा हाईस्कूल के विद्यार्थी हो सकते हैं।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और बैग में मिले सुरागों के आधार पर दोनों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अवैध निर्माण पर अंकुश लगाएगा AI, एक क्लिक से बिना स्वीकृति बन रहे निर्माण को खोज निकालेगा

**प्रयागराज।** शहर में अवैध निर्माण को रोकने के लिए पीडीए की ओर से जोनवार अधिकारियों को लगाया गया है। हालांकि अवैध निर्माण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के कुछ अभियंताओं और लिपिकों की मिलीभगत से हर क्षेत्र में अवैध निर्माण हो रहा है। अब अवैध निर्माण पर नजर रखने के लिए पीडीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) तकनीक का इस्तेमाल करने का विचार कर रहा है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। अवैध निर्माण को रोकने के लिए साफ्टवेयर डेवलप किया जा रहा है। इस साफ्टवेयर में पीडीए के दायरे को दर्ज किया जाएगा। कालोनियों या अन्य स्थानों के भूखंडों पर पीडीए से मानचित्र पास कराए बिना कोई निर्माण करेगा तो साफ्टवेयर के माध्यम से इसकी जानकारी अधिकारियों को मिल जाएगी। एआइ युक्त साफ्टवेयर बनाने के लिए पीडीए और एक बैंक के बीच वार्ता अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। जून से जुलाई तक साफ्टवेयर काम करने लगेगा। पीडीए के आठ जोन हैं, जिनमें सैटेलाइट के जरिए संपत्तियों की मैपिंग आरंभ की गई है। क्षेत्रवार तस्वीर के साथ डाटा तैयार कर एआई तकनीक से अवैध निर्माण पर लगाम कसने की तैयारी है। पीडीए को आए दिन प्रत्येक जोन में होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें मिलती हैं। कई बार मौके पर जाकर प्रवर्तन टीम अवैध निर्माण को ध्वस्त और सील करने की कार्यवाही करती है, लेकिन बहुत से अवैध निर्माण बनकर तैयार हो जाते हैं।

## होलागढ़ पुलिस ने गौतस्करी मामले में वांछित अभियुक्त को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** थाना होलागढ़ पुलिस टीम ने गौतस्करी और पशु क्रूरता अधिनियम से जुड़े मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना होलागढ़ में पंजीकृत मुकदमा संख्या 31/26 धारा 3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित अभियुक्त विकास शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम सराय तालुके दहियावां बाजार थाना होलागढ़, कमिश्नरेट प्रयागराज को गुरुवार 21 मई 2026 को थाना क्षेत्र के काशीपुर स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को थाना होलागढ़ क्षेत्र के पश्चिमनारा नहर पुलिया के पास एक डीसीएम वाहन संख्या यूपी 25 डीटी 7001 गोवंशों से भरा हुआ फंस गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ जनपद प्रतापगढ़ से गोवंशों को कैमूर (बिहार) ले जा रहे थे। वाहन फंसने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना होलागढ़ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थाना होलागढ़ पुलिस की कार्रवाई में अब तक इस मामले में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेजा गया था। फरार चल रहे विकास शर्मा की तलाश लगातार की जा रही थी, जिसे आखिरकार पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने याद किए राजीव गांधी, आतंकवाद के खिलाफ लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 35वें शहादत दिवस पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाते हुए देश में शांति, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। शहर के ऐतिहासिक आनंद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वी जोन प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश को आधुनिक भारत की दिशा दिखाई। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाकर भारत को नई पहचान दिलाई। उनके प्रयासों के कारण ही आज देश तकनीकी क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में गिना जा रहा है। राजेश तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के पक्षधर थे तथा उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य किया। सभा में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ते आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इसे समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने किया। इस दौरान गंगापार अध्यक्ष अशफाक अहमद, हरिकेश त्रिपाठी, हसीब अहमद, संजय तिवारी, मंजू संत, अरशद अली, मनोज पासी, मोहम्मद हसीन, राकेश श्रीवास्तव, अनूप त्रिपाठी, सरताज अहमद, मानस शुक्ला, विनय दूबे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों का धरना जारी, वकीलों पर कार्रवाई की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में चिकित्सकों और अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद माहौल लगातार तनावपूर्ण बना हुआ है। चिकित्सकों पर मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि घटना के दौरान उनके साथ मारपीट और अभद्रता की गई, लेकिन कार्रवाई केवल चिकित्सकों के खिलाफ की गई, जो पूरी तरह एकतरफा है। जूनियर डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर में एकत्र होकर नारेबाजी की और प्रशासन से अधिवक्ताओं के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। डॉक्टरों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान हुए मामूली विवाद को कुछ अधिवक्ताओं ने हिंसक रूप दे दिया, जिससे अस्पताल का माहौल बिगड़ गया और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं। धरने पर बैठे डॉक्टरों ने कहा कि जब तक दोषी अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। चिकित्सकों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अस्पताल परिसर में पुलिस बल की स्थायी तैनाती की भी मांग की है। उनका कहना है कि लगातार हो रही हिंसक घटनाओं से डॉक्टरों में भय का माहौल है और ऐसे माहौल में बेहतर चिकित्सा सेवा देना कठिन हो रहा है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने डॉक्टरों से वार्ता कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध वीडियो फुटेज व साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। धरने और विरोध प्रदर्शन के चलते अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर देखने को मिला। कई विभागों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में 14 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**हजारीबाग, झारखंड:-** कटकमदाग प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत वर्ग 8 के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के 14 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में वार्ड सदस्या श्वेता ओझा ने अपने करकमलों से विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की।साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. जहांगीर अंसारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना राज्य की साक्षरता दर बढ़ाने तथा छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे नियमित रूप से विद्यालय आएं, मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने गांव व राज्य का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार सिंह, कुंज बिहारी, रोहित कुमार, ललन कुमार ओझा, पंकज कुमार ओझा, स्वदेश कुमार ओझा, सरिता कुमारी, प्रभात कुमार ओझा सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### हुसैनाबाद में मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन में नाम नहीं, लाभुक परेशान : प्रदीप कुमार पासवान



**हुसैनाबाद/ पलामू/ झारखंड:-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरा खुर्द पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार एवं प्रशासन से मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की समस्याओं को निदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत लाभुकों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, परंतु कई ऐसे लाभुक हैं जिनका आवेदन फॉर्म उनके गांव या पंचायत में उपलब्ध ही नहीं है। इस कारण वास्तविक एवं योग्य लाभुकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदीप कुमार पासवान ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जिन लाभुकों का फॉर्म पंचायत में नहीं मिल रहा है, उनका फॉर्म कहां गया? आशंका है कि कई लाभुकों के आवेदन किसी दूसरे गांव या पंचायत में भेज दिए गए होंगे, जहां आंगनबाड़ी सेविका द्वारा उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लाभुक पूरी तरह योग्य हैं और योजना का लाभ पाने के पात्र हैं, तो केवल फॉर्म नहीं मिलने के कारण उन्हें अयोग्य ठहराना गलत होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### स्वच्छता पखवाड़ा में बनहरदी परियोजना की पहल, स्कूलों और गांवों में चला जागरूकता अभियान




**लातेहार, झारखंड:-** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बारी मिडिल स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का नेतृत्व महाप्रबंधक निरोद कुमार मलिक ने किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक एम. चंद्र सेगर, आर. बी. सिंह, सिद्धार्थ शंकर, उप महाप्रबंधक अमरेश चंद्र राउल तथा वरिष्ठ प्रबंधक विनेश कुमार सहित कई अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन का वितरण एवं स्थापना भी की गई, ताकि लोगों को कचरा प्रबंधन में सुविधा मिल सके। अधिकारियों ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखने, प्लास्टिक उपयोग कम करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, सासंग उच्च विद्यालय में स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और विद्यार्थियों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम का समापन स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'टीचर्स ऑफ बिहार' की बड़ी पहल

**● भारतीय भाषा समर कैंप एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज का सफल आयोजन**

**ऑनलाइन क्विज में दिखा जबरदस्त उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए समर्पित मंच 'टीचर्स ऑफ बिहार' द्वारा आयोजित 'भारतीय भाषा समर कैंप: एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज 2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कार्यक्रम ने डिजिटल शिक्षा और भाषाई गौरव के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

**प्रमुख सुर्खियां**

4500 से अधिक प्रतिभागियों को प्रदान किए गए डिजिटल सर्टिफिकेट।

बिहार सहित विभिन्न राज्यों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग।


भारतीय भाषाओं के संवर्धन और रचनात्मक शिक्षा पर रहा विशेष जोर।

**संस्थापक एवं तकनीकी टीम का विजन**

समूह के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने संयुक्त रूप से इस आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य तकनीक के माध्यम से शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना है। इस क्विज के माध्यम से हमने न केवल भारतीय भाषाओं की समृद्धि को प्रदर्शित किया, बल्कि यह भी साबित किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का सही उपयोग शैक्षणिक क्रांति ला सकता है।'

**मीडिया और क्विज निर्माण की भूमिका**

प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं क्विज क्रिएटर-सह-प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कार्यक्रम के व्यापक प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा, 'इस आयोजन ने बिहार ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के हजारों शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा प्रेमियों को एक सूत्र में पिरोया है। हमारा लक्ष्य भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा को मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था,




जिसमें हम सफल रहे।'

**सहभागिता और भविष्य की रूपरेखा**

इवेंट लीडर केशव कुमार ने आयोजन के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया, 'इस समर कैंप क्विज में साढ़े चार हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सफलतापूर्वक प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। यह 'टीचर्स ऑफ बिहार' की टीम के अथक प्रयास और शिक्षा के प्रति उनके संकल्प का परिणाम है। शिक्षा, नवाचार, सहयोग और सकारात्मक बदलाव' के मूल मंत्र के साथ 'टीचर्स ऑफ बिहार' लगातार शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के उत्थान के लिए कार्यरत है। टीम ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों से जुड़ने की अपील की है।

## जमीन विवाद को लेकर एक युवक के अपहरण की कोशिश

मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत कादिरगंज थाना क्षेत्र के नीमड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित रविकांत कुमार ने चार नामजद समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रविकांत कुमार, पिता गोपाल शर्मा, ने बताया कि 19 मई की रात करीब 10 बजे वह गांव में आयोजित एक जन्मदिन पार्टी से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे नीमड़ा निवासी विपिन कुमार उर्फ चंदन कुमार, शंकर कुमार, रोशन कुमार (तीनों पिता बृज किशोर सिंह) तथा जहानाबाद के डोंगरा निवासी मोनू कुमार ने उन्हें जबरन पकड़ लिया। रवि का आरोप है कि विपिन कुमार ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल सटाकर जबरन चार पहिया वाहन में बैठाने की कोशिश की। वाहन में पहले से एक अज्ञात व्यक्ति भी बैठा हुआ था। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटने लगे, जिसके बाद सभी आरोपी वाहन समेत फरार हो गए। रविकांत कुमार ने बताया कि आरोपियों के साथ उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है और पूर्व में भी उन्हें धमकी दी जा चुकी है। कादिरगंज थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मानसून से पहले बाढ़-सुखाड़ तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**● वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सुपौल समेत प्रभावित जिलों के अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुपौल।** आगामी मानसून और संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति को लेकर गुरुवार को बिहार सरकार स्तर पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में राज्य के सभी बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित जिलों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मानसून पूर्व सुरक्षात्मक एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करना था। इस दौरान बिहार मौसम सेवा केंद्र, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पथ निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने तटबंधों की सुरक्षा, राहत एवं बचाव सामग्री की उपलब्धता,




आश्रय स्थलों की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं तथा पशु चारे की उपलब्धता की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संभावित आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। सुपौल जिला मुख्यालय से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस., उप विकास आयुक्त सारा अशरफ तथा अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन मो. तारिक समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और बाढ़ पूर्व तैयारियों से जुड़े कार्यों को जमीनी स्तर पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय में प्रथम कौशल महोत्सव का शुभारंभ








स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** विद्यालय परिसर में प्रथम बार आयोजित कौशल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिस्टर लिसिल, प्राचार्य सिस्टर रेखा टुडू, उप प्राचार्या सिस्टर बेरना तथा सिस्टर एंसिल की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को बुके एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल आधारित गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिस्टर लिसिल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं भविष्य के लिए सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है, जिसे सही मंच और मार्गदर्शन मिलने पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उपयोग किया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह कौशल महोत्सव भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'कौशल भारत मिशन' से प्रेरित एक सार्थक प्रयास है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में मूलभूत कौशल, व्यावसायिक दक्षता एवं जीवनोपयोगी क्षमताओं का विकास करना है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को 'करते हुए सीखने' की भावना से जोड़ते हुए रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल एवं टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह एवं उमंग से सराबोर रहा। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# पांच माह से भूखी हैं सेविका-सहायिका मानदेय

**● ड्रेस और उत्पीड़न के खिलाफ डीएम कार्यालय पर गरजा आंगनबाड़ी कर्मियों का हुंकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण में बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन एटक के बैनर तले सेविका और सहायिकाओं का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर जिले भर से पहुंचीं आंगनबाड़ी कर्मियों ने जिला पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना देकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर महिलाओं की भारी भीड़, हाथों में तख्तियां, नारों की गूंज और अपने हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प पूरे आंदोलन को उग्र और प्रभावशाली बना रहा था। धरना में शामिल सेविका-सहायिकाओं ने आरोप लगाया कि पिछले पांच महीनों से मानदेय भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना चुनौती बन चुका है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार एक तरफ बच्चों के पोषण और शिक्षा की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी तरफ उन्हीं बच्चों की देखभाल करने वाली सेविकाओं को महीनों तक मानदेय से वंचित रखा जा रहा है। धरना के दौरान सेविकाओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति को भी खुलकर सामने रखा। आरोप लगाया गया कि बच्चों को जो ड्रेस उपलब्ध कराया जा रहा है उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। कपड़े इतने घटिया हैं कि बच्चे उसे पहनने तक से इंकार कर रहे हैं। इससे सरकार की योजनाओं की सच्चाई उजागर हो रही है। सेविकाओं ने कहा कि यदि बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की बात की जाती है तो कम से कम उन्हें सम्मानजनक गुणवत्ता की सामग्री तो उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आंदोलन में गैस आपूर्ति की समस्या भी प्रमुख मुद्दा बनकर उभरी। सेविकाओं ने कहा कि केंद्रों पर खाना बनाने के लिए गैस की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। कई जगहों पर समय पर गैस नहीं मिलने से बच्चों का भोजन प्रभावित हो रहा है। ऐसी स्थिति में सेविकाओं को ही ग्रामीणों और अभिभावकों के सवालों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार योजनाओं की जिम्मेदारी तो तय करती है लेकिन संसाधन उपलब्ध कराने में लगातार विफल साबित हो रही है। धरना के दौरान केंद्र जांच के नाम पर सेविकाओं को प्रताड़ित करने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया गया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है और सेविकाओं को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है।आंदोलनकारियों ने मांग की कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी और सम्मानजनक हो तथा किसी भी सेविका को अपमानित करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि बाजार में महंगाई लगातार बढ़ रही है लेकिन केंद्र संचालन के लिए मिलने वाली राशि पुराने दरों पर ही सीमित है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण सामग्री खरीदना असंभव हो गया है। यूनियन ने मांग उठाई कि वर्तमान बाजार भाव के अनुसार केंद्रों के लिए राशि निर्धारित की जाए ताकि बच्चों को बेहतर पोषण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। धरना के बाद तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल एटक प्रभारी ओम प्रकाश क्रांति के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी से मिला और मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव सुमन वर्मा और जिला अध्यक्ष सीमा देवी भी शामिल रहीं। जिला पदाधिकारी ने प्रतिनिधियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन आंदोलनकारी सेविकाओं ने साफ कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए एटक प्रभारी ओम प्रकाश क्रांति ने सेविका-सहायिकाओं से अपने हक और अधिकार की लड़ाई को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यूनियन लगातार जिला से लेकर राज्य और केंद्र स्तर तक सेविका-सहायिकाओं की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए सेविका-सहायिकाओं की एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिनसे सतर्क रहने की जरूरत है। ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि यूनियन के संघर्ष का ही परिणाम है कि कभी 500 रुपये मिलने वाला मानदेय आज बढ़कर 7000 रुपये तक पहुंचा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में और बड़ा संघर्ष कर सेविका-सहायिकाओं को केरल की तर्ज पर 16000 रुपये मानदेय दिलाने की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी सेविका-सहायिकाओं को संगठित होकर यूनियन को मजबूत बनाना होगा। सभा को स्नेहलता, गोदावरी देवी, सुमन वर्मा, सीमा देवी, रेणु देवी, सरिता शुक्ला, तब्बसुम आरा, प्रमिला देवी, संजू देवी, संध्या देवी, सत्या देवी, भीखारी महतो, सोमेश्वर शर्मा, आनंद श्रीवास्तव और उदयनारायण शुक्ल समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक सेविका-सहायिकाओं की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना का संचालन अजय वर्मा ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान आंदोलनकारी सेविकाओं का उत्साह और आक्रोश दोनों देखने लायक था। डीएम कार्यालय परिसर नारों से गूंजता रहा और सेविका-सहायिकाओं ने साफ संदेश दिया कि अब वे अपने अधिकारों के लिए चुप बैठने वाली नहीं हैं।

## चंदवा में डीजल संकट से बढ़ी परेशानी, किसानों-व्यवसायियों में आक्रोश; आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों गहराते डीजल संकट ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पेट्रोल पंपों पर खुले तौर पर डीजल नहीं मिलने से छोटे व्यवसायी, किसान और दैनिक कार्यों से जुड़े लोग खासे परेशान हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई छोटे उद्योग-धंधों और मशीन आधारित कार्यों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा गैलन में डीजल देने से इनकार किए जाने के कारण आटा चक्की, होटल, वेल्डिंग-फेब्रिकेशन, गैराज तथा अन्य तकनीकी कार्यों से जुड़े व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। डीजल की कमी का सीधा असर रोजगार और आमदनी पर पड़ रहा है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि छोटी-छोटी बातों पर कार्रवाई करने वाला प्रशासन इतनी बड़ी जनसमस्या पर अब तक गंभीर पहल नहीं कर पाया है। लोगों का कहना है कि यदि ईंधन आपूर्ति में समस्या है तो प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इधर खेती-किसानी का समय नजदीक आने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं, क्योंकि डीजल पंप और कृषि मशीनें पूरी तरह ईंधन पर निर्भर हैं। इस मुद्दे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने भी प्रशासन और ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आम लोगों को इसी तरह परेशान किया गया तो प्रशासनिक अधिकारियों और कथित जमाखोरों के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। सौरभ श्रीवास्तव ने




प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी कर छोटे उपभोक्ताओं को नियमों के तहत डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उनके बयान के बाद क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और आम लोगों का समर्थन भी उन्हें मिलता दिखाई दे रहा है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर इस बढ़ते डीजल संकट से राहत दिलाने के लिए कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### करों में कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**करों, देवघर, झारखंड:-** करों प्रखंड के करोंग्राम स्थित अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यालय परिसर में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि सादे समारोह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सालतर, डूमरतर, करों, रानीडीह एवं डिण्डाकोली गांवों से पहुंचे सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनंजय पाण्डेय ने कहा कि राजीव गांधी के शासनकाल में लोग शांति के साथ जीवन-यापन करते थे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने का श्रेय सदैव राजीव गांधी को दिया जाएगा। पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि कंप्यूटर एवं संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी ही थे। वहीं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रदेव दास ने कहा कि ग्राम सभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजीव गांधी सतत प्रयासरत रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'राजीव गांधी अमर रहें' तथा 'राजीव गांधी का बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान' के नारे भी लगाए। मौके पर अमित मंडल, सागर दास, भीम तुरी, अजित पंडित सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर जेएपी-7 में हुई महत्वपूर्ण बातचीत

**● डिजिटल सुरक्षा को मजबूत बनाने एवं साइबर अपराधों से बचाव को लेकर बनी रणनीति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जेएपी-7 परिसर में एक महत्वपूर्ण बातचीत हुई। इस दौरान अविनाश कुमार, भा0पु0से0 समादेष्टा जेएपी-7 से अनमास्कड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सौरव विश्वकर्मा एवं सी ई ओ शम्पा बाला ने शिष्टाचार मुलाकात कर साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बातचीत में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध, साइबर सिक्योरिटी जागरूकता पर विचार-विमर्श किया गया। अनमास्कड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की भी जानकारी दी गई।




संस्था के निदेशक सौरव विश्वकर्मा ने कहा कि आज के समय में अधिकांश लोग अनजाने में साइबर अपराधियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है। वही शम्पा बाला ने बताया कि संस्था लगातार अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं साइबर अपराधों की पहचान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दे रही है। इस अवसर पर अविनाश कुमार, भा0पु0से0 समादेष्टा जेएपी-7 ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने ऐसे जागरूकता अभियानों को समय की आवश्यकता बताते हुए अभियान और संस्थान दोनों की सराहना की।

## तेलंगाना से गांव पहुंचा प्रवासी मजदूर का शव, भैयाडीह में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड के भैयाडीह गांव निवासी रामदुलाल पंडित की तेलंगाना में मजदूरी के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद 15 मई को मौत हो गई थी। गुरुवार को उनका शव गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह परिवार के लोगों को संभाला। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने प्रतिनिधि अजहरुद्दीन को तत्काल तेलंगाना से शव को गांव लाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके बाद तेलंगाना के विकाराबाद स्थित कारणकोट थाना प्रभारी से संपर्क कर पूरी जानकारी ली गई। साथ ही तेलंगाना के मुख्य सचिव और डीजीपी से भी मानवीय आधार पर हस्तक्षेप का आग्रह किया गया, ताकि शव को सुरक्षित रूप से गांव पहुंचाया जा सके। मृतक का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। हालत ऐसी थी कि परिवार तेलंगाना जाकर शव लाने में भी सक्षम नहीं था। सूचना मिलने पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की। मंत्री के प्रतिनिधि अजहरुद्दीन लगातार तेलंगाना प्रशासन और मृतक के परिवार के संपर्क में बने रहे। उनके प्रयासों से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव को सम्मानपूर्वक गांव भेजा गया। शव पहुंचने के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-



रोकर बुरा हाल था, जबकि ग्रामीणों की आंखें भी नम दिखीं। ग्रामीणों और परिजनों ने कहा कि यदि मंत्री और उनकी टीम सहयोग नहीं करती, तो तेलंगाना से शव गांव लाना संभव नहीं हो पाता। अजहरुद्दीन ने गांव पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी और कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी दिल्ली से लौटने के बाद स्वयं परिवार से मुलाकात करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार आगे भी हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

### तीखी धूप एवं भीषण गर्मी से बढ़ी लोगों की मुश्किलें, धूप की प्रखरता से बाजार की सड़कें हुईं बिरान

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** पाकुड़िया के आसमान पर उमड़ते-घुमड़ते सफेद बादलों के बीच निकलती तीखी धूप से बढ़ी गर्मी के कारण लोगों की परेशानी बढ़ती दिख रही है। हालांकि सदियों से प्रकृति के अनुकूल-प्रतिकूल बदलाव का असर सभी सजीव-निर्जीवों पर पड़ता रहा है। परन्तु हम मानव सदैव ही प्राकृतिक स्वभाव को अपने अनुकूल देखना पसंद करते रहे हैं, पर यह कठिन ही नहीं अपितु असम्भव है। बहरहाल, धूप की प्रखरता से पाकुड़िया बाजार की चहल-पहल बहुत कम देखी गई। प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया के राम-सीता चौक, मुख्य बाजार हाट परिसर तथा झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक पथ भी बिरान देखा गया। जानकारों का मानना है कि मौसम का असर जैसा भी हो, लेकिन रोजमर्रा की चीजें, सब्जियों आदि की खरीददारी लोग अपनी सुविधा के अनुसार करते हुए शीघ्र ही तेज धूप से बचकर घर लौटते दिखे। वहीं दूसरी ओर, पाकुड़िया में विगत कई दिनों से बिजली की कटौती तथा लो वोल्टेज के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ने के साथ नाराजगी भी बढ़ती दिख रही है। इस भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति में नियमितता के साथ वोल्टेज में अपेक्षित सुधार किया जाना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिलती रहे।

## गैस एजेंसियों को उपायुक्त की सख्त चेतावनी

**● समय पर सिलेंडर आपूर्ति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले में गैस वि तरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सुचारू एवं प्रभावी बनाने को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिले की सभी गैस एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने और होम डिलीवरी व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्धारित समय पर हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या उपभोक्ताओं से जुड़ी शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की



जाएगी। उपायुक्त ने गैस सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूशन, लंबित आपूर्ति मामलों एवं होम डिलीवरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने और जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी गैस एजेंसियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन सहित जिले की सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध पिस्टल और कारतूसों के साथ गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)-** पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूसों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बुधवार/गुरुवार की रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैलिया बाईपास मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़े सतेंद्र सिंह चौहान पुत्र माखन सिंह निवासी भीमनगर थाना रौन जिला भिंड मध्यप्रदेश को पकड़ लिया। पुलिस ने जामातलाशी में उसके पास से 32 बोर की एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने सतेंद्र के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### एसडीएम ने बच्चे को दुलारा, स्कूल जाने के लिए किया प्रेरित



**कोंच(जालौन)-** निरीक्षण के दौरान एसडीएम का भावनात्मक और अपनत्व का भाव भी देखने को मिला है। दरअसल, गौशाला का निरीक्षण कर एसडीएम जैसे ही गौशाला से बाहर निकले, नजदीक ही एक झोपड़पट्टी के बाहर उन्हें करीब 5-6 साल का बच्चा मिट्टी में खेलता हुआ नजर आया। एसडीएम उस बच्चे के पास पहुंचे और उसके साथ नीचे जमीन पर बैठकर उससे आत्मीयता के साथ बातचीत कर उसका नाम पूछा। एसडीएम ने वंश नाम के उस बच्चे से स्कूल जाने के बाबत जब पूछा तो बच्चे ने बताया कि वह भाई बहिन हैं और स्कूल नहीं जाते हैं। इस पर एसडीएम ने बच्चे के माता पिता को पास बुलाकर उनसे दोनों बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने उनसे कहा कि शासन द्वारा निःशुल्क रूप से ड्रेस, स्टेशनरी और पाठ्य सामग्री दी जाती है। शिक्षित होकर यही बच्चे समाज और देश के भविष्य हैं इसलिए इनकी पढ़ाई में लापरवाही न बरतें।

### रोजगार मेले में हुआ 66 अभ्यर्थियों का चयन

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में आज दिनाँक 21 मई, 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान प्रजापति, अनुदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को प्रतिभागी कम्पनियों के सभी नियोजकों से परिचय कराया। रोजगार मेले के साथ ही कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउंसलर श्री कपिल शुक्ला, प्रवक्ता द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया एवं रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को जनपद के बाहर की कंपनियों में उनकी योग्यता अनुसार रोजगार पाने हेतु प्रेरित किया। रोजगार मेले में कुल 05 कंपनियों के नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 79 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 66 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रधानाचार्य श्री राजपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरौनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना महरौनी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 213/2026, धारा 108 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत थाना जैसीनगर के ग्राम कनैरा निवासी दशरथ कुशवाहा पुत्र शंकर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया।

# मंडी कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली से गुस्साए किसानों ने भेंड़ में जाम की सड़क, किया प्रदर्शन

**● एसडीएम ने कर्मचारी को किया सस्पेंड**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** मंडी के कर्मचारियों की कार्यशैली से परेशान किसानों का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। ग्राम भेड़ में किसानों ने कोंच-जालौन मार्ग पर प्याज से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े कर जाम लगा दिया। इससे करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।किसानों ने मंडी कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सूचना मिलते ही एसडीएम हेमंत पटेल, सीओ परमेश्वर प्रसाद और कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। किसानों का आरोप था कि मंडी कर्मचारी आए दिन गांव में पहुंचकर चालान आदि के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। किसानों ने बताया कि बुधवार को मंडी इंस्पेक्टर राहुल कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन दल की गाड़ी गांव पहुंची और ट्रैक्टर, पिकअप समेत कई वाहनों के चालान के नाम पर वसूली की। किसानों का कहना था कि इससे उन्हें प्याज घर से बाहर ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रवर्तन दल में शामिल मंडी कार्यालय के कर्मचारी अशोक कुमार पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद एसडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान शांत हुए और सड़क से ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाकर जाम समाप्त किया। एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि किसानों द्वारा मंडी कर्मचारी अशोक कुमार पर अवैध वसूली के आरोप लगाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। विदित हो कि अशोक कुमार मंडी कार्यालय में वॉटरमेन के पद पर तैनात है और बाबू का काम देख रहा था।

## ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम को गौशाला निरीक्षण में मिली भारी अव्यवस्था



**कोंच(जालौन)-** नदीगांव विकास खंड क्षेत्र के ग्राम भेंड़ पहुंचे एसडीएम हेमंत कुमार पटेल ने ग्रामीणों की शिकायतों पर गौशाला का निरीक्षण किया, जहां उन्हें तमाम अव्यवस्थाएं और खामियां देखने को मिली। एसडीएम ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए



जाने के कड़े निर्देश दिए। गौशाला निरीक्षण के दौरान एसडीएम को साफ सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। गौवंशों हेतु पीने के पानी के लिए बने हौद में गंदगी जमी मिली और लू से बचाव के लिए तिरपाल आदि भी लगी नहीं मिली। खाने के लिए सिर्फ सूखा भूसा ही नजर आया, हरा चारा और चोखर कहीं नहीं मिला। बिजली पोल से लाइन क्षतिग्रस्त पड़ी होने के चलते गौशाला में बिजली सप्लाई भी ठप्प पाई गई द्य। वहीं मौजूद ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि बीते दो पहले भूसा तक उपलब्ध नहीं था जिससे गौवंश भूखों रहे। एसडीएम ने व्याप्त अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव गंधर्व सिंह को तलब किया है। एसडीएम ने बीडीओ से लेकर गौशाला के केयरटेकर दंपति संजू और प्रियंका को जल्द से जल्द सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# दूधिया रोशनी में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मैदान में किया शानदार प्रदर्शन





**●सागर स्पोर्ट्स उरई एवं शाइनिंग इंडिया मेरठ ने जीते अपने मैच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** एमएसडी महाविद्यालय तीतरा के मैदान में दूधिया रोशनी में आयोजित माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सागर स्पोर्ट्स उरई एवं इलेवन वारियर्स उरई के मध्य खेला गया। सागर स्पोर्ट्स के कप्तान अभिनव पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित 8 ओवरों में टीम ने 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए जिसमें कप्तान अभिनव ने सर्वाधिक 24 रनों का योगदान दिया जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में कप्तान निखिल कुशवाहा की अगुवाई में खेलने उतरी इलेवन वारियर्स की टीम 8 ओवरों में मात्र 40 रन ही बना सकी और टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरा मैच शाइनिंग इंडिया मेरठ एवं रेनवो क्लब झांसी की टीम के मध्य खेला गया। शाइनिंग इंडिया टीम के कप्तान अनस खान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। रेनवो क्लब की टीम के कप्तान सुमित कुमार के निर्देशन में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 9 विकेट खोकर सिर्फ 34 रन ही बना सकी और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। शाइनिंग इंडिया टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी जावेद अली को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में उम्दा प्रदर्शन करने पर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दोनों मैचों के मेन ऑफ द मैच खिलाड़ी को शील्ड और पांच-पांच सौ रुपए का नकद इनाम प्रदान किया गया। दोनों मैच में अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी उन्नाव एवं शिशिर कुमार ने निभाई। कमेंट्री मुजीब अहमद, रोहित कोंच, राजा भदारी ने की। स्कोरर का दायित्व अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाया। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में तीतरा कमेटी के अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि संलग्न रहे। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने टूर्नामेंट के आयोजक माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन व भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन सहित हजारों क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी में मैदान पर पहुंचकर फीता काटा और फिर टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, तदोपरांत टॉस के लिए सिक्का उछाला। प्रभारी मंत्री ने स्वयं एक छोर पर बल्लेबाजी की जबकि विधायक मूलचंद्र ने उनके सामने गेंदबाजी की।

## सोनभद्र पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि, CEIR पोर्टल के माध्यम से खोए मोबाइल फोन बरामद करने में उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान

**● वर्ष 2026 में कुल 638 मोबाइल फोन बरामद, कीमत लगभग 01 करोड़ 25 लाख रुपये-**

**साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा संचालित हृष्ट्रक्रकपोर्टल के माध्यम से लगभग 01 करोड़ 02 लाख रुपये पीड़ितों के खातों में कराए वापस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन के खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से खोए मोबाइल फोन बरामद करने में जनपद सोनभद्र पुलिस ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2026 में अब तक जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा कुल 638 खोए हुए मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ 25 लाख रुपये है, बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस कराया गया है। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों द्वारा सोनभद्र पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

इसी क्रम में साइबर थाना/साइबर सेल सोनभद्र द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर ठगी एवं डिजिटल माध्यम से होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक केंद्र सरकार द्वारा संचालित NCRP पोर्टल के माध्यम से लगभग 01 करोड़ 02 लाख रुपये की धनराशि साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों के खातों में वापस कराई गई है। साइबर हेल्पलाइन 1930, NCRP पोर्टल एवं साइबर थाना/साइबर सेल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को राहत प्रदान की जा रही है। सोनभद्र पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक अथवा ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें तथा किसी भी साइबर घटना की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा नजदीकी साइबर थाना/साइबर सेल को दें। साथ ही अपने खोए हुए मोबाइल फोन को तत्काल CEIR पोर्टल पर रजिस्टर करें, जिससे मोबाइल की बरामदगी हेतु त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## खेत के बाड़े से तीन भैंसें समेत पांच मवेशी चोरी

**अंतर्राज्यीय गिरोह के चार नामजद**

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में किसान के खेत पर बने बाड़े से लाखों रुपये कीमत के मवेशी चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम दौलतपुर निवासी राजनसिंह पुत्र शिवराज सिंह यादव ने तहरीर में बताया कि 17 मई 2026 की रात उनके खेत पर बने बाड़े से चोर तीन भैंसें, एक पड़वा और एक पड़िया चोरी कर ले गए। घटना के समय सभी मवेशी बाड़े में बंधे हुए थे। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित द्वारा की गई खोजबीन में यह बात सामने आई कि उत्तम धाना निवासी रामजी कुशवाहा निवासी फूलबाग एवं अरबाज अपने अन्य साथियों के साथ दिन में गांवों में घूमकर किसानों के बाड़ों की रेकी करते हैं और रात के समय गाड़ी में मवेशियों को लादकर चोरी कर ले जाते हैं। आरोप लगाया गया है कि चोरी किए गए पशुओं को ललितपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलवारा कलां निवासी महेंद्र राजा को सौंपा जाता है। इसके बाद वह उन्हें झांसी निवासी पिस्टन नामक व्यक्ति तक पहुंचाता है, जहां से पशुओं को अन्य स्थानों पर खपाया जाता है। पुलिस इसे अंतरराज्यीय पशु चोरी गिरोह से जोड़कर जांच कर रही है। मामले में थाना नाराहट पुलिस ने रामजी कुशवाहा पुत्र शिवलाल, अरबाज पुत्र आजाद, महेंद्र राजा तथा पिस्टल समेत 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व सपा सरकार में कट्टा चलाने और वर्तमान भाजपा सरकार में अच्छा क्रिकेट खेलने की होती है प्रतिस्पर्धा- प्रभारी मंत्री

**● माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोंच(जालौन)-** विधायक खेल महोत्सव के तहत एमएसडी महाविद्यालय तीतरा के विशाल मैदान में आयोजित माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग और भव्य उद्घाटन बुधवार की रात प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल विभाग के राज्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

उद्घाटन समारोह में निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से पहुंचे प्रभारी मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, माधोगढ़ विधायक और टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मूलचंद्र निरंजन के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में बोलते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की प्रतिभा निखारने का काम सर्वाधिक लोकप्रिय खेल क्रिकेट के माध्यम से किया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीति और नीयत बिल्कुल स्पष्ट है कि क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मुहैया कराया जाये। पूर्व की सपा सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रतियोगिता होती थी कि कौन कितना अच्छा कट्टा चलाता है, जबकि भाजपानीत योगी जी की सरकार में प्रतियोगिता होती है कि कौन कितना अच्छा क्रिकेट खेलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी गुंडे की ताकत नहीं है कि रात 12 बजे भी सड़क पर चलने वाले व्यक्ति को रोके-टोके। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की अच्छी व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि विधायक मूलचंद्र निरंजन के बेहद सफल प्रयासों की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। विज्ञानसभा क्षेत्र के लोग खुशनसीब हैं जिन्हें एक सरल, सहज और कर्तव्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि के रूप में मूलचंद्र जैसा विधायक मिला है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनवाने का भी आश्वासन दिया जिसको लेकर खूब तालियां बजी। भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भी टूर्नामेंट के आयोजन की तारीफ करते हुए सभी को बधाई दी। आयोजक और विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। क्षेत्रवासियों के स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद से वह निरंतर ऐसे आयोजन कराते रहेंगे। इससे पूर्व टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रमुख और विधायक पुत्र आशु निरंजन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री, जिलाध्यक्ष और विधायक का फूलमाला, पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। मुख्य द्वार पर सुसज्जित जेसीबी से की गई पुष्पवर्षा आकर्षित करने वाली रही। समारोह में पंडोखर धाम से पधारे महंत अनिल भारद्वाज, कोंच पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पुनीत मित्तल जालौन, ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, रामलखान औद्दिच्य, देवेंद्र निरंजन छुन्ना, रामजी राजावत, अमित निरंजन, शीलू पड़री, क्रांति शर्मा, डॉ बीके निरंजन झांसी, नीमा अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन, लालजी निरंजन चांदनी, गौरी चबोर, अरविंद निरंजन मुनिया, धर्मेंद्र राठौर, विपिन पटेल, बाबूराम पाल सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य, क्षेत्रीय नागरिक और क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। संचालन विकास पटेल और प्रदीप धनौरा ने किया।

## घर से भटकी नन्ही दीक्षा को मिला मां का आंचल, चाइल्ड हेल्पलाइन ने परिवार से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** ननिहाल में खेलते-खेलते 2 साल की मासूम दीक्षा अचानक लापता हो गई तो मां दीपा का कलेजा मुंह को आ गया। दलित बस्ती, रॉबर्ट्सगंज में अफरा-तफरी मच गई। मगर कहानी का अंत सुखद रहा। थाने से प्राप्त सूचना पर परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सोनभद्र ने तत्परता दिखाते हुए 2 वर्षीय दीक्षा को संरक्षण में लिया। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से सुपरवाइजर सुधा गिरी एवं काउंसलर अमन सोनकर मौके पर मौजूद रहे। दीक्षा मूल रूप से ग्राम तुल्लापुर, थाना मेजा, जिला प्रयागराज की रहने वाली है। उसके पिता का नाम शिवम और माता का नाम दीपा है। मां दीपा इन दिनों अपने ननिहाल आई थी, तभी यह हादसा हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना प्रभारी सविता सरोज ने भी तुरंत संज्ञान लिया। उनके मार्गदर्शन में परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह सुपरवाइजर सुधा गिरी व काउंसलर अमन सोनकर ने बच्ची से मित्रवत बातचीत कर परिजनों का पता लगाना शुरू किया। कुछ ही घंटों की मेहनत रंग लाई।

माता-पिता से संपर्क कर कागजी औपचारिकता पूरी की गई। जब दीक्षा अपनी मां की गोद में पहुंची तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। महिला थाना प्रभारी सविता सरोज ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। थोड़ी सी सतर्कता से हम किसी का घर उजड़ने



से बचा सकते हैं। परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम 24×7 बच्चों की मदद के लिए तत्पर है। चाइल्ड हेल्पलाइन ने अपील की है कि कोई भी बच्चा लावारिस या भटका मिले तो तुरंत 1098 पर कॉल करें। आपकी एक कॉल किसी मां की सूनी गोद भर सकती है।

# बरसात से पहले एक्शन मोड में नगर पालिका

**● शहर में तेज हुए नाला निर्माण और विकास कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी बरसात में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण एवं विकास कार्य तेज गति से कराए जा रहे हैं। गुरुवार को वार्ड नंबर 19 स्थित मोहल्ला नझाई बाजार में मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान की ओर बनने वाले नाले का विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद आलोक जैन मयूर ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। नपाध्यक्ष ने कहा कि बरसात के समय शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान तक बनने वाला नाला क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाएगा और स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वार्ड नंबर 06 रामनगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य, नव निर्मित सड़कों तथा कल्याण सिंह सभागार परिसर में बनाए गए महिला एवं पुरुष शौचालयों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामनगर ऑडिटोरियम के पीछे निर्माणाधीन नाले का जायजा लेते हुए स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि वर्षों से नाला निर्माण न होने के कारण बरसात में घरों में पानी भर जाता था, लेकिन अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इसके बाद अध्यक्ष ने गल्ला मंडी के सामने स्थित कॉलोनी में नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पहले सड़कें न होने से कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन करना पड़ता था, लेकिन अब नई सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित हो गया है। निरीक्षण के दौरान एक महिला द्वारा सड़क निर्माण एवं जलभराव की समस्या बताने पर अध्यक्ष स्वयं उसके घर पहुंचीं और मौके पर निरीक्षण कर बरसात से पहले समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित सफाई निरीक्षक को वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका द्वारा वर्तमान में वार्ड नंबर 06 रामनगर और वार्ड नंबर 12 आजादपुरा में भी नाला निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि बरसात से पहले शहर को जलभराव की समस्या से काफी हद तक मुक्त किया जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, विवेक जैन (जिमी), महेन्द्र सिंह यादव, राजदीप राजा, रितिक कटारे, बद्री कुशवाहा, मोहसिन खान, नसीर खान सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज की महिला एचओडी को जान से मारने की धमकी

**» पूर्व कर्मचारी पर रंगदारी व प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज**
**» नौकरी से निकाले जाने से बौखलाया आरोपी**
**» अलग-अलग नंबरों से फोन कर दे रहा धमकियां, स्टाफ में दहशत का माहौल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी विभाग की महिला विभागाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देने और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रुति सिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक पूर्व आउटसोर्सिंग कर्मचारी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद वह महिला डॉक्टर पर नौकरी बहाल कराने का दबाव बना रहा था और मना करने पर झूठे आरोपों में फंसाने व हत्या की धमकी दे रहा था। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह (49 वर्ष) पुत्री नत्थू सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी ग्राम बैरवारा निवासी शैलेंद्र यादव पीओसीटी कंपनी के माध्यम से आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में पैथोलॉजी विभाग में तैनात था। ड्यूटी के दौरान उसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि वह ड्यूटी पर नशा करता था, जिसके चलते कंपनी ने उसकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। महिला विभागाध्यक्ष के अनुसार नौकरी जाने के बाद आरोपी बौखला गया और उसने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर दबाव बना रहा है कि उसकी दोबारा नौकरी लगवाई जाए। आरोपी कथित तौर पर धमकी दे रहा है कि यदि नौकरी वापस नहीं मिली तो वह डा. श्रुति सिंह को मेडिकल कॉलेज में नौकरी नहीं करने देगा और उन पर रुपये लेने जैसे झूठे आरोप लगाकर शिकायत करेगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं, मेडिकल कॉलेज के अन्य कर्मचारियों से भी वह कह रहा है कि अगर उसकी नौकरी बहाल नहीं हुई तो वह कॉलेज के एक-दो लोगों को मार देगा। आरोपी की इन धमकियों से मेडिकल कॉलेज स्टाफ में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डा.श्रुति सिंह ने इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य, सीएमएस तथा महिला आयोग को भी भेजी है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## फेसबुक पर युवती की फोटो वायरल कर बदनाम करने का आरोप

**युवक पर आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं और युवतियों को बदनाम करने के मामलों पर ललितपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया है कि युवक ने उसकी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर उसकी सामाजिक छवि धूमिल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर साइबर जांच शुरू कर दी है। युवती ने तहरीर में बताया कि थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम गौना निवासी कप्तान राजा बुन्देला उर्फ कप्तान सिंह बुंदेला उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। आरोपी ने कथित रूप से उसकी फोटो अपनी फेसबुक आईडी कुं.कप्तान सिंह बुंदेला पर पोस्ट कर दी, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सोशल मीडिया पर आए दिन अभद्र और आपत्तिजनक गतिविधियां करता रहता है। फेसबुक पर फोटो पोस्ट किए जाने के बाद गांव और समाज में उसकी बदनामी हुई है, जिससे वह मानसिक तनाव में है। युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी आशंका जताई है कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई अप्रिय घटना या अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार केवल आरोपी कप्तान राजा बुन्देला होगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## भाजपा मंडल की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**तालबेहट।** भारतीय जनता पार्टी मंडल तालबेहट की संगठनात्मक एवं कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष पं. हरिश्चंद्र रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर प्रवासी, मंडल महामंत्री सहित पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी 24 तारीख को सभी शक्ति केंद्रों पर सेक्टर प्रवासियों द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित करने की रूपरेखा तय की गई। साथ ही 31 तारीख को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर तैयारियों एवं समीक्षा पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि उसी दिन बूथ अध्यक्ष अपनी-अपनी कमेटियों एवं पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में मंडल प्रभारी हरिराम राजपूत, मंडल अध्यक्ष नीरज पटैरिया, मंडल महामंत्री मोनू पस्तोर, रामकिशन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे, अमित गुप्ता, मीडिया प्रभारी महेन्द्र बुन्देला सहित मंडल एवं सेक्टर स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई कक्षा 10 सामाजिक विषय की परीक्षा सकुशल संपन्न



**प्रतापगढ़।** सीबीएसई कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान की आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई। आयोजित परीक्षा में जनपद 4 केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापगढ़, संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊंगा प्रतापगढ़, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज एवं जमुना मालती गुरुकुलम पब्लिक स्कूल कालाकांकर पर 478 में से कुल 418 छात्र शामिल हुए जबकि 60 छात्र अनुपस्थित रहे।सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई तथा प्रिंसिपल न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल विपिन कुमार सोनी के अनुसार सभी केंद्रों पर सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी निगरानी में तथा पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा कराई गई। केंद्र व्यवस्थापकों के अनुसार परीक्षा के दौरान कोई भी अनुचित साधन का प्रयोग नहीं पाया गया। चेयरपर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि इसी के साथ कक्षा 10 वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा का समापन हो गया।

### एनयूपीपीएल में मुख्य कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड का 70 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर के यमुना पट्टी में स्थित निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड,, एनयूपीपीएल,, में मुख्य कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड का 70 वा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस विशेष अवसर पर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामई उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया, कार्यक्रम के दौरान निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड,, एनयूपीपीएल,के मुख्य कार्यकारी अधिकारी,, सीईओ,,एस दुरई कुमार, द्वारा केक काट कर 70 वा स्थापना दिवस का शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर एनयूपीपीएल,के मुख्य महाप्रबंधक परियोजना,बी,आर, चंद्रशेखरन, मुख्य वित्त अधिकारी प्रशून राय, मुख्य महाप्रबंधक एस रविकुमार,मानव संसाधन प्रमुख कौशिक भार, एवं निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड,, एनयूपीपीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कंपनी की निरंतर प्रगति एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान से मनाई गई



**ललितपुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को ललितपुर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक युग की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर भारत के विकास की नई दिशा तय की। उनका जीवन देश सेवा और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए समर्पित रहा। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति जिला प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने गांवों के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए साहसिक निर्णय लिए, जिनमें कम्प्यूटर युग की शुरुआत सबसे महत्वपूर्ण रही। आज भारत का सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में विश्व बाजार में जो दबदबा है, उसमें उनकी दूरदर्शी नीतियों का बड़ा योगदान है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चन्देल, महासचिव शशिकांत दीक्षित, नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, बृजेश शाडिल्य, हीरालाल सेन, सूर्या राजा, पवन विश्वकर्मा, बॉबी राजा, रफीक अली, सुनील अहिरवार, महेश रजक, गजेन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह, सोहन सिंह, चीकू पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक ने व्यक्त किया।

# बिजली कटौती के साथ सूर्यदेव के प्रचंड ताप से झुलसते कानपुर में धधकी गत्ता फैक्ट्री

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कानपुर।** यहां घंटों बिजली कटौती के साथ सूर्य के जारी प्रचंड ताप से झुलसते महानगर में आज तड़के अचानक आग लग जाने से घटना फैक्ट्री धधक उठी। साकेत नगर में आज गुरुवार को तड़के हुई इस घटना के दौरान कई सिलेंडरों में हुए विस्फोट ने भी लोगों में दहशत पैदा कर दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने बड़ी मुश्किल से 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

गत्ता फैक्ट्री में लगी इस आग की भयानकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गैस सिलेंडरों के चपेट में आते ही 10-10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। जिससे भयभीत लोग शोर मचाते हुएघर छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके कुछ ही देर बाद दी गई सूचना पर पांच फायर स्टेशनों से करीब 9 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। चार घंटे बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस आग कितना नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है।वहीं मामले की जांच भी शुरू किए जाने की बात कही गई है।

अवगत कराते चले कि आग लगने की यह घटना पहली नहीं है। इसके पहले भी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी आग लगने से लाखों की फसल जलकर भी नष्ट हो चुकी है। इनमें से कई घटनाएं शार्ट सर्किट की वजह से हुई बताई गई हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में सूर्य देव के प्रचंड ताप का प्रहार भी लगातार जारी है। लोगों पर इसके जानलेवा असर पर बिजली की घंटों कटौती भी अपना अहम रोल निभा रही है। जिसके फल स्वरुप भीषण गर्मी से बीमार होने वालों की संख्या में भी इजाफा होने का दावा किया गया है।

## मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, इलाके में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** नर्वल थाना क्षेत्र के सिकठिया मोड़ पर सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवती अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, टावर पर चढ़ी युवती की पहचान गांव निवासी ननकी कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों से परेशान होकर युवती ने यह कदम उठाया।टावर पर चढ़ी युवती ने गांव के ही ठाकुर अवधेश सिंह और राकेश सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। युवती का कहना था कि दोनों की वजह से उसका जीवन परेशानियों से घिर गया है। हालांकि पुलिस फिलहाल आरोपों की सत्यता की जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही नर्वल थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। काफी देर तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी युवती को समझाने में जुटे रहे। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया और आसपास लोगों की भीड़ को नियंत्रित किया गया। काफी प्रयासों के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश जारी रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और युवती द्वारा लगाए गए आरोपों की भी गंभीरता से पड़ताल की जाएगी।

## माय भारत प्रतापगढ़ के संयुक्त निदेशक का आकस्मिक निधन




**प्रतापगढ़।** माय भारत प्रतापगढ़ के संयुक्त निदेशक समर बहादुर सिंह का गुरुवार को प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान स्वर्गवास हो गया। स्व0 समर बहादुर सिंह आगामी नवम्बर 2026में सेवा निवृत्त होने वाले थे। स्व0श्री सिंह के परिवार में उनकी धर्मपत्नी व दो अविवाहित बेटियां हैं। माय भारत प्रतापगढ़ के लेखाकार विनय कुमार मिश्र तथा माय भारत के वालेंटियर व समाज सेवी रोशन लाल उमर वैश्य, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुःखद घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की विनती की है। रोशन लाल ने कहा कि श्री सिंह का निधन एक अपूर्णीय क्षति है। उनका मृदुल व्यवहार एवं सज्जनता सभी को हमेशा याद रहेगा।

# कानपुर में बिजली संकट पर गरजे विधायक सुरेंद्र मैथानी, केस्को मुख्यालय पहुंचकर एमडी नेहा जैन से की वार्ता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** शहर में लगातार बढ़ रहे बिजली संकट और अघोषित कटौती को लेकर गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को केस्को मुख्यालय पहुंचकर प्रबंध निदेशक (एमडी) नेहा जैन से मुलाकात की। विधायक ने शहर में हो रही भीषण विद्युत कटौती पर गहरा आक्रोश जताते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 24 घंटे बिजली आपूर्ति का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर लापरवाही और तैयारी की कमी के कारण कानपुर की जनता भीषण संकट झेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई सब-स्टेशनों पर तैनात कर्मचारी जनता से सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं और शिकायत करने पहुंचे लोगों को उल्टे जवाब दिए जा रहे हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता को उसके हाल पर नहीं छोड़ा जाएगा और यदि जल्द हालात नहीं सुधरे तो उन्हें मुख्यमंत्री तक मामला ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**रात 8 बजे से 1 बजे तक तैनात रहेंगे वरिष्ठ अधिकारी**

वार्ता के दौरान विशेष रूप से गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में बिजली संकट को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिन सब-स्टेशनों पर अधिक समस्याएं हैं, वहां रात 8 बजे से रात 1 बजे तक अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। ये अधिकारी जनता की शिकायतें सुनेंगे, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने में मदद करेंगे और मौके पर समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी और लू के बीच बिना बिजली के आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नीट समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**ओवरलोड ट्रांसफार्मर बदलने और संसाधन बढ़ाने पर सहमति**

बैठक में यह भी तय हुआ कि ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और रिपेयर गैंग को हाथगाड़ी की जगह ई-रिक्शा जैसे संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि फॉल्ट को तेजी से ठीक किया जा सके। साथ ही ट्रॉली और अन्य तकनीकी संसाधनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा



स्थानीय फॉल्टों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने और CUGL गैस लाइन खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई बिजली लाइनों के मामलों में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी कर कानूनी कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी।

**एमडी ने युद्ध स्तर पर सुधार का दिया आश्वासन**

विधायक और केस्को एमडी नेहा जैन के बीच हुई वार्ता के बाद एमडी ने शहर में युद्ध स्तर पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में अनुपम मिश्रा, दीपक सिंह, पार्षद गुंजन शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय राय, दीपक शुक्ला, राजा पंडित, वेद मिश्रा, मनोज, विक्रांत चौहान, दीपक राजपूत, अरुण दुबे, प्रियंक सिंह और ललित पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नवनिर्मित थाना कोतवाली देहात से विधिवत कार्य संचालन का हुआ शुभारंभ



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** नवनिर्मित थाना कोतवाली देहात से विधिवत कार्य संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। भूमि पूजन एवं विधिवत कार्य का शुभारंभ नवस्थापित थाना परिसर में गुरुवार को प्रातः विधि विधान के साथ भूमि पूजन अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल,जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत आधिकारिक रूप से पुलिसिंग कार्यों का संचालन प्रारंभ किया गया। इस दौरान डीएम एवं एसपी ने नवस्थापित कार्यालयों, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष तथा विशेष रूप से जनसुनवाई कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज, क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण वैस एवं थाना प्रभारी उदयपुर/सहायक पुलिस अधीक्षक मो. आफताब आलम (परिवीक्षाधीन आईपीएस) सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, 12 साल के मासूम की मौत, महिला घायल

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर ग्रांट के चौराहा खास सोहास-नौगढ़ मार्ग पर गुरुवार को दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक मासूम बालक की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हुई है। गर्मी के कारण सड़क किनारे पेड़ की छांव में बैठे लोगों पर अचानक एक अनियंत्रित ई-रिक्शा पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोहास की तरफ से आ रहा ई-रिक्शा अचानक संतुलन खो बैठा और सीधे सड़क किनारे बैठे लोगों पर पलट गया।

हादसे में फूला देवी पत्नी मुनिराज यादव गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उनका (12) वर्षीय पोता रिशाल पुत्र राजेंद्र यादव ई-रिक्शा के नीचे दब गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल इलाज के लिए माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के कर मासूम रिशाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं फूला देवी का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि उनके शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं तथा हड्डियां भी टूट गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई में जुटी गई है।

## हैलट अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरे में कर्मचारी की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस



**कानपुर।** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र स्थित हैलट अस्पताल परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब रैन बसेरे में कार्यरत एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक की पहचान विनोद कुमार सोनकर निवासी नवाबगंज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग के पास बने रैन बसेरे की है, जहां विनोद कुमार कार्यरत थे। सूचना मिलते ही स्वरूप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन अस्पताल पहुंच गए और रो-रोकर उनका बुरा हाल रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर अतिक्रमण किया तो होगी कड़ी कार्यवाही- डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

कानपुर। आज दिनांक 21.05.2026 को *पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना ‘Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme’ के अंतर्गत कल्याणपुर क्रासिंग, गुरुदेव चौराहा , बिठूर कट तिराहा, इंदिरा नगर तिराहा, व बगिया क्रासिंग का भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था, सड़क पर वाहन दबाव , अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन, सड़क किनारे अतिक्रमण तथा प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। अस्थायी रूप से लग रही सब्जी मंडी के विक्रेताओं को निर्धारित निकटवर्ती सब्जी मंडी में ही व्यवसाय करने हेतु निर्देशित किया गया। दुकानदारों को अपनी दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखने हेतु बताया गया। सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि यातायात को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई डीसीपी यातायात द्वारा बताया गया कि’Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme’ का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान एडीसीपी यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, संबंधित जोन टीआई व स्थानीय थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

## 3 दिन में 100 से ज्यादा ट्रिपिंग, गुंजन विहार में बिजली संकट से जनता बेहाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

कानपुर। बर्रा क्षेत्र स्थित करुंही सब स्टेशन की अव्यवस्था एक बार फिर सामने आई है। गुंजन विहार इलाके में पिछले तीन दिनों के भीतर 100 से अधिक बार बिजली ट्रिपिंग होने से स्थानीय लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लगातार हो रही कटौती और ट्रिपिंग से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक बुधवार शाम करीब 6 बजे गई बिजली गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को रातभर जागकर समय बिताना पड़ा।

बिजली आपूर्ति ठप होने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो गई, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के कई घरों में पानी की टंकियां खाली हो गई और लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद केस्को के जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। इससे लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती और लगातार ट्रिपिंग ने बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्रवासियों ने केस्को प्रशासन पर लापरवाही




का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल, क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर स्टेडियम में क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय मैत्री पूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन गुरुवार को प्रतापगढ़ स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया।इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। क्रिकेट मैच का उद्घाटन कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ किये।क्रिकेट मैच के आयोजक कांग्रेस खेल कूद प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी रहे।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भारत को आधुनिक, तकनीकी एवं दूरसंचार क्रांति को दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। युवा सोच,आधुनिक दृष्टि और भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने के उनके संकल्प ने देश के विकास को नई दिशा प्रदान की। यह मैच गोमती ग्लोबल स्कूल और अमेठी के बीच हुआ जिसमें टॉस जीतकर गोमती ग्लोबल स्कूल में 35 ओवर में 262 रन 10 विकेट खोकर बनाए जिसमें सक्षम सिंह ने 78 रन बनाए और कार्तिकेय तिवारी ने 61 रन की शानदार पारी खेली, अमेठी की तरफ से विवेक यादव ने 4 विकेट लिए साहिल और कार्तिकेय ने 2-2 विकेट लिए जवाब देने उतरे अमेठी की टीम बल्लेबाजी करते हुए 175 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच के दौरान मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, नगर अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, जिला सचिव आशिक अली, अभिषेक, देवमणि पांडेय उपस्थित रहे।

## प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास एवं धमकी देने के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम बरहूपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ द्वारा स्थानीय थाना पर तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि गांव निवासी संजय कुमार एवं फूलचंद वर्मा द्वारा गांव के कुछ महिला एवं पुरुषों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित करते हुए प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। प्रार्थी के अनुसार विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्तियों द्वारा गांव के अन्य लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना पट्टी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में थाना पट्टी के उ0नि0 हेमंत कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा जांच प्रार्थना पत्र के दौरान धारा 131/ 352/351(3) बीएनएस व 3/5(3) उ0प्र0 वि0वि0 धर्म संपरि0 प्रति0 अधि थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 02 अभियुक्तों संजय पुत्र मुन्नीलाल निवासी बरहपुर थाना पट्टी प्रतापगढ़ उम्र करीब 36 वर्ष, व फूलचन्द्र वर्मा पुत्र स्व बेनी प्रसाद वर्मा निवासी बरहुपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 53 वर्ष को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरहुपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक एक बाइबिल ग्रन्थ, ईशु मसीह अंकित डायरी बरामद की गई है।

# कानपुर में खेतों से चलता था साइबर ठगी का ‘ऑफिस’, पुलिस-सीबीआई बनकर लोगों को लगाते थे चूना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर, उत्तर प्रदेश।** कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो खेतों के बीच बने ठिकाने से देशभर के लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था। पश्चिम जोन पुलिस और सचेंडी थाना टीम ने संयुक्त कार्रवाई में आठ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को पुलिस अधिकारी, क्राइम ब्रांच या सीबीआई अफसर बताकर लोगों को फोन करते थे और उन्हें कानूनी कार्रवाई, गिरफ्तारी या जांच का डर दिखाकर रुपये ऐंठते थे। गिरोह लोगों को फर्जी नोटिस, वीडियो कॉल और नकली दस्तावेज भेजकर मानसिक दबाव बनाता था।

जांच में सामने आया है कि आरोपी खेतों के बीच बने एक सुनसान ठिकाने से अपना पूरा नेटवर्क संचालित कर रहे थे, ताकि किसी को उन पर शक न हो। गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और अलग-अलग राज्यों के लोगों को निशाना बना रहा था।

पुलिस को अब तक इस गिरोह के खिलाफ चार राज्यों से 22 शिकायतें मिल चुकी हैं। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया है। डीसीपी पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम और सचेंडी थाना पुलिस ने




छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार साइबर अपराधियों से पूछताछ कर रही है और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साइबर अपराध के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर नागरिकों ने जिलाधिकारी से की शिकायत



**ललितपुर।** शहर में पेयजल आपूर्ति में आ रहे दूषित एवं बदबूदार पानी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नलों और पाइपलाइनों के माध्यम से गंदा एवं मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। शिकायत पत्र में बताया गया कि कई मोहल्लों में पानी अत्यधिक दूषित, मटमैला और बदबूदार आ रहा है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में टाइफाइड, पीलिया, डायरिया तथा पेट संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही घरेलू उपयोग में भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि मुख्य पेयजल पाइप लाइन में कहीं लीकेज या सीवर/नालियों का गंदा पानी मिल जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल आपूर्ति लाइनों की तत्काल जांच कराकर दोष दूर कराया जाए। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि जल शुद्धिकरण संयंत्रों में क्लोरीनेशन एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा जब तक पाइपलाइन पूरी तरह ठीक न हो जाए, तब तक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह समस्या जनस्वास्थ्य से जुड़ी हुई है, इसलिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और बीमारियों की आशंका समाप्त हो।

# संक्षिप्त खबरें

## बुजुर्ग को गिरफ्तार क्यों किया... लिखकर दें'; बॉम्बे HC ने सरकार पर ठोका जुर्माना

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने गिरफ्तारी को लेकर एक बड़ी अहम टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया है कि, वह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक 70 साल के याचिकाकर्ता की निजी आजादी के हनन के लिए उसे 25,000 रुपये का मुआवजा दे। दरअसल, एक बुजुर्ग याचिकाकर्ता, जो कि एक कारोबारी हैं, उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। यह मामला उनकी बहू ने दर्ज कराया था, जिसने उन पर अपनी गरिमा को ठेस पहुंचाने और अन्य अपराधों का आरोप लगाया था। उन्होंने दलील दी कि पुलिस ने अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया और पुलिस नोटिस का जवाब देने के बाद भी उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई करते हुए, नागपुर बेंच की जस्टिस उर्मिला जोशी फालके और जस्टिस निवेदिता मेहता ने पाया कि नोटिस में गिरफ्तारी की वजह का कहीं भी जिक्र नहीं था। कोर्ट ने यह भी पाया कि पुलिस ने गिरफ्तारी मेमोरेंडम भी नहीं दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए, कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी अपने आप नहीं हो जाती, बल्कि इसके लिए तय मानदंडों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। बेंच ने आगे कहा, पुलिस किसी भी आरोपी को तब तक हिरासत में नहीं ले सकती, जब तक उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में न बता दी जाए। इसके अलावा कानून लागू करने वाली एजेंसियों की भूमिका पर कड़ी टिप्पणियां करते हुए कहा, 'जब कोई पुलिस अधिकारी ही कानून का उल्लंघन करता है, तो ऐसे उल्लंघन के लिए सजा भी उसी अनुपात में कड़ी होनी चाहिए, ताकि यह एक प्रभावी रोक का काम कर सके। '

## राघव चड्ढा की तस्वीर और आवाज के दुरुपयोग पर रोक की याचिका खारिज, दिल्ली HC ने कहा- राजनीतिक व्यंग्य पर रोक नहीं



**दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सांसद राघव चड्ढा की आवाज और तस्वीर के दुरुपयोग को रोकने की मांग याचिका पर अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि राजनीतिक आलोचना, व्यंग्य और कार्टून पर केवल इसलिए रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि वे किसी नेता को अप्रिय लगते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि आलोचना और मानहानि के बीच बहुत पतली रेखा होती है व लोकतंत्र में व्यंग्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि प्रथम दृष्टया पर्सनैलिटी राइट्स के उल्लंघन का मामला नहीं बनता, क्योंकि जिन पोस्ट्स पर आपत्ति जताई गई है वे राजनीतिक फैसलों की आलोचना से संबंधित हैं। अदालत ने मशहूर कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण के राजनीतिक कार्टूनों का भी उल्लेख किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि चड्ढा को अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान होने का दावा है तो वे मानहानि का मुकदमा दायर कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता को मानहानि से जुड़ी मांग जोड़ने के लिए संशोधन की अनुमति दे दी। राघव चड्ढा ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी तस्वीर, पहचान और छवि के दुरुपयोग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि कुछ ऑनलाइन पोस्ट्स के जरिए यह गलत संदेश दिया जा रहा है कि उन्होंने धन लाभ के लिए पार्टी बदली है। चड्ढा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलील दी कि इंटरनेट मीडिया सामग्री उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। वहीं मेटा की ओर से कहा गया कि जिन पोस्ट्स का हवाला दिया गया है उनमें कई समाचार रिपोर्ट्स या सामान्य सामग्री हैं।

# 'मिट जाओगे', अमेरिका की धरती से पाकिस्तानी सांसद ने भारत के खिलाफ उगला जहर

● अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तानी सांसद राणा महमूद-उल-हसन ने भारत और जम्मू-कश्मीर पर भड़काऊ बयान दिए, जिसमें भारत को धमकी भी शामिल थी। इन बयानों पर सोशल मीडिया पर भारी विरोध हुआ और ऐसे नेताओं के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठी।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** अमेरिका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान के एक सांसद के भारत विरोधी बयान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के नेता और सीनेटर राणा महमूद-उल-हसन ने न्यूयॉर्क में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत और जम्मू-कश्मीर को लेकर कई भड़काऊ बयान दिए। अमेरिका की राजनीतिक टिप्पणीकार और पत्रकार एमी मेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्यक्रम को लेकर लंबी पोस्ट साझा की। उन्होंने इस कार्यक्रम को 'अमेरिकी धरती से भारत को दी गई सीधी धमकी' बताया। एमी मेक के मुताबिक, राणा महमूद-उल-हसन ने करीब एक घंटे के भाषण में भारत के खिलाफ तीखे बयान दिए और 2025 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई की तारीफ की।

### भारत को दी धमकी

अपने भाषण में राणा महमूद-उल-हसन ने कहा, 'ना समझोगे तो मिट जाओगे हिंदुस्तान वालों... तुम्हारी दास्तां तक न होगी दास्तानों में।' उन्होंने पाकिस्तानियों से भारत के खिलाफ आखिरी दम तक लड़ने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'जब कुछ न बन सका तो डुबो देंगे सफीना... हम लड़ेंगे आखिरी दम तक अपने मुल्क के दिफा के लिए। 'पाकिस्तानी सीनेटर ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीर का मसला हल नहीं होगा, तब तक पाकिस्तान हर मोर्चे पर लड़ाई जारी रखेगा।

### सोशल मीडिया पर भारी विरोध

राणा महमूद-उल-हसन के भाषण का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखने को मिली। एमी मेक ने मांग की कि ऐसे पाकिस्तानी नेताओं के भविष्य में अमेरिका आने पर रोक लगाई जाए, जो वहां जाकर नफरत फैलाते हैं। उन्होंने लिखा कि यह एक ऐसे देश के वरिष्ठ नेता का बयान है, जिस पर आतंकवाद फैलाने के आरोप लगते रहे हैं, और वह अमेरिका की धरती पर भारत जैसे लोकतांत्रिक सहयोगी देश के खिलाफ खुलेआम धमकी दे रहा है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस बयान की आलोचना की। कुछ यूजर्स ने पाकिस्तान से आने वाले लोगों की ज्यादा जांच की मांग की, जबकि कई लोगों ने इस भाषण को भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बताया।

## महिलाओं के लिए डीयू में बिना नियमित कॉलेज पीजी करने का सुनहरा अवसर

**दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉन-कॉलेजिएट वुमंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में दिल्ली की उन छात्राओं के लिए यह बड़ा अवसर है, जो नियमित कॉलेज जाए बिना डीयू से मास्टर डिग्री हासिल करना चाहती हैं। विश्वविद्यालय ने छात्राओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। एनसीडब्ल्यूईबी के तहत एमए और एमएससी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्राएं 7 जून 2026 रात 11:59 बजे तक डीयू के पीजी प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार केवल दिल्ली में रहने वाली छात्राएं ही इस बोर्ड के तहत आवेदन करने की पात्र होंगी। एनसीडब्ल्यूईबी के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, उर्दू, संस्कृत, पंजाबी, बंगाली, अरबी और फारसी सहित कई विषयों में एमए की सुविधा उपलब्ध है। वहीं गणित विषय में एमए और एमएससी दोनों पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। अधिकतर पाठ्यक्रमों में सामान्य वर्ग के लिए श्रेणी-1 और श्रेणी-2 के तहत 29-29 सीटें निर्धारित की गई हैं। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार सीटों का लाभ मिलेगा। प्रवेश सीयूईटी-पीजी 2026 के अंकों और सीएसएएस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। एससी, एसटी और दिव्यांग छात्राओं के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये, जबकि सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 250 रुपये तय किया गया है।

## 'मोटी' कहने पर भड़कीं सारा तेंदुलकर, सचिन की बेटी ने लगा दी पैपराजी की क्लास

● पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का नाम इस वक्त एक वायरल पोस्ट को लेकर चर्चा में बना हुआ है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर बी टाउन में भी काफी चर्चा में रहती हैं। अपने हॉट लुक्स को लेकर वह लाइमलाइट में छाई रहती हैं। लेकिन इस वक्त वजह कुछ और है, जिसके चलते सचिन की बेटी का नाम सुर्खियां बटोर रहा है। सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा सारा तेंदुलकर का वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें सारा की बॉडी शेमिंग की गई है। इसको लेकर अब उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है और उस पैपराजी को लताड़ लगाई है। सारा तेंदुलकर बेशक कोई बॉलीवुड एक्ट्रेस नहीं हैं। लेकिन अपनी बेबाक खूबसूरती के दम पर वह हिंदी सिनेमा की कई हसीनाओं पर भारी पड़ती हैं। इतना ही नहीं आए दिन सारा तेंदुलकर ने अलग-अलग जहग पर स्पॉट होती हैं, जिसकी वजह से पैपराजी के कैमरों में



उनकी झलक कैद होती रहती है। हाल ही में एक पैपराजी पेज ने सारा को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया है और उनका रील वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें लिखा है- मोटी वाली सारा है और बगल वाली भाभी। इस वीडियो के सामने आने के बाद सारा तेंदुलकर की बॉडी शेमिंग का मामला चर्चा में आ गया है। सारा ने इस मामले पर गुस्सा जाहिर करते हुए पैपराजी के पोस्ट को अपने इंस्टा स्टोरी में शेयर किया है और लिखा है तुम घिनौने हो, ये कोई पत्रकारिता नहीं, हमें अकेला छोड़ दो। तुम बेशक अपनी पोस्ट डिलीट कर सकते हो, लेकिन इससे तुम कम घिनौने नहीं हो जाओगे। इस तरह से सारा तेंदुलकर ने पैपराजी की जमकर क्लास लगाई है। ये पहला मौका नहीं है, जब सोशल मीडिया पर सारा को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा है, इससे पहले भी कई बार उनके साथ ये हुआ है, लेकिन अच्छी बात ये है कि वह अपने आलोचकों को मुहंतोड़ जवाब देना अच्छे से जानती हैं।

## शिलचर-आसाम विश्वविद्यालय मार्ग की हालत बदहाल





● छात्रों व स्थानीय लोगों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** वर्तमान सरकार सबका साथ सबका विकास के मध्य नजर हर क्षेत्र में कार्य कर रही है लेकिन असम के शिलचर से असम विश्वविद्यालय जाने वाली शिलकुड़ी क्षेत्र की सड़क की जर्जर हालत ने आम लोगों, छात्रों और शिक्षकों के लिए रोजमर्रा की आवाजाही को बेहद कठिन बना दिया है। शिलकुड़ी डाकघर से लेकर कैंप क्षेत्र तक सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है, जिससे गड्ढे और भी गहरे हो गए हैं। बारिश के चलते इनमें पानी भर जाने से स्थिति और खराब हो गई है। हर दिन हजारों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी और आम नागरिक इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उन्हें जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। ऑटो, बाइक और कार चालकों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं। बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव के कारण जाम की स्थिति भी आम हो गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है कि यह मार्ग असम विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान से जुड़ा है, जहाँ प्रतिदिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। ऐसे में सड़क की यह स्थिति प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। इस मुद्दे पर नागरिकों और छात्रों ने तत्काल मरम्मत कार्य की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी इस समस्या के समाधान के लिए हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

## एक्सीडेंट में घायल 8 साल के बच्चे को मुआवजे से इनकार

**दिल्ली।** सुंदर नगरी में सड़क हादसे में घायल आठ साल के बच्चे को मुआवजा देने से इनकार करते हुए कड़कड़डूमा अदालत ने कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल चार्जशीट के आधार पर जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती। अदालत ने साफ कहा कि दावों को साबित करने के लिए विश्वसनीय और ठोस साक्ष्य अनिवार्य हैं। ऐसा नहीं करने पर हर मामले में बिना जांच के मुआवजा देना पड़ेगा। दिल्ली मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूरल ने 2023 के एक सड़क हादसे से जुड़े मामले में यह फैसला सुनाया। पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे कि बच्चे को गंभीर चोटें लापरवाह और तेज रफ्तार ड्राइविंग के कारण लगी थीं। मामला सुंदर नगरी का है, जहां मार्च 2023 में आठ वर्षीय आतिफ अपने पिता के साथ सड़क पार कर रहा था। आरोप था कि एक मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारी। इस मामले में नंद नगरी थाने में केस दर्ज कर चार्जशीट भी दायर की गई थी। ट्रिब्यूनल को साक्ष्यों और गवाहियों में कई विरोधाभास मिले। अस्पताल के रिकॉर्ड में यह नहीं पाया गया कि बच्चे के पिता उसे अस्पताल लेकर गए थे। अदालत ने कहा कि यदि केवल चार्जशीट के आधार पर मुआवजा दिया जाए, तो न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा।

## इबोला के बढ़ते खतरे के बीच टला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन, दिल्ली में होना था कार्यक्रम

● इबोला वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण भारत और अफ्रीकी संघ के बीच 28 मई 2026 को नई दिल्ली में होने वाला शिखर सम्मेलन रद्द कर दिया गया है।







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस से बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भारत और अफ्रीकी संघ के बीच होने वाले शिखर सम्मेलन को रद कर दिया गया। यह आयोजन 28 मई 2026 को नई दिल्ली में होना था। केंद्र सरकार ने गुरुवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार, अफ्रीका के कई हिस्सों में घातक इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। हाल ही में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC) के साउथ किवु प्रांत में नए मामले दर्ज किए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को बाद की तारीख पर करने का निर्णय लिया। नई तिथियां आपसी विचार-विमर्श के बाद तय की जाएंगी।

### भारत-अफ्रीकी शिखर सम्मेलन टला

भारत और अफ्रीकी संघ की अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच हुई चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफ्रीका में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करने, अफ्रीका ष्ष्ठष्ट और संबंधित राष्ट्रीय संस्थानों को समर्थन देने पर सहयोग जारी रखने का महत्व दोहराया।

### भारत में इबोला का एक भी मामला नहीं

भारत में अभी तक इबोला का कोई मामला रिपोर्ट नहीं हुआ है। फिर भी केंद्र सरकार ने पूरे देश में निगरानी और तैयारियों को बढ़ा दिया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हवाई अड्डों पर प्री-अराइवल और पोस्ट-अराइवल स्क्रीनिंग, क्वारंटाइन प्रोटोकॉल, केस मैनेजमेंट, रेफरल मैकेनिज्म और लैब टेस्टिंग के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (SOPs) सुनिश्चित करें।

### इबोला वायरस कितना खतरनाक?

इबोला वायरस की कई स्ट्रेन हैं। वर्तमान प्रकोप बुंडीबुग्यो वैरिएंट से जुड़ा है, जो जायर वैरिएंट जितना घातक नहीं है, लेकिन फिर भी सतर्कता बरतना जरूरी है। 2014-2016 के पश्चिम अफ्रीका महामारी की याद अभी भी ताजा है।यह स्थगन स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देने का उदाहरण है। भारत और अफ्रीका के बीच मजबूत साझेदारी भविष्य में और गहरी होगी। सम्मेलन की नई तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## रोहित शर्मा का World Cup 2027 से कटेगा पत्ता! हिटमैन के रवैये से नाराज है टीम मैनेजमेंट

● रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। रोहित का वर्ल्ड कप 2027 में खेलना बहुत ही मुश्किल दिखाई दे रहा है। उनसे टीम मैनेजमेंट भी नाराज है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** भारत के दिग्गज सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर बड़ी समस्या सामने आ रही है। उनकी फिटनेस की वजह से वर्ल्ड कप 2027 में खेलना भी सवालों के घेरे में है। रोहित आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में चोटिल हुए थे और कुछ मुकाबले में नहीं खेल सके थे। इसके बाद वे इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे हैं, जिससे उनकी फिटनेस को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। रोहित को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में जगह मिली है। उन्हें भारतीय टीम में चुना गया है लेकिन उनका खेलना पक्का नहीं है क्योंकि उन्हें पहले फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। उनके लगातार चोटिल होने की वजह से वर्ल्ड कप 2027 में खेलने को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) भी शर्मा की फिटनेस को लेकर चिंतित है।

### रोहित शर्मा की फिटने से BCCI चिंतित

टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, रोहित उन तीन हफ्तों के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलें में नहीं आए। उनका शरीर पहले से पतला हुआ है लेकिन इस बात को लेकर चिंता है कि क्या वे 50 ओवर तक फील्डिंग कर सकते हैं। उन्हें 50 ओवर फील्डिंग करनी होगी क्योंकि आईपीएल की तरह यहां पर इम्पैक्ट प्लेयर का नियम नहीं होता है। जब आप 40 के करीब होते हैं, तो शरीर ठीक होने में समय लगता है।

### यशस्वी जायसवाल हो सकते हैं बैकअप ओपनर

रोहित अगर पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं, तो यशस्वी जायसवाल को मौका मिल सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में ईशान किशन को इस वजह से



चुना गया है ताकि वे सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकें। हालांकि, अगर रोहित के विश्व कप में खेलने पर संशय हुआ, तो जायसवाल उनकी जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उन्हें बैकअप ओपनर के तौर पर चयनकर्ताओं ने तैयार करना शुरू भी कर दिया है।

### रोहित से खुश नहीं टीम मैनेजमेंट

रिपोर्ट में बताया गया है कि रोहित से टीम मैनेजमेंट खुश नहीं है। रोहित ने 2023 विश्व कप में आक्रामक अंदाज में शुरुआत की थी। वे पहली ही गेंद पर अटैक करने को देखते हैं। हालांकि, टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने, जब ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बैटिंग की, तो उनकी बल्लेबाजी में वो आक्रामक रुख नहीं दिखा। उनके आक्रामक शैली नहीं अपनाने की वजह से मैनेजमेंट नाराज है।

## बराक घाटी में बिजली दुर्घटना पीड़ितों के लिए समान मुआवज़े की मांग

● मुन्नी छेत्री ने मनोतोष दास के परिवार को 20 लाख रुपये सहायता देने की सरकार से गुहार लगायी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** बराक घाटी में बिजली दुर्घटना पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता देने में कथित भेदभाव को लेकर समाज सेविका मुन्नी छेत्री ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सभी पीड़ित परिवारों को समान रूप से सहायता प्रदान की जाए। मुन्नी छेत्री ने कहा कि यदि अल्गापुर काठलिछड़ा निवासी राजिबुल हक़ को परिवार को 20 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया गया है, तो उत्तर करीमगंज विधानसभा के निवासी मनोतोष दास के परिवार को भी समान रूप से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी सहायता में किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। मनोतोष दास का परिवार बेहद असहाय स्थिति में है और उन्हें न्यायपूर्ण सहायता मिलना जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने की अपील की। मुन्नी छेत्री ने यह भी कहा कि मानवीय आधार पर सरकार को बिजली दुर्घटना के सभी पीड़ित परिवारों के लिए एक समान मुआवज़ा नीति लागू करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असमानता की शिकायत न उठे। स्थानीय लोगों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए सरकार से जल्द सकारात्मक कदम उठाने की अपील की है।

## दिल्ली के मंडावली में महिला की संदिग्ध हालत में मौत, एक साल पहले हुई थी शादी

**दिल्ली।** मंडावली इलाके में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान गीता ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिछले साल ही महिला की शादी हुई थी। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 9:50 बजे पुलिस को एक पीसीआर काल मिली थी की एक महिला ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके के निरीक्षण के दौरान क्राइम टीम ने महिला के शव पर गले में फंदे के निशान पाए। घटनास्थल से एक दुपट्टा बरामद किया गया है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल भेज दिया। महिला के पति राकेश कुमार से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## बांद्रा में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर भारी पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय के कड़े रुख के बाद बांद्रा रेलवे स्टेशन के समीप बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा शुरू की गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दूसरे दिन बुधवार को दोपहर तीन बजे के बाद अचानक माहौल बिगड़ गया। बस्ती के कुछ स्थानीय युवकों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस और नगर निगम के दस्ते पर अचानक पथराव शुरू कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें थीं। इस मामले में मुंबई उच्च न्यायालय ने बीएमसी को तत्काल प्रभाव से अवैध निर्माणों को ढहाने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बीएमसी की टीम मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। पहले दिन की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थी, लेकिन बुधवार दोपहर को जैसे ही बुलडोजर आगे बढ़े, स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे के बाद अचानक भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने पुलिस को निशाना बनाकर पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते पथराव इतना तेज हो गया कि पुलिस और बीएमसी कर्मचारियों को खुद को बचाने के लिए पीछे हटना पड़ा। उपद्रवियों ने सरकारी वाहनों को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बांद्रा स्टेशन के



बाहर यात्रियों में डर का माहौल पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस बल और दंगा नियंत्रण पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को खदेड़ा। फिलहाल पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

## दिल्ली में बिजली की मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से तापमान बढ़ने के साथ ही लू की स्थिति बनी हुई है। इससे बिजली की खपत बढ़ गई है। मई माह में ही मांग आठ हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच गई है। पिछले वर्षों की तुलना मेंइस बार मांग अधिक है। अधिकतम मांग के साथ ही न्यूनतम मांग में भी वृद्धि देखी जा रही है। इससे पहले मई में बिजली की मांग आठ हजार मेगावाट से अधिक वर्ष 2024 में पहुंची थी। उस वर्ष भी 29, 30 व 31 मई को मांग आठ हजार मेगावाट से अधिक पहुंची थी। इस बार 20 मई को ही मांग आठ हजार से ऊपर दर्ज की गई है। वहीं, न्यूनतम मांग भी पांच हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच गई है। मई के शुरू में न्यूनतम मांग चार हजार मेगावाट के आसपास रहती थी। पिछले सप्ताह यह लगभग 45 सौ मेगावाट के आसपास थी। बुधवार को यह 5174 मेगावाट दर्ज हुई थी। बृहस्पतिवार को यह बढ़कर 5211 मेगावाट पहुंच गई।

## नीट पेपर लीक- CBI हिरासत में स्टूडेंट का पिता; बेटे के लिए लीक प्रश्नपत्र हासिल करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पुणे-** देशभर में सनसनी मचा देने वाले पुणे 7 देशभर में सनसनी मचा देने वाले NEET परीक्षा पेपर लीक मामले में अब चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। पहले पेपर लीक करने और बेचने वाले रैकेट से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब सीधे एक छात्र के पिता को ही CBI ने हिरासत में लिया है। लातूर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शिरुरे को पुणे से देर रात CBI द्वारा हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आने से चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। CBI की प्रारंभिक जांच के अनुसार, NEET-UG 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में एक बड़ा रैकेट सक्रिय था। जांच में सामने आया है कि इस रैकेट के तार पुणे, लातूर और राजस्थान तक जुड़े हुए थे। परीक्षा पेपर लीक मामले में अब चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। पहले पेपर लीक करने और बेचने वाले रैकेट से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब सीधे एक छात्र के पिता को ही CBI ने हिरासत में लिया है। लातूर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शिरुरे को पुणे से देर रात CBI द्वारा हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आने से चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। CBI की प्रारंभिक जांच के अनुसार, NEET-UG 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में एक बड़ा रैकेट सक्रिय था। जांच में सामने आया है कि इस रैकेट के तार पुणे, लातूर और राजस्थान तक जुड़े हुए थे। करीब 150 सवाल उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख रुपये का सौदा होने की जानकारी जांच एजेंसियों को मिली है। इस पूरे मामले में कुछ कोचिंग क्लासेस, बिचौलियों और परीक्षा से जुड़े लोगों की भूमिका होने का शक जताया जा रहा है। जांच के दौरान CBI ने पहले पुणे के एक केमिस्ट्री प्रोफेसर को इस रैकेट का 'किंगपिन' बताते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद लातूर की RCC कोचिंग संस्था से जुड़े आरोपियों पर भी कार्रवाई की गई। इसी जांच के दौरान डॉ. मनोज शिरुरे का नाम सामने आने की बात कही जा रही है। आरोप है कि अपने बेटे को परीक्षा में फायदा दिलाने के लिए उन्होंने लीक प्रश्नपत्र हासिल किए थे। CBI की टीम ने पुणे में डॉ. शिरुरे से कई घंटों तक पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इस मामले में आर्थिक लेन-देन, फोन कॉल रिकॉर्ड, डिजिटल चैट्स और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुई बातचीत की भी जांच की जा रही है। केंद्र सरकार ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। इस बीच, NEET पेपर लीक मामले को लेकर देशभर के लाखों छात्रों में भ्रम और नाराजगी का माहौल है। परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं और जांच एजेंसियों का मानना है कि इस रैकेट में कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।